


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 239 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.6 2081 गुरुवार, 21 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## 'मुठभेड़ में हुई नक्सली विक्रम गौड़ा की मौत'

बंगलूरू, 20 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के उडुपी में मुठभेड़ में नक्सली विक्रम गौड़ा की मौत के मामले में हत्या की जांच की मांग को सरकार ने खारिज कर दिया है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि विक्रम गौड़ा को नक्सल विरोधी बल (एएनएफ) ने मुठभेड़ में मार गिराया था। अगर एएनएफ ने उसे गोली नहीं मारी होती, तो वह उन सभी पर गोली चलाता। गौड़ा के पास घातक हथियार था। इसलिए उसे पहली नजर में गोली मारी गई थी। इसलिए उसकी मौत को लेकर कोई संदेह करने की जरूरत नहीं है। इस मामले में हत्या की जांच कराने जैसा कुछ नहीं है। गृह मंत्री परमेश्वर ने कहा कि गौड़ा के खिलाफ हत्या के आरोपों सहित 60 से अधिक मामले दर्ज हैं।

# महाराष्ट्र के 6 एग्जिट पोल में एनडीए की सरकार

एग्जिट पोल 2024

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

सीटें 288 | बहुमत 145

| सर्वे एजेंसी | महायुति | महाविकास अघाड़ी | अन्य |
|---|---|---|---|
| न्यूज 18-मैट्रिज | 150-170 | 110-130 | 8-10 |
| P-MARQ | 137-157 | 126-146 | 2-8 |
| चाणक्य स्ट्रैटजीज | 152-160 | 130-138 | 6-8 |
| पीपुल्स पल्स | 175-195 | 85-112 | 7-12 |
| इलेक्टोरल एज | 118 | 150 | 20 |
| पोल डायरी | 122-186 | 69-121 | 12-29 |
| रिपब्लिक | 137-157 | 126-146 | 2-8 |
| पोल ऑफ पोल्स | 153 | 124 | 11 |

## झारखंड में 4 पोल ने भाजपा सरकार का अनुमान जताया

मुंबई/रांची, 20 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में 7 एग्जिट पोल आए हैं। इनमें से 6 में भाजपा गठबंधन की सरकार बनने का अनुमान जताया गया है, जबकि एक में कांग्रेस गठबंधन की सरकार का अनुमान है। झारखंड के लिए अब तक 4 एग्जिट पोल आए हैं। तीन में भाजपा गठबंधन को बहुमत मिलने के आसार जताए गए हैं। बता दें कि महाराष्ट्र की 288 सीटों पर बुधवार को शाम 5 बजे तक 58.22% मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग गढ़चिरौली में 69.63% और सबसे कम वोट मुंबई सिटी में 49.07% डाले गए। नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। बीड विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी बाला साहब शिंदे की मतदान केंद्र पर ही हार्टअटैक से मौत हो गई। धुले के एक पोलिंग बूथ पर भाजपा और वंचित बहुजन अघाड़ी के कार्यकर्ताओं में मारपीट हुई। उधर, कांग्रेस नेता श्रीनिवास बीवी ने शिरडी में फर्जी मतदान होने का आरोप लगाया। उन्होंने वीडियो शेयर करते हुए दावा किया कि धुले की रहने वाली लड़की ने शिरडी में वोट डाला।

### युगेंद्र पवार की मां का आरोप

महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती शहर में मतदान केंद्र के बाहर उस समय तनाव का माहौल बन गया जब, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के उम्मीदवार युगेंद्र पवार की मां ने उनके प्रतिद्वंद्वी राकांपा कार्यकर्ताओं पर धमकाने और चुनाव में धांधली करने के आरोप लगाए। युगेंद्र पवार पार्टी के मुखिया शरद पवार के पोते हैं और अपने चाचा और राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ बारामती सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। बारामती पारंपरिक रूप से पवार परिवार का गढ़ रहा है। युगेंद्र की मां शर्मिला पवार ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के एक कार्यकर्ता को अजित पवार गुट की राकांपा के कार्यकर्ताओं ने धमकाया और जान से मारने की धमकी दी।

# 'आरोप लगाने वाला जेल में, यह दिखाता है भाजपा कितनी गिर गई'

> सुप्रिया मामले में शरद पवार का बयान



मुंबई, 20 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद च्रदं पवार) के प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के लोगों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र का भविष्य तय करेंगे। इसके अलावा उन्होंने नाना पटोले और सुप्रिया सुले के कथित 'वॉयस नोट' के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने के आरोपों के बाद पार्टी की ओर से मंगलवार को नाना पटोले और सुप्रिया सुले पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। शरद पवार ने यह भी कहा कि उनकी बेटी और लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले तथा कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले के खिलाफ भाजपा के आरोप ध्यान देने लायक नहीं हैं। आरोप लगाने वाला व्यक्ति जेल में है। यह दिखाता है कि भाजपा कितनी गिर गई है। पुणे जिले के बारामती शहर में वोट डालने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान शरद पवार ने कहा कि सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह महाराष्ट्र का भविष्य तय करेगा। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि वे घरों से बाहर निकलें और मतदान करें। यह अच्छी बात नहीं है कि महाराष्ट्र में मतदान प्रतिशत पूर्वोत्तर के छोटे राज्यों से कम है। चुनाव परिणामों को लेकर अपने आकलन के बारे में पूछे गए सवाल पर शरद पवार ने कहा कि एमवीए को बहुमत मिलना चाहिए।

## झारखंड में बीजेपी+को 37-40 जेएमएम+ को 36-39 सीटें

### पांकी-कोडरमा से लड़े निर्दलीय बन सकते हैं किंगमेकर

रांची, 20 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड में किसी एक पार्टी या गठबंधन को बहुमत के लिए जरूरी 41 सीटें मिलती नहीं दिख रही हैं। सबसे ज्यादा सीटें बीजेपी गठबंधन को मिल सकती हैं। दूसरे नंबर पर जेएमएम के नेतृत्व वाला इंडिया ब्लॉक रह सकता है।

सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को होता दिख रहा है, जो ब्लॉक को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा सकता है। इस बार झारखंड की लोकल पार्टियां और निर्दलीय कैंडिडेट भी सरकार बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। पांकी सीट से निर्दलीय कैंडिडेट देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह और कोडरमा सीट से निर्दलीय कैंडिडेट शालिनी गुप्ता मजबूत स्थिति में हैं। झारखंड में भले किसी अलायंस को बहुमत मिलता नहीं दिखा रहा है, लेकिन बीजेपी की अगुआई में एनडीए सरकार बनाने के करीब है। एनडीए 37-40 सीटों पर मजबूत है। अगर ये अलायंस 40 सीटें भी जीतता है तो बहुमत के लिए एक सीट की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में एनडीए किसी निर्दलीय विधायक या छोटी पार्टियों की मदद ले सकता है।

भास्कर इनपुट के अनुसार

## महाराष्ट्र में बीजेपी को 80-90 सीटें, कांग्रेस को 58-60

### महाविकास अघाड़ी को बहुमत के आसार

मुंबई, 20 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में बीजेपी को सबसे ज्यादा 80-90 सीटें मिल सकती हैं। 2019 में उसे 105 सीटें मिली थीं। 58-60 सीटों के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर रह सकती है। पिछले चुनाव में उसकी 44 सीटें थीं। चुनाव में शरद पवार का मैजिक चलता दिख रहा है। 87 कैंडिडेट उतारने वाली उनकी पार्टी एनसीपी 50-55 सीटें जीत सकती है। शिवसेना (शिंदे गुट) और शिवसेना (उद्धव गुट) 30-35 सीटें जीतकर बराबरी पर रह सकती हैं। महायुति के लिए कमजोर कड़ी अजित पवार की पार्टी बन रही है। उसके सिर्फ 15-20 सीटों पर जीतने की संभावना है। छोटी पार्टियां और निर्दलीय को 20 से 25 सीटें मिल सकती हैं। ऐसे में ये किंगमेकर बन सकते हैं। राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के 2-4 कैंडिडेट जीत सकते हैं। समाजवादी पार्टी को भी एक सीट मिल सकती है। कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (उद्धव) का गठबंधन महाविकास अघाड़ी, महायुति से 10 सीटें ज्यादा हासिल कर सकता है।

# मणिपुर सीएम बोले-ताजा हिंसा के लिए चिदंबरम जिम्मेदार

> केंद्रीय गृह मंत्री रहते उन्होंने म्यांमार के उग्रवादी गुटों से समझौता किया था



इंफाल, 20 नवंबर (एजेंसियां)। मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने चिदंबरम पर आरोप लगाते हुए कहा- ताजा हिंसा चिदंबरम की नीतियों के कारण हो रही है। मणिपुर में फिर से हिंसा का दौर शुरू होने के बाद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में फिर से हिंसा पी चिदंबरम की नीतियों के कारण शुरू हुई है। बीरेन सिंह ने चिदंबरम की एक पुरानी तस्वीर दिखाते हुए कहा-मणिपुर में ताजा हिंसा म्यांमार से आए अवैध अप्रवासियों के कारण हो रही है। ये ड्रग्स के व्यापार के लिए मणिपुर आए और अब पूरे नॉर्थ-ईस्ट को कंट्रोल करने की कोशिश कर रहे हैं। जब चिदंबरम यूपीए सरकार में केन्द्रीय गृह मंत्री थे, तब उन्होंने 12 से ज्यादा कुकी उग्रवादी ग्रुप और केंद्र-राज्य सरकार के बीच एक समझौता किया था। तब मणिपुर में कांग्रेस के ओ इबोबी मुख्यमंत्री थे।

## पी. चिदंबरम को बड़ी राहत

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज एयरसेल-मैक्सिस मामले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर बुधवार को रोक लगा दी। उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भी नोटिस जारी किया और चिदंबरम की याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें धन शोधन मामले में एजेंसी द्वारा उनके और उनके बेटे कार्ति के खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने कहा, 'नोटिस जारी किया गया है। अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्यवाही स्थगित रहेगी। मामले की सुनवाई 22 जनवरी को होगी।' उन्होंने कहा कि वह बाद में विस्तृत आदेश पारित करेंगे।



## देरी के बारे में यात्रियों को पहले दें जानकारी

### विमानन मंत्री नायडू का उड़ानों को निर्देश

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। इन दिनों विमानों की उड़ान में देरी या फिर कैंसिलेशन के चलते सैकड़ों यात्रियों को कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। इसी सिलसिले में अब नागरिक उड्डयन मंत्रालय एक्शन में आता हुआ नजर आ रहा है। जहां विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने बुधवार को कोहरे से संबंधित तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की। जिसमें उन्होंने एयरलाइनों से कहा कि वे यात्रियों को उड़ानों में देरी के बारे में जल्दी सूचित करें और यह सुनिश्चित करें कि चेक-इन काउंटर पर पर्याप्त कर्मचारी हों ताकि यात्रा में किसी तरह का व्यवधान न हो। बता दें कि इस बैठक में नागरिक उड्डयन सचिव वुमलुनमंग वुलनाम, मंत्रालय के अधिकारी, डीजीसीए (नागरिक उड्डयन महानिदेशालय), बीसीएएस (नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो), भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), दिल्ली हवाई अड्डे के संचालक डायल और एयरलाइनों के प्रतिनिधि शामिल हुए थे।

# रक्षा मंत्री ने चीनी समकक्ष से की मुलाकात

### रक्षा सहयोग के मुद्दे पर हुई बातचीत



नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को लाओस के वियनतियाने में अपने चीनी समकक्ष डोंग जून से द्विपक्षीय वार्ता की। इस मुलाकात के बारे में रक्षा मंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी है। इस बार एडीएमएम-प्लस के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में लाओस इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। जहां यह बैठक लाओस की राजधानी में 10 देशों के आसियान समूह और उसके कुछ वार्ता साझेदारों के सम्मेलन से हुई। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून ने लाओस में 11वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम प्लस) के दौरान द्विपक्षीय बैठक के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत किया। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब भारत और चीन ने हाल ही में पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से चल रहे तनाव को कम करते हुए डेमचोक और देपसांग के टकराव बिंदुओं से सैनिकों को पीछे हटाने का समझौता किया है। दोनों देशों ने इन विवादित क्षेत्रों में लगभग साढ़े चार साल बाद फिर से गश्ती शुरू कर दी है। यह बातचीत ऐसे समय पर हो रही है, जब दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की उम्मीदें जग रही हैं।

## सबूत बदलने के मामले में एंटनी राजू के खिलाफ फिर चलेगा मुकदमा

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केरल के पूर्व मंत्री एंटनी राजू के खिलाफ एक पुराने मामले में निचली अदालत में फिर से कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया। यह मामला 1990 में नशीले पदार्थों की बरामदी से जुड़ा है। आरोप है कि राजू ने सबूतों के साथ छेड़छाड़ की थी। जस्टिसस सी.टी.रविकुमार और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट का यह फैसला कानूनी रूप से सही था कि राजू के खिलाफ निचली अदालत में फिर से कार्यवाही की जाए।

शीर्ष कोर्ट ने निचली अदालत को निर्देश दिया कि वह इस मामले की सुनवाई एक साल के भीतर पूरी करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि राजू को 20 दिसंबर या फिर उसके बाद किसी भी तारीख को निचली अदालत में हाजिर होना होगा। केरल हाईकोर्ट ने 10 मार्च 2023 को तकनीकी कारणों से इस मामले में कार्यवाही को रद्द कर दिया था। राजू जनादिपथ्य केरल कांग्रेस (वाम लोकतांत्रिक मोर्चा का सहयोगी दल) के सदस्य हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने 1990 में नशीली दवाओं की बरामदगी के मामले में सबूतों के साथ छेड़छाड़ की थी।

# 'क्या केंद्रीय बजट में दिखाई देगी जी-20 की आम सहमति?'

### कांग्रेस नेता ने वित्त मंत्री से पूछा सवाल



नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बुधवार को सवाल उठाया कि क्या भारत में जी20 की घोषणापत्र में नेताओं द्वारा की गई सहमति के अनुसार अल्ट्रा-हाई नेटवर्थ (यूएचएनआई) व्यक्तियों पर प्रभावी रूप से कर लगाया जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मंगलवार को अपनाए गए जी20 रियो डी जेनेरियो नेताओं के घोषणापत्र के पैरा 20 में लिखा था कि हम अल्ट्रा-हाई नेटवर्थ व्यक्तियों पर प्रभावी रूप से कर लगाने के लिए सहयोगात्मक रूप से काम करेंगे।

**निर्मला सीतारमण से पूछे सवाल**

इसके साथ ही कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले केंद्रीय बजट 2025-26 को 75 दिनों से भी कम समय में संसद में पेश करेंगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए पूछा कि क्या यह सहमति बजट में दिखाई देगी? उन्होंने कहा कि हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 334 अरबपति हैं, जिनमें से प्रत्येक की कुल संपत्ति एक बिलियन डॉलर से ज्यादा है और यह संख्या बढ़ रही है। बता दें कि कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार पर आरोप लगाती रही है कि यह अमीरों के लिए काम कर रही है और इसके शासन में अमीर और अमीर होते जा रहे हैं। हालांकि, भाजपा इन आरोपों को नकारते हुए कहती है कि उसकी सरकार गरीबों के उत्थान के लिए काम कर रही है।

## भारत जोड़ो संविधान अभियान : कांग्रेस शुरू करेगी कैंपेन, दो महीने चलेगा

चंडीगढ़, 20 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस देशभर में 'भारत जोड़ो संविधान अभियान' शुरू कर रही है। इस अभियान की शुरुआत 26 नवंबर को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से होगी। यह घोषणा कांग्रेस के ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा कांग्रेस नेता अजय सिंह यादव ने बुधवार को चंडीगढ़ में की। अजय यादव ने कहा कि कांग्रेस का यह अभियान लगातार दो महीने चलेगा। 26 नवंबर से शुरू होने वाला भारत जोड़ो संविधान अभियान 26 जनवरी तक चलेगा।

यादव ने कहा कि इस अभियान में कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे। यादव ने कहा कि इस अभियान के जरिये कांग्रेस देश में सामाजिक न्याय, समानता और जाति जनगणना की मांग को प्रमुखता से उठाएगी। कैप्टन अजय यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार जाति जनगणना नहीं कराकर सभी वर्गों को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है।



# मणिपुर के सीएम बोले

## छह लोगों की हत्या के दोषी जल्द होंगे कठघरे में



इंफाल, 20 नवंबर (एजेंसियां)। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने पिछले सप्ताह संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा छह लोगों की हत्या किये जाने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार तब तक शांत नहीं बैठेगी जब तक दोषियों को न्याय के कठघरे में खड़ा नहीं कर दिया जाता। उन्होंने कहा कि तीन महिलाओं और तीन बच्चों के हत्यारों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है। इन छह लोगों के शव पिछले हफ्ते जिरीबाम जिले में एक नदी से बरामद किए गए थे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महिलाओं और बच्चों की हत्या मानवता के खिलाफ अपराध है। सिंह ने बुधवार रात 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में कहा, ''आज मैं जिरीबाम में कुकी आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए जाने के बाद तीन निर्दोष बच्चों और तीन निर्दोष महिलाओं की निर्मम हत्या किये जाने की घटना की निंदा करने के लिए बहुत दुख और गुस्से के साथ यहां खड़ा हूं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''इस तरह के बर्बर कृत्यों का किसी भी सभ्य समाज में कोई स्थान नहीं है। मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि इन आतंकवादियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द ही न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। जब तक उन्हें उनके अमानवीय कृत्य के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जाएगा, हम चैन से नहीं बैठेंगे।'' उग्रवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी में 10 विद्रोहियों की मौत के बाद जिरीबाम में विस्थापितों के एक शिविर से 11 नवंबर से छह लोग लापता थे। सिंह ने जिरीबाम में त्वरित कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को धन्यवाद दिया और कहा कि कर्तव्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने जिरीबाम के बोरोबेक्रा स्थित राहत शिविरों में रहने वाले सैकड़ों लोगों की जान बचाई। लगभग 40 से 50 सशस्त्र आतंकवादियों ने बोरोबेक्रा में एक राहत शिविर में रहने वाले आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों पर हमला किया और जिरीबाम में एक पुलिस थाने को निशाना बनाया था और उनका उद्देश्य भय पैदा करना और तबाही मचाना था। सिंह ने 'माइक्रोब्लॉगिंग साइट' पर कहा, ''वहां तैनात सीआरपीएफ कर्मियों की समय पर की गई कार्रवाई के कारण हमले को विफल कर दिया गया और मौके पर ही 10 आतंकवादियों को मार गिराया गया। इससे राहत शिविरों में रहने वाले सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान बच गई। मैं उल्लेखनीय करियर और कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सीआरपीएफ और राज्य बल के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि सीआरपीएफ कर्मियों की कार्रवाई ने निर्दोष लोगों के जीवन की रक्षा करने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के उनके दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित किया।

### किसान के सामने कुत्ते के पिल्ले को उठा ले गया तेंदुआ, दहशत में ग्रामीण

दमोह, 20 नवंबर (एजेंसियां)। जिले के तेंदूखेड़ा के जंगल में आए दिन तेंदुआ लोगों के सामने आ जाता है। इस बार तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र की सैलवाड़ा सर्किल से मामला सामने आया है। यहां एक तेंदुआ किसान के सामने एक पिल्ले को मुंह में दबाकर ले गया। किसान के होश उड़ गए। तत्काल घटना की जानकारी वन विभाग को दी गई। एक महीने से तेंदुआ यहां घूम रहा है, जिसे वनकर्मी लकड़बग्घा बता रहे थे।बता दें कि मंगलवार की शाम तेंदुआ सैलवाड़ा से दो किलोमीटर दूर एक खेत में पहुंचा। उस समय खेत में किसान भरत यादव और दो छोटे छोटे कुतिया के पिल्ले थे। तेंदुआ पहुंचा और उसने चुपके से एक पिल्ला मुंह में दबाकर भाग गया। उसी दौरान किसान का लड़का बीच में आ गया, उसको भागते हुए तेंदुए का धक्का लगा और वह गिर गया। बाद में उसने घटना की सूचना अपने परिचित लोगों को दी।

## एयर इंडिया के विमान में महिला यात्री का यौन उत्पीड़न पुलिस ने आरोपी सहयात्री को किया गिरफ्तार



पणजी, 20 नवंबर (एजेंसियां)। एयर इंडिया के दिल्ली से गोवा जा रहे विमान में महिला यात्री के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। दिल्ली निवासी एक महिला यात्री ने शिकायत दर्ज कराई है कि विमान में पुरुष यात्री ने उसका यौन उत्पीड़न किया। महिला यात्री की शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायत के मुताबिक दिल्ली के जनकपुरी निवासी एक महिला मंगलवार को एयर इंडिया की दिल्ली से गोवा फ्लाइट में यात्रा कर रही थी। मंगलवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1:20 बजे के बीच विमान में उसके पास वाली सीट पर बैठे यात्री ने कंबल खींच लिया और कथित तौर पर गलत हरकतें करने लगा। आरोपी जानबूझकर पीड़िता के बगल में कंबल खुला रखा। विमान जब दक्षिण गोवा के डाबोलिम स्थित गोवा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा तो महिला ने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस से शिकायत की। इसके बाद डाबोलिम हवाई अड्डा पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान पानीपत हरियाणा निवासी जितेंदर जंगियन के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 (यौन उत्पीड़न) और 79 (मौखिक अपमान, अनुचित इशारे और गोपनीयता पर आक्रमण सहित किसी महिला की विनम्रता को अपमानित करने का इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सूरत की इमारत में गैस सिलेंडर में लगी आग 7 लोग झुलसे, अस्पताल में कराए गए भर्ती

सूरत, 20 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत में एक दर्दनाक हादसा देखने को मिला है। यहां बुधवार की सुबह एक इमारत में गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद 7 लोग झुलस गए। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि घटना कतारगाम इलाके में स्थित कृष्णा कॉम्प्लेक्स इमारत की दूसरी मंजिल पर सुबह करीब 6 बजे हुई है। उन्होंने बताया कि इमारत के एक छोटे से कमरे में मौजूद 18 से 27 वर्ष की आयु के सात लोग झुल गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि इसकी सूचना उन्हें सुबह 6.18 बजे मिली थी। घटना की सूचना मिलने के बाद आग पर काबू पाने के लिए तीन दमकल केंद्रों से 6 गाड़ियों को मौके पर भेज दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया और आग बुझाने का कार्य एक घंटे में पूरा कर लिया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने घटनास्थल से तीन गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। इस मामले की आगे की कार्रवाई का जी रही है।

बता दें कि बीते दिनों गुजरात में एक और ऐसा ही मामला देखने को मिला था, जहां चलती ट्रेन में आग लग गई थी। जानकारी के मुताबिक गुजरात के भरूच और अंकलेश्वर के बीच चलती ट्रेन में यह आग लगने की घटना देखने को मिली थी। इस दौरान मुंबई-अमृतसर एक्सप्रेस में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी। यह आग भरूच जिले के सिल्वर ब्रिज के पास लगी थी। ट्रेन में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से अचानक आग लग गई। इसके बाद ट्रेन से धुआं निकलता देख यात्री घबरा गए और ट्रेन से उतरकर नीचे आ गए। इस दौरान ट्रेन को 45 मिनट तक रोकना पड़ा। सूचना पाकर मौके पर फायर ब्रिगेड के साथ-साथ पुलिस भी मौजूद रही। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## बंगाल में क्षेत्रीय असंतुलन के कारण सरकार और लोगों के बीच दूरी बढ़ी: राज्यपाल बोस



कोलकाता, 20 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने से कुछ दिन पहले जमीनी स्तर के अपने अनुभवों का हवाला देते हुए राज्य के उत्तरी और दक्षिणी जिलों के बीच ''क्षेत्रीय असंतुलन'' को उजागर किया और दावा किया कि उत्तरी क्षेत्र में समृद्धि की कमी के कारण राज्य सरकार और वहां के लोगों के बीच ''दूरी आई'' है। इस बातचीत के दौरान उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के काम का मूल्यांकन करने से परहेज किया लेकिन यह स्पष्ट किया कि वह एक नेता के बजाए मुख्यमंत्री के तौर पर उनके प्रदर्शन को लेकर 'अधिक चिंतित' हैं। बोस ने अब तक के अपने कार्यकाल पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा ,'' इन दो वर्षों ने मुझे कई सकारात्मक बातें सिखाई हैं। यह एक बहुत ही परिष्कृत राज्य है जहां कला और संस्कृति पर बहुत जोर है।'' उन्होंने कहा, '' लेकिन राज्य में कुछ समस्याएं हैं, विशेषकर उत्तरी बंगाल में जहां क्षेत्रीय असंतुलन है और उसके कारण दूरी पैदा हो रही है।''बोस ने कहा कि गंगा के उत्तर में स्थित जिलों में ''आर्थिक पिछड़ेपन'' के कारण लोगों की राज्य प्रशासन से ''दूरी'' पैदा हुई है। उन्होंने 23 नवंबर 2022 को राज्यपाल का पदभार संभाला था। पद संभालने के के बाद से बोस का पश्चिम बंगाल सरकार के साथ विभिन्न मुद्दों पर कई बार टकराव हो चुका है, जिनमें राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति, कोलकाता पुलिस द्वारा उनके कार्यालय में कथित जासूसी, तथा राजभवन की एक महिला संविदाकर्मी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप शामिल हैं। बोस ने कहा, '' ममता बनर्जी के काम का मूल्यांकन गोपनीय रखा जाएगा। सबसे पहले इसकी जानकारी उपयुक्त सक्षम प्राधिकारियों को दी जाएगी।''

## बीजेपी नेता का गोपाल राय पर पलटवार

### कहा- 'केंद्र के बदले दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री को खत लिख देते'

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय हमला बोला है। उनके अनुसार गोपाल राय जितनी बयानबाजी और लेटरबाजी कृत्रिम बारिश को लेकर कर रहे हैं, यदि उतने पत्र अपनी पार्टी की पंजाब सरकार को पराली जलने से रोकने के लिए लिखते तो दिल्ली एनसीआर की स्थिति बेहतर होती। पंजाब सरकार को नहीं कर पाए तो कम से कम अपनी ही दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग को टूटी सड़कों के निर्माण को लेकर खत लिख देते तो आज दिल्ली वालों का दम नहीं घुट रहा होता। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता ने कहा है की जिस कृत्रिम बरसात का राजनीतिक सपना गोपाल राय दिल्ली वालों को दिखाते हैं,

वह बतायें क्या उनकी सरकार के पास इसकी कोई वैज्ञानिक फिजिबिलिटी रिपोर्ट है? क्या भारत में कहीं भी यह आज तक की गई है? इसकी लागत क्या है? क्या इसका कोई अंदाजा दिल्ली सरकार के पास है? बीजेपी प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने मंत्री गोपाल राय से पूछा है कि क्या वह जानते हैं की कृत्रिम बरसात से वातावरण में जो सिल्वर आयोडायड निकलता है, वो कितने खतरनाक होते हैं? साथ ही वह दिल्ली की मिट्टी को भी खराब कर सकता है उन्होंने कहा कि पंजाब में गत 3 दिन में ही 1,925 खेत जलने (पराली ) की नई घटनाएं हुईं हैं। इस वर्ष 15 सितंबर से आज तक 9,925 पराली जलने की घटनाएं हुई हैं। जबकि हरियाणा में 1,153 एवं यूपी में 3,308 घटना हुई हैं। यदि गोपाल राय अपनी पार्टी की पंजाब सरकार को पत्र लिखकर पराली जलने से रूकवा लेते तो आज दिल्ली क्या पूरे उत्तर भारत की स्थिति बहुत बेहतर होती।

## 'मैं किसान हूं, मुझे बिटकॉइन समझ में नहीं आता; एफआईआर दर्ज कराई', भाजपा के आरोपों पर पटोले की सफाई



मुंबई, 20 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष और साकोली विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नाना पटोले ने विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया। इससे पहले उन्होंने पूजा-अर्चना की। नाना पटोले ने अपने और सुप्रिया सुले के खिलाफ लगे आरोपों पर कहा कि भाजपा की ओरा से लाया गया आईपीएस अधिकारी रवींद्र पाटिल आईपीएस अधिकारी भी नहीं है। भाजपा झूठ की पार्टी बन गई है। चुनाव से ठीक पहले वे यह सब कर रहे हैं। ऑडियो में मेरी आवाज नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं किसान हूं, मुझे बिटकॉइन भी समझ में नहीं आता। हमने कानूनी नोटिस दिया है और एफआईआर दर्ज कराई है। हम उनके खिलाफ मानहानि का केस भी करेंगे। चाहे वह सुधांशु त्रिवेदी हों या रवींद्र पाटिल। जल्द ही सब कुछ साफ हो जाएगा। भाजपा सिर्फ झूठ बोल रही है। हम उनके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। हम मानहानि का केस करेंगे। महाराष्ट्र में हमारी सरकार बनने जा रही है, हम इसकी उचित जांच करेंगे। नाना पटोले ने कहा कि पूरा देश मेरी आवाज जानता है। प्रधानमंत्री मोदी मेरी आवाज को अच्छी तरह जानते हैं। भाजपा ने ऐसी राजनीति शुरू की है क्योंकि उन्हें हारने का डर है। कल विनोद तावड़े को पैसे बांटते हुए पकड़ा गया और देवेंद्र फणडवीस के पीए के गोदाम में शराब मिली। ये लोग महाराष्ट्र में नोट जिहाद और शराब जिहाद लाना चाहते हैं। कल ही हमने उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा और एफआईआर भी दर्ज की। हमारा लीगल सेल इस मामले को ठीक करवाएगा। हमारी सरकार आने वाली है, हम ऐसी बेईमान भाजपा को बहुत व्यवस्थित तरीके से सबक सिखाएंगे।

**'कांग्रेस के नेतृत्व में ही महाविकास अघाड़ी की सरकार बनेगी'**

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस के नेतृत्व में ही महाविकास अघाड़ी की सरकार बनेगी। मतदान के जो रुझान आ रहे हैं, उसके आधार पर राज्य में कांग्रेस के ही सबसे ज्यादा प्रत्याशी चुनकर आएंगे। कल भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पैसे बांटते हुए पकड़े गए। उनका कहना है कि वे चिट्ठी बांटने गए हैं। इसका अर्थ तो ये है कि उनके पास कार्यकर्ता खत्म हो गए हैं। भाजपा संवैधानिक व्यवस्था को नहीं मानती।

**क्या है मामला?**

मतदान से पहले भाजपा और महाविकास अघाड़ी दोनों आरोपों के घेरे में हैं। एक ओर जहां भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगा। वहीं पूर्व आईपीएस रवींद्रनाथ पाटिल ने महाविकास अघाड़ी के नेताओं को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि महाविकास अघाड़ी में शामिल एनसीपी शरद गुट की नेता सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी में बिटकॉइन की हेराफेरी की। बिटकॉइन के बदले में मिली नकदी का वह विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल कर रहे हैं। इस बीच सुप्रिया सुले और नाना पटोले का वायरल ऑडियो भी सामने आया। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने दोनों नेताओं पर जमकर निशाना साधा और उनसे जवाब मांगा।

### राजस्थान से इंदौर लाए एमडी ड्रग्स, पुलिस ने कार अड़ाकर रोका, तीन आरोपी पकड़े

इंदौर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। इंदौर क्राइम ब्रांच की टीम ने सुपर कोरिडोर गांधीनगर चौराहे पर एमडी ड्रग्स के साथ तीन आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस टीम को एक नीले रंग की स्विफ्ट कार तेज गति से दिलीप नगर चौराहे की ओर जाते दिखी। पुलिस टीम के द्वारा धार की ओर जाने वाली उक्त कार को शासकीय वाहन अड़ाकर रोका और आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम, पता पूछने पर आरोपियों ने अपना नाम इरशाद पिता शेख मोहम्मद निवासी हारुन कॉलोनी खजराना इंदौर, लखन पिता किशोर बैरागी निवासी झालावाड़ राजस्थान, दशरथ पिता रामलाल सेन निवासी झालावाड़ राजस्थान बताया। सभी संदिग्धों की तलाशी लेते समय उनके पास अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स होना पाया गया। इसका कुल वजन 52 ग्राम होना पाया गया जिसके संबंध में पूछताछ करने पर आरोपियों ने कोई उचित उत्तर नहीं दिया। आरोपियों के कब्जे से लगभग 52 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स, स्विफ्ट कार, मोबाइल जप्त कर, आरोपियों के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना में लिया गया है, जिसके आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## 'शीश महल' पर नया खुलासा

### भाजपा ने केजरीवाल से पूछा, सोने की परत वाले वॉश बेसिन के लिए पैसा कहां से आया



नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि गुरुवार सुबह भाजपा कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल के आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने शीशमहल को लेकर कहा कि ये सोने की परत चढ़ी टॉयलेट सीट और वॉश बेसिन के लिए आपके पास पैसे कहां से आए? क्योंकि ये हलाल का पैसा नहीं है, ये दलाल का पैसा है। आगे कहा कि ये दिल्ली की जनता से गद्दारी करके कमाया गया पैसा है। जिसे आपने अपनी सुख-सुविधाओं पर खर्च किया किया। दिल्ली की जनता इसका हिसाब मांग रही है। भाजपा के कार्यकर्ता इस कालेधन का हिसाब मांगेंगे।

## अकाली दल को एक और झटका: वरिष्ठ नेता अनिल जोशी ने छोड़ी पार्टी



चंडीगढ़, 20 नवंबर (एजेंसियां)। वरिष्ठ नेता अनिल जोशी ने शिरोमणि अकाली दल से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदर को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। अनिल जोशी ने कहा कि प्रकाश सिंह बादल का अकाली दल के लिए जो दृष्टिकोण था, वह अब खत्म हो चुका है और सुखबीर सिंह बादल भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए कोई चर्चा या प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। जोशी ने आगे टिप्पणी की कि अकाली दल अब केवल पंथक राजनीति पर केंद्रित है और अपने राजनीतिक दृष्टिकोण में भ्रमित प्रतीत होता है



### स्कूल में पढ़ा रही टीचर की हत्या, ठुकराया था शादी का प्रस्ताव; तमिलनाडु में सनसनी

चेन्नई, 20 नवंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में एक शख्स ने स्कूल में घुसकर महिला टीचर की हत्या कर दी। आरोपी ने महिला की गर्दन पर वार किया और मौके से फरार हो गया। 26 वर्षीय शिक्षिका रमानी को स्कूल में मौजूद स्टाफ के लोग अस्पताल लेकर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हत्या के पीछे चौंकाने वाली वजह सामने आई है। आरोपी ने शिक्षिका के सामने कुछ दिन पहले शादी का प्रस्ताव रखा था। लेकिन महिला टीचर ने प्रस्ताव खारिज कर दिया था। आरोपी इसी बात से खफा था। आरोपी 30 वर्षीय माधन ने बुधवार को मौका देख टीचर पर हमला किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है। पुलिस के अनुसार रमानी और माधन के परिवार भी आपस में मिले थे। दोनों परिवारों में रमानी और माधन की शादी को लेकर बात हुई थी। लेकिन रमानी शादी के लिए तैयार नहीं थी।

## नाबार्ड की ऋण कटौती पर

### चर्चा के लिए वित्त मंत्री से बात करना चाहते हैं सीएम सिद्धारमैया, मांगा समय



बेंगलूरू, 20 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से राज्य को मिलने वाली ऋण राशि में इस साल की गई ''कटौती'' पर चर्चा के लिए उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिलने का समय मांगा है। सिद्धारमैया ने कहा, ''दिल्ली में नंदिनी उत्पादों को पेश किया जा रहा है, इसलिए मैं वहां जा रहा हूं। मैंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मिलने का समय मांगा है, क्योंकि इस साल राज्य को नाबार्ड से मिलने वाला कर्ज कम कर दिया गया है। पिछले साल 5,600 करोड़ रुपये दिए गए थे, इस साल 2,340 करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसमें 58 प्रतिशत की कटौती की गई है।'' उन्होंने पत्रकारों से कहा कि नाबार्ड वित्त मंत्रालय के अधीन आता है और ''मैं उनसे अनुरोध करूंगा।''

इस यात्रा के दौरान कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात करने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, '' मुझे कल शाम तक (राज्य में) लौटना होगा। अगर मुझे समय मिला तो मैं उनसे मिलूंगा।'' सिद्धारमैया बृहस्पतिवार को दिल्ली में नंदिनी दुग्ध उत्पादों को पेश करने वाले हैं। कर्नाटक मिल्क फेडरेशन अपने दुग्ध उत्पादों को 'नंदिनी' ब्रांड के तहत बेचता है।

## दरिंदगी की हदें पार

### जंगली सुअर के चक्कर में तेंदुए को पकाकर खा लिया, वन विभाग ने बरामद किया सिर



नुआपाड़ा, 20 नवंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के नुआपाड़ा जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक तेंदुए का शिकार किया गया है और फिर उसे पकाकर खाया गया है। इस मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है और तेंदुए का सिर बरामद कर लिया गया है। नुआपाड़ा जिले में वन्यजीव संरक्षण कानून का उल्लंघन करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। देवधरा गांव के पास जंगल में जंगली सुअरों का शिकार करने के लिए लगाए गए जाल में एक तेंदुआ फंस गया था। आरोप है कि पुस्तम चिंदा (58) और हृषिकेश चिंदा (40) ने तेंदुए को मारकर उसकी खाल उतार ली और मांस पकाकर खा लिया। वन विभाग के अनुसार, यह घटना 16 नवंबर की है। गुप्त सूचना के आधार पर वन अधिकारियों ने आरोपियों के ठिकानों पर छापा मारा, जिसमें तेंदुए की खाल, सिर और पका हुआ मांस बरामद किया गया। हालांकि, उनके दो साथी मौके से भागने में सफल रहे। खरियार फॉरेस्ट डिवीजन के सहायक वन संरक्षक एम।डी मुस्तफा सालेहा ने कहा कि जांच जारी है और पकड़े गए आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। फरार आरोपियों की तलाश में विशेष टीमें जुटी हैं। वन विभाग ने स्थानीय समुदायों से अपील की है कि वे वन्यजीव संरक्षण में सहयोग करें और इस तरह की घटनाओं की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें। तेंदुए जैसे विलुप्त हो रही प्रजातियों के शिकार से न केवल प्रजातियों की पहचान खत्म हो जाती है,

## जेल में बंद कुख्यात माओवादी नेता पर पढ़ाई का बुखार

### सजा काटते हुए की ग्रेजुएशन, अब मास्टर डिग्री हासिल करने की तैयारी

बरहामपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। कुख्यात माओवादी नेता सब्यसाची पांडा ओडिशा के गंजम जिले के बरहमपुर सर्किल जेल से मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए) की पढ़ाई कर रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि ग्रेजुएट होने के बाद वह अब मास्टर डिग्री कर रहा है। जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सब्यसाची ओडिशा स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी (ओएसओयू) से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में एमए की पढ़ाई कर रहा हैं। दो दशक से भी अधिक समय तक पुलिस और प्रशासन को परेशान करने वाले सब्यसाची की अब पढ़ाई में काफी रुचि है और वे जेल में अपना ज्यादातर समय पढ़ाई में ही बिता रहा हैं। पांडा, जिसने दो साल पहले इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) से बीए किया था, यह उन छह कैदियों में से एक है, जिन्होंने ओएसओयू में दो वर्षीय एमए में नामांकन के लिए डाक्यूमेंट्स जमा किए हैं।

सब्यसाची के साथ कुल चार कैदी और दो चाराधीन कैदी (यूटीपी) परीक्षा देंगे। जेल प्रशासन सभी को अध्ययन सामग्री उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही जेल में शिक्षक भी उनकी पढ़ाई में सहयोग कर रहे हैं। बरहामपुर सर्कल जेल के अधीक्षक डीएन बारिक ने कहा, "हमने पांडा सहित छह कैदियों के डाक्यूमेंट्स जमा किए हैं जो पत्राचार पाठ्यक्रम के माध्यम से दो वर्षीय एमए (लोक प्रशासन) कोर्स में एडमिशन लेने के इच्छुक हैं। उनकी हर तरीके से पढ़ाई में मदद की जाएगी।

### पुलिस ने मारा छापा, शराब बनाने वाला तो नहीं मिला लेकिन पकड़ी गई कच्ची शराब

उज्जैन, 20 नवंबर (एजेंसियां)। उज्जैन पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने जिले में अवैध शराब परिवहन के साथ कच्ची शराब बनाने वालों पर अंकुश लगाने के निर्देश जारी किये है। पुलिस निदेशों का पालन कर लगातार अवैध कारोबार में शामिल लोगों की धरपकड़ कर रही है। इसी कड़ी में भाटपचलाना पुलिस ने कच्ची शराब बनाने के ठिकाने पर दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की है। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि खबर मिली थी कि ग्राम नौगांवा में खेत पर बनी टापरी में कच्ची शराब बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होने टीम में शामिल एसआई अशोक कुमार बैरागी,प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, आरक्षक राकेश निनामा, बाबुलाल, मनोज बैरागी, नारायण सरा, सैनिक कृष्णा धाकड़ के साथ खेत पर दबिश मारी। टापरी में बैठा एक व्यक्ति पुलिस को आता देख दूसरे रास्ते से भाग निकला। दबिश में टापरी से एक दर्जन से अधिक प्लास्टिक की केन मिली है। वहीं हाथ भट्टी का सामान बरामद हुआ है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद



सुविचार
इस संसार में सत्य के अलावा सभी का अंत होना तय हैं!

# मुख्यमंत्री रेवंत ने वेमुलावाड़ा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की



## केसीआर ने पिछले दस वर्षों में तेलंगाना को बर्बाद किया -रेवंत

### मुख्यमंत्री ने प्रजा पालना-प्रजा विजयोत्सवलु समारोह में जनसभा को संबोधित किया

वेमुलावाड़ा, 20 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया है कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने पिछले दस वर्षों से तेलंगाना राज्य को बर्बाद कर दिया है और अब वह इसके विकास में बाधा डाल रहे हैं। प्रजा पालना-प्रजा विजयोत्सवलु समारोह के तहत बुधवार को राजन्ना सिरसिला जिले के वेमुलावाड़ा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने दस महीनों में कई विकास कार्य किए हैं जो पिछली बीआरएस सरकार दस वर्षों में नहीं कर सकी। रेवंत रेड्डी ने कहा, "मुख्य विपक्षी दल वही रहा, हालांकि वे चुनाव हार गए। बीआरएस लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं जीत पाई। लेकिन, उनके दिखावे को देखकर लगता है कि उनका दिमाग भी खत्म हो गया है। बीआरएस ने दस साल तक क्या किया? वे हमें दस महीने में यहां से निकल जाने के लिए कह रहे हैं। हमारे पार्टी कार्यकर्ता जानते हैं कि दर्द की दवा कहां देनी है।" उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कालेश्वरम परियोजना के नाम पर 1,23,000 करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन उन्होंने कोई परियोजना पूरी नहीं की। "क्या केसीआर कह सकते हैं कि उन्होंने लोगों को पानी मुहैया कराया है। बीआरएस नेता हरीश राव ने रंगनायक सागर परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि पर एक फार्महाउस बनाया, जबकि कोंडापोचम्मा सागर केसीआर के फार्महाउस को पानी की आपूर्ति के लिए बनाया गया था। हम सभी गणना करेंगे और इसे सार्वजनिक करेंगे।"

वेमुलावाड़ा, 20 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बुधवार को ऐतिहासिक वेमुलावाड़ा श्री राज राजेश्वर स्वामी मंदिर का दौरा किया, जहां उन्होंने विशेष पूजा-अर्चना की और प्रमुख धार्मिक एवं विकास समारोहों में भाग लिया। भगवान राजन्ना के दर्शन से पहले मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में धर्मगुंडम के पास 76 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर के विकास कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने इस अवसर पर पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारियों ने मुख्यमंत्री को वेमुलावाड़ा मंदिर के समृद्ध इतिहास और महत्व के बारे में बताया। अधिकारियों ने उन्हें मंदिर के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से नियोजित विकास परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। अपने आगमन पर मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी का मंदिर के पुजारियों द्वारा पूर्णकुंभम के साथ भव्य स्वागत किया गया। मंदिर के ध्वजस्तंभ (ध्वजस्तंभ) पर उन्होंने कोडी मोक्कू (मुर्गे की बलि) चढ़ाकर पारंपरिक मन्नत पूरी की। मंदिर के अंदर मुख्यमंत्री ने श्री लक्ष्मी गणपति स्वामी, राज राजेश्वरी अम्मावरु और श्री राज राजेश्वर स्वामी के लिए अर्चना और अभिषेक सहित विशेष अनुष्ठान किए। प्रार्थना के बाद मंदिर के पुजारियों ने मुख्यमंत्री और उनके साथ आए मंत्रियों को वैदिक आशीर्वाद दिया, जिसके साथ ही यात्रा पूरी हो गई।

## वेमुलावाड़ा मंदिर में अन्नदान सत्रम के लिए 35.25 करोड़ रुपये मंजूर

हैदराबाद, 20 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने बुधवार को वेमुलावाड़ा में श्री राज राजेश्वर स्वामी मंदिर में अन्नदान सत्रम के निर्माण के लिए 35.25 करोड़ रुपये मंजूर किए। वेमुलावाड़ा मंदिर में सुविधाएं बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए, परिवहन और बीसी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने सरकार को अन्नदान सत्रम के महत्व के बारे में आश्वस्त किया और परियोजना के लिए राशि मंजूर करने में सफल रहे। मंजूरी राशि मंत्री द्वारा अगस्त में मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान किए गए वादे के अनुरूप है। उनके वचन के अनुसार, केवल तीन महीनों के भीतर, राज्य सरकार द्वारा धनराशि मंजूर और स्वीकृत कर दी गई। पोन्नम प्रभाकर ने मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए निर्बाध अनुभव सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि तीर्थयात्रियों की सुविधा और आराम बढ़ाने के लिए और अधिक सुविधाएं शुरू की जाएंगी। अन्नदान सत्रम की स्वीकृति को राजन्ना भक्तों से व्यापक खुशी और सराहना मिली है, जो इसे मंदिर के बुनियादी ढांचे में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखते हैं।

## मगनूर घटना पर सीएम रेवंत रेड्डी के तेवर सख्त

हैदराबाद, 20 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने नारायणपेट जिले के मगनूर सरकारी हाई स्कूल में मध्याह्न भोजन खाने से छात्रों के बीमार होने की घटना पर नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर को जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और कर्तव्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया। सीएम ने बीमार पड़े छात्रों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली और अधिकारियों को प्रभावित छात्रों को तुरंत बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सीएम ने सीएमओ अधिकारियों को तुरंत जांच करने और इस घटना के कारणों का पता लगाने और उन्हें एक रिपोर्ट सौंपने का भी निर्देश दिया। सीएम रेवंत रेड्डी ने चेतावनी दी कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए और सभी जिलों के कलेक्टरों को सतर्क कर दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार छात्रों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने में कोई समझौता नहीं करेगी और राज्य में कहीं भी ऐसी घटना होने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 'द फिश बिल्डिंग' ने रचा इतिहास

### 'दुनिया भर की सबसे अजीब दिखने वाली इमारतों' की सूची में शामिल



हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) की इमारत, जिसे आम बोलचाल की भाषा में 'द फिश बिल्डिंग' के नाम से जाना जाता है, ने एक और उपलब्धि जोड़ते हुए, 'दुनिया भर की सबसे अजीब दिखने वाली इमारतों' की सूची में जगह बना ली है। शहर के हृदय में स्थित यह जलीय संरचना एनएफडीबी का मुख्यालय है और अनुकरणीय या नवीनता वास्तुकला का एक अनूठा उदाहरण है।

इस विशालकाय मछली की इमारत को धातु के बाहरी हिस्से के साथ-साथ पंखों और चमकदार आँखों से बनाया गया है जो रात में चमकती हैं। इमारत को रात में नीली स्पॉटलाइट से रोशन किया जाता है, जिससे एक प्रभावशाली भ्रम पैदा होता है कि मछली शहर में तैर रही है। यद्यपि निर्माण के समय भवन के आकार को लेकर जनता की मिश्रित प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई थीं, फिर भी इसकी अनूठी वास्तुकला एक मील का पत्थर बन गई है, जो अपने अनोखे डिजाइन के कारण अलग पहचान रखती है, जो इसके उद्देश्य के साथ पूरी तरह मेल खाता है।

# हाइड्रा अधिकारियों ने लोगों को निकाला और डगमगाती इमारत को गिराया

हैदराबाद, 20 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के गाचीबोवली के सिद्दीकी नगर में चार मंजिला इमारत को गिराने का काम अधिकारियों ने शुरू कर दिया है। इमारत को गिराने का काम हाइड्रोलिक मशीन की मदद से सबसे ऊपरी मंजिल से किया गया। हाइड्रा और जीएचएमसी अधिकारियों ने ढही इमारत के आसपास के स्थानीय लोगों को निकाला। बुधवार सुबह मशीन को मौके पर लाया गया और इमारत को गिराया गया। सिद्दीकी नगर में एक छोटे से भूखंड पर बनी इमारत मंगलवार रात एक तरफ झुकी हुई पाई गई, जिससे इलाके के निवासियों में दहशत फैल गई। तीन दिन पहले इमारत के पीछे एक नई इमारत का निर्माण शुरू हुआ था। मंगलवार रात करीब 8.30 बजे इमारत अचानक एक तरफ झुक गई। इमारत के करीब 30 निवासी जान बचाने के डर से घर से बाहर भागे। इमारत की तीसरी मंजिल पर मौजूद इकबाल हुसैन डर के मारे ऊपर से कूद गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत पास के निजी अस्पताल पहुंचाया। इमारत की मालकिन स्वप्ना ने बताया कि पास में ही एक और इमारत के लिए गड्ढा खोदने के कारण इमारत गिर गई। उन्होंने बताया कि यह मकान दो साल पहले बना था। मंगलवार रात को इमारत के सभी लोगों को निकाला गया क्योंकि इमारत एक तरफ झुक गई थी। अगर इमारत गिरती है तो इसे हटाया जा रहा है क्योंकि इससे आसपास के लोगों को परेशानी होगी। हमने गांव में खेत बेचकर पैसे उधार लेकर मकान बनवाया था। अगर यह इमारत चली गई तो हमारे बच्चों का भविष्य क्या होगा? इमारत गिरने से मेरे साथ-साथ बच्चे भी सड़क पर आ जाएंगे।

## शीत लहर की आशंका के चलते बरतें सावधानियां

हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को तेलंगाना में न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट के बाद शीत लहर, ठंड की चेतावनी जारी की है। यदि उचित एहतियाती उपाय नहीं किए गए तो अत्यधिक ठंड से हाइपोथर्मिया, चोट और यहां तक कि मौत भी हो सकती है। सलाह में कहा गया है कि यदि कोई व्यक्ति कंपकंपी, थकावट, भ्रम, हाथ लड़खड़ाना, याददाश्त खोना, अस्पष्ट बोलना, उनींदापन और ठंडी त्वचा, चमकीले लाल रंग और बहुत कम ऊर्जा वाले शिशुओं को देखता है, तो उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए।

चिकित्सा सहायता के लिए प्रतीक्षा करते समय, हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति को गर्म कमरे में स्थानांतरित किया जा सकता है और उसके गीले कपड़े, यदि कोई हों, हटा दिए जा सकते हैं। व्यक्ति के शरीर को कंबल, कपड़े, तौलिये या चादर की सूखी परतों के माध्यम से गर्म किया जा सकता है और शरीर के तापमान को बढ़ाने में मदद करने के लिए गर्म पेय (शराब नहीं) दिया जा सकता है।

जब हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति के शरीर का तापमान बढ़ जाता है, तो उसे गर्म कंबल से सिर और गर्दन सहित सूखा रखना चाहिए। हाइपोथर्मिया से पीड़ित व्यक्ति बेहोश हो सकता है और उसकी नाड़ी या सांस नहीं चल रही हो सकती है।

# बढ़िया चावल वितरण में देरी की संभावना

हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने जनवरी 2025 से सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत सफेद कार्डधारकों को बढ़िया चावल की आपूर्ति शुरू करने की योजना की घोषणा की है। हालांकि, इस योजना को कुछ महीनों के लिए स्थगित किये जाने की संभावना है, क्योंकि सरकार ने अभी तक इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है। नागरिक आपूर्ति निगम, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम का नेतृत्व करता है, ने तेलुगु नववर्ष के दिन, उगादि, जो 30 मार्च, 2025 को पड़ता है, पर बढ़िया चावल वितरण शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। यह प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन है।

पीडीएस, कल्याण छात्रावासों और अन्य सरकारी प्रायोजित पहलों के तहत जरूरतों को पूरा करने के लिए, राज्य सरकार को सालाना कम से कम 24 लाख मीट्रिक टन बढ़िया चावल की आवश्यकता होगी। निगम द्वारा अब तक की सबसे अधिक बढ़िया चावल खरीद 2021-22 में केवल 19 लाख मीट्रिक टन थी। हालांकि, रिकॉर्ड धान उत्पादन को देखते हुए अधिकारी आवश्यक बढ़िया चावल खरीद हासिल करने के बारे में आशावादी हैं। कुल 66.77 लाख एकड़ धान क्षेत्र में से 40.44 लाख एकड़ से अधिक पर 32 किस्मों वाले ग्रेड ए धान की खेती की गई।

इस आशावाद के बावजूद खरीद की समस्याएं, निगम द्वारा निर्धारित उचित औसत गुणवत्ता विनिर्देशों ने इसे राज्य के भीतर और तमिलनाडु और उत्तरी राज्यों जैसे क्षेत्रों के निजी व्यापारियों और चावल निर्यातकों की तुलना में नुकसान में डाल दिया है। इस सीजन में, राज्य के बाहर के निजी व्यापारियों ने बाजार में खरीद पर अपना दबदबा कायम रखा। राज्य सरकार द्वारा बढ़िया किस्मों के लिए घोषित 500 रुपये प्रति क्विंटल बोनस किसानों को निजी मिल मालिकों और व्यापारियों को

# अत्तापुर परिधान की दुकान में आग से लाखों का सामान जलकर राख




हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के अट्टापुर में बुधवार को आग लगने की घटना में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। पुलिस के अनुसार, अट्टापुर रोड पर स्थित कपड़ों की दुकान में दोपहर के समय आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दुकान के कर्मचारियों ने दुकान से सामान हटाने की कोशिश की। लेकिन, आग की लपटों को देखकर कर्मचारी भाग गए।

कुछ ही मिनटों में सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही आस-पास के दमकल केंद्रों से दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद कम से कम तीन दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। अधिकारियों को संदेह है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारण का पता लगाया जा रहा है।

## राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्यों में तेजी लाएं: कोमटिरेड्डी

हैदराबाद, 20 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सड़क एवं भवन मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने अधिकारियों को तेलंगाना में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। मंत्री ने बुधवार को बंजारा हिल्स स्थित अपने मंत्री आवास पर राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति पर समीक्षा बैठक की।इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कठिनाइयों के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्यों को न रोकें और वादा किया कि वे 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। पूर्ववर्ती बीआरएस सरकार की लापरवाही पर खेद व्यक्त करते हुए, जिसने अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान तेलंगाना में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास कार्यों में बाधा डाली, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने बताया कि लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था और राज्य में सड़कों की स्थिति बहुत खराब थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य की प्रगति की रीढ़ हैं और इन कार्यों को बिना किसी ढिलाई के किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी और पेड़ों को हटाने जैसे मुद्दों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और उन पर काम किया जाना चाहिए। उन्होंने एनएच अधिकारियों को हर सप्ताह राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य की प्रगति पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया।

# छात्रों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की बातचीत



हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। फ्यूजन इंटरनेशनल स्कूल, हैदराबाद के छात्रों ने हाल ही में राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ बातचीत की। सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित यह बातचीत एक अविस्मरणीय क्षण बन गई, क्योंकि युवा स्काउट्स और गाइड्स ने राष्ट्रपति की असाधारण विनम्रता और गर्मजोशी का प्रत्यक्ष अनुभव किया। कक्षा 1 से 10 तक के चार छात्रों को कई गतिविधियों के माध्यम से चुना गया, जिसमें उनकी शारीरिक और मानसिक सहनशक्ति, लचीलापन, सौहार्द और नेतृत्व कौशल का परीक्षण किया गया। छात्रा पूजा ने बताया कि राष्ट्रपति द्वारा व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया जाना अवास्तविक अनुभव था। उनकी विनम्रता इस बात से स्पष्ट थी कि उन्होंने अपनी भारी जिम्मेदारियों के बावजूद हम सभी को मूल्यवान महसूस कराया।

# भ्रामक लेबल वाली दवाएं जब्त

हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन (टीएसडीसीए) ने कई दवाओं को जब्त किया है, जो अपने लेबल पर भ्रामक दावों के साथ बाजार में घूम रही थीं, जिसमें कहा गया था कि वे गठिया, बुखार, मधुमेह, आंखों की बीमारियों और विकारों और गुर्दे की पथरी का इलाज कर सकती हैं। टीएसडीसीए के महानिदेशक वीबी कमलासन रेड्डी ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस तरह के भ्रामक दावे औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 का उल्लंघन हैं, जो कुछ बीमारियों और विकारों के उपचार के लिए कुछ दवाओं के विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाता है।

जब्त की गई दवाओं में वोलिरुन तेल (आयुर्वेदिक दवा) शामिल है, जिसे पंजाब के मोहाली स्थित रूहानी हर्बल्स द्वारा निर्मित किया गया है और गठिया के इलाज का भ्रामक दावा किया गया है। यह दवा विकाराबाद स्थित मेडिकल दुकानों से खरीदी गई थी। रुहानी हर्बल्स मोहाली द्वारा निर्मित उरीसी किट (आयुर्वेदिक दवा), मलकाजगिरी से गुर्दे की पथरी के इलाज का दावा करती है।

एक अलग छापे में, डीसीए अधिकारियों ने फिरोज-एक्सटी टैबलेट (फेरस एस्कॉर्बेट, फोलिक एसिड और जिंक टैबलेट) के स्टॉक का भी पता लगाया और उसे जब्त कर लिया, जो बाजार में घूम रहे थे और खाद्य उत्पादों या न्यूट्रास्युटिकल्स की आड़ में बेचे जा रहे थे। फिरोज-एक्सटी टैबलेट के जब्त स्टॉक का निर्माण रॉज फॉर्म्युलेशन प्राइवेट लिमिटेड, सोलन, हिमाचल प्रदेश में किया गया था और इसका विपणन जीरेमेडीज, हैदराबाद द्वारा किया गया था। जब्त किए गए उत्पाद गलत तरीके से खाद्य लाइसेंस के तहत बनाए गए थे और उन्हें खाद्य उत्पाद/न्यूट्रास्युटिकल होने का झूठा दावा किया गया था। उत्पादों की लेबल संरचना के अनुसार, उन्हें औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के तहत दवाओं के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

टीएसडीसीए के महानिदेशक वीबी कमलसन रेड्डी ने कहा कि ऐसे उत्पादों का निर्माण केवल औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत जारी किए गए ड्रग लाइसेंस के तहत ही किया जाना चाहिए, जिसमें औषधि नियमों की अनुसूची-एम में उल्लिखित 'अच्छे विनिर्माण अभ्यास' (जीएमपी) का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, उन्हें 'भारतीय फार्माकोपिया' (आईपी) में निर्धारित गुणवत्ता मानकों को भी पूरा करना होगा।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर डीसीए की छापेमारी

### 3 व्यक्तियों के परिसरों पर औषधि निरीक्षकों ने मारे छापे

हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन (टीएसडीसीए) के औषधि निरीक्षकों ने 3 व्यक्तियों के परिसरों पर छापे मारे, जो बिना उचित एमबीबीएस योग्यता के अवैध रूप से एलोपैथी चिकित्सा (झोलाछाप) का अभ्यास कर रहे थे। टीएसडीसीए ने महबूबनगर जिले के गंदेद मंडल के चौदरपल्ली गांव के मोहम्मद गुलाम रसूल के परिसर पर छापा मारा, जिसने अवैध रूप से 49 किस्म की दवाइयों का भंडारण किया हुआ था और बिना योग्यता के चिकित्सा का अभ्यास कर रहा था।

डीसीए अधिकारियों ने वानापर्थी जिले के पेब्बैर मंडल के सुगुर गांव में एक अन्य झोलाछाप डॉक्टर मोहम्मद खाजा मोइनुद्दीन के परिसर पर भी छापा मारा और बिक्री के लिए अवैध रूप से भंडारित 38 किस्म की दवाइयों को जब्त किया। खम्मम जिले के वेमसूर मंडल के अदासरलापाडु में अवैध रूप से स्वास्थ्य सेवा सुविधा संचालित करने वाले एक अन्य झोलाछाप डॉक्टर इनापनुरी जीवरत्नम (उर्फ जीवनकुमार) के परिसर पर भी छापा मारा और 28 किस्म की दवाइयों को जब्त किया।

डीसीए के अनुसार, तीनों झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा संचालित अवैध सुविधाओं से नोरफ्लोक्सासिन, सेफिक्सिम आदि सहित कई उच्च पीढ़ी के एंटीबायोटिक्स और डेक्सामेथासोन, प्रेडनिसोलोन जैसे स्टेरॉयड और विभिन्न पुरानी बीमारियों के लिए 99,650 रुपये मूल्य की अन्य महंगी दवाएं जब्त की गईं।

एक अलग घटनाक्रम में, तेलंगाना राज्य औषधि नियंत्रण प्रशासन (टीएसडीसीए) ने महबूबाबाद जिले के थानमचेरला गांव में निम्मानी कोटैया नामक व्यक्ति द्वारा संचालित एक गैर-लाइसेंस परिसर पर छापेमारी की, जो अवैध बिक्री के लिए पशु चिकित्सा दवाओं का भंडारण कर रहा था।

डीजी, डीसीए, वीबी कमलसन रेड्डी ने बताया कि कोटैया अपने घर से अवैध रूप से पशु चिकित्सा दवाएँ बेच रहे थे, बिना टीएसडीसीए की अनुमति के 58 चिकित्सकों के नमूने, 10 बिक्री योग्य दवाएँ, 1 एक्सपायर हो चुकी दवा और संस्थागत आपूर्ति के लिए 3 दवाएं सहित कुल 72 प्रकार की पशु चिकित्सा दवाएं जब्त की गईं, जिनकी कुल कीमत 53,691 रुपये है।

CLASSIFIEDS
CHANGE OF NAME

I, Gundammagari Bhrath Reddi R/o. 1-6, Sangiguda (V), Near Hanuman Temple, Shamshabad (M), R.R. Dist, T.G-501218. Changed My Name as "Gundammagari Baraoth Reddy" S/o Srikanth Reddy Gundammagari.

सावधान
पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

साधुवाद/धन्यवाद

श्री रामगोपाल चौधरी
पिता : श्रीराम दहिन चौधरी /माता : स्व. मानो देवी
गोत्र : वत्स
(गोत्र : वत्स) संस्थापक सदस्य (केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट) बनने व 50 गज भूमि दान करने हेतु साधुवाद/धन्यवाद
श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट एवं नंदीशाला, यल्मपेट, मेडचल (भाग्यनगर) तेलंगाना. सहयोग करने हेतु संपर्क करें : 9849702915
Aaimaa Ads

# 1.14 लाख शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा

## नियुक्त पत्र बांटने के बाद सीएम नीतीश कुमार ने कहीं बडी बातें

पटना, 20 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के एक लाख 14 हजार 138 नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा मिल गया है। इसके लिए पटना समेत कई जिले में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गया, भोजपुर, कैमूर, सीतामढ़ी, वैशाली, मुजफ्फरपुर में आचार संहिता लागू होने के कारण यहां नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम नहीं हो रहा। पटना में सीएम नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजेंद्र यादव, मंत्री विजय चौधरी, मंत्री सुनील कुमार ने सक्षमता परीक्षा पास नियोजित शिक्षकों नियुक्ति पत्र प्रदान किया। जिन नियोजित शिक्षकों ने सक्षमता परीक्षा पास कर लिया, उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा मिल गया। अब से यह विशिष्ट शिक्षक कहलाए जाएंगे

**बिना नाम लिए लालू राज पर सीएम नीतीश का हमला**

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि नियोजित शिक्षक अब सक्षमता परीक्षा पास कर राज्यकर्मी बन गए हैं। आप सबलोग हाथ उठाकर शपथ लीजिए कि बच्चों को खूब पढ़ाइएगा। अच्छे से पढ़ाइएगा।



आप सबलोगों को बहुत बहुत शुभकामनाएं। सबलोग बुलंदी से रहिए। सीएम नीतीश ने कहा कि हमलोगों जब 2005 में आए थे तब शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था कैसी थी? यह सब जानते ही हैं। पहले लोग घर से कोई निकलता था। शाम होते ही लोग घर में रहते थे। हम जब सांसद थे तो अपने क्षेत्र में घूमने के लिए भी पैदल चलना पड़ता था। पहले स्कूलों की संख्या भी काफी कम थी। जितने लोगों को पढ़ना था, वह पढ़ नहीं पाते थे। इसके बाद हमलोग आए तो शिक्षा पर काम किया। पंचायत और नगर निकाय स्तर पर बड़े पैमाने पर स्कूल में शिक्षकों की बहाली की गई।

**दो चरणों में दो लाख से अधिक शिक्षकों की बहाली हुई**

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के दो चरणों में दो लाख 17 हजार से अधिक शिक्षकों की बहाली हुई। इसी समय हमलोगों ने फैसला लिया कि नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा पास करवाकर राज्यकर्मी का दर्जा दिलया जाए। सरकार ने निर्णय लिया कि इन लोगों ने शुरू से काम किया तो इन्हें राज्यकर्मी बनाया जाए। पहली सक्षमता परीक्षा में एक लाख 87 हजार 818 नियोजित शिक्षक पास हुए। दूसरी सक्षमता परीक्षा में 65 हजार नियोजित शिक्षक पास हुए। परीक्षा पास करते के बाद सभी लोग राज्यकर्मी बन जाएंगे। बाकी और परीक्षाएं ली जाएंगे। 85 हजार नियोजित शिक्षक शेष बचे हैं। हमलोग चाहते हैं कि उनकी भी परीक्षा हो जाए और पास कर सरकारी शिक्षक बन जाएं। अब आप जान लीजिए कि हमलोगों ने कितना काम किया है। 2005 से अब तक बिहार के विकास में लगे हैं। स्कूल में पोशाक और साइकिल बांटे गए।

**अब हम एनडीए को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे**

सीएम नीतीश कुमार ने महागठबंधन के साथ जाने वाली बात को फिर से दुहराई। उन्होंने फिर कहा कि अब हम एनडीए को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि एक एक काम सबलोगों ने मिलकर लोगों ने मिलकर किया। बाकी तो दो बार हमलोगों से गलती करवा दिए तो उधर चले गए। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों का रिश्ता 1995 से ही था। हमलोग साथ में थे। बीच में इधर-उधर चले गए थे। अब हमलोग कहीं नहीं जाएंगे। एक-एक काम हो रहा था। पहले सब एक एक काम साथ मिलकर करते थे। अब हमलोग कहीं जाएंगे।

**महिला साक्षरता 77 फीसदी है**

वहीं शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि बिहार की शिक्षा व्यवस्था में काफी महत्वपूर्ण बदलाव आया है। 2024 में 63 हजार करोड़ का बजट केवल शिक्षा का रखा गया। बिहार में पांच लाख 77 हजार शिक्षक हैं। महिला साक्षरता 77 फीसदी है। शिक्षकों से अपनी है कि आप अनुशासन में रहें। आपके हाथ में बिहार का भविष्य है। आप बच्चों को अच्छा नागरिक बनाएं।

## 'गुंडागर्दी पर उतर गई सरकार '

### उपचुनाव में मतदान को लेकर चंद्रशेखर आजाद का योगी सरकार पर बड़ा हमला



नगीना, 20 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान जारी है। इसी बीच उपचुनाव को लेकर चंद्रशेखर आजाद ने योगी सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन गुंडागर्दी पर सरकार उतर गई है। नौं सीटों पर गरीब और कमजोर मतदाताओं को पुलिस धमका रही है।संविधान की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले बाबा साहब के संविधान को खत्म करने पर जुटे है।

पुलिस का दुरुपयोग करके योगी नौ सीटों पर चुनाव जीतना चाहते हैं। पुलिस प्रशासन के अफसर बीजेपी के एजेंट बनकर काम कर रहें हैं। चंद्रशेखर ने यह भी कहा कि सरकार को अपने काम पर नहीं तानाशाही पर भरोसा है। हिम्मत है तो निष्पक्ष चुनाव कराकर योगी देखें, जनता इन सबका हिसाब करेगी। मीरापुर और कुंदरकी में भी आजाद समाज पार्टी की ताकत से पुलिस प्रशासन घबराया हुआ है।लोगों को बूथ पर जाने से रोका जा रहा है, कुंदरकी में लाठी के दम पर योगी चुनाव जीतना चाहते हैं। लोकतंत्र में सत्ता को डकैती नहीं डालने दूंगा, लोकतंत्र की ताकत को कमजोर और महापर्व की हत्या करने पर सरकार तुली है।

## चौकीदार ने बार डांसर के साथ वर्दी में लगाए ठुमके, वीडियो वायरल

सहरसा, 20 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के सहरसा के महिषी गांव में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बार डांसर भी आईं, जिनके साथ स्टेज पर चढ़कर महिषी थाने के चौकीदार ने भी खूब ठुमके लगाए। इस दौरान चौकीदार साहब ड्यूटी पर तैनात थे और वर्दी भी बाकयदा पहनी हुई थी लेकिन वर्दी में ही चौकीदार स्टेज पर चढ़ गए और बार डांसरों के साथ जमकर थिरकते नजर आए। अब चौकीदार का वर्दी में बार डांसरों के साथ डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक दम साफ देखा जा सकता है कि कैसे स्टेज पर जाकर बार-बालाओं के साथ चौकीदार ने जमकर ठुमके लगाए। वीडियो सामने आने के बाद वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने संज्ञान लिया।

## ट्रैफिक डीएसपी की हथियार के बल पर बुजुर्ग से घर नाम करवाने की कोशिश

**कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई एफआईआर**

पटना, 20 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना से ट्रैफिक डीएसपी के धौंस दिखाने का मामला सामने आया है। एक बुजुर्ग का आरोप है कि डीएसपी ने खाकी वर्दी की डर दिखाकर उसके साथ मारपीट की है। साथ ही घर को जबरन लिखवाने के प्रयास भी किए थे। पूरी घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दो पुलिसकर्मी बुजुर्ग को धक्का देते हुए नजर आ रहे हैं। कोर्ट के आदेश के बाद आरोपी डीएसपी और उसके साथियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कर ली गई है। कदमकुआं क्षेत्र के रहने वाले बुजुर्ग विजय कुमार (69) ने आरोप लगाया है कि 9 सितंबर 2024 की शाम करीब 5 बजे वह अपने बीमार बेटे के साथ घर पर बैठे थे, उनकी पत्नी बीमार बेटे को खाना खिला रही थी। उसी वक्त भागलपुर के ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार सिंह, कुंदन सिंह, अनीता सिंह और कुछ अन्य लोग अचानक घर में घुस गए और इन सब लोगों ने मुझे और मेरी पत्नी को घेर लिया। इसके बाद वह हमसे मारपीट करने लगे। आरोपियों ने हमें धमकाते हुए पिस्तौल के दम पर एक हजार रुपए के सादा स्टांप पेपर पर हमारे साइन करवा लिए। जब हमने इस बात की शिकायत थाने में की तो हमारी शिकायत दर्ज नहीं की गई। इसके बाद बुजुर्ग ने थक हारकर कोर्ट से न्याय की गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश होने पर ट्रैफिक डीएसपी आशीष कुमार, साधना कुमारी, अनिता सिंह और रौनक प्रताप सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया हैं।

## पूर्व विधायक अरुण यादव और पत्नी की बढ़ी मुश्किलें, दर्ज होगी एफआईआर

पटना, 20 नवंबर (एजेंसियां)। संदेश के पूर्व विधायक अरुण यादव और उनकी पत्नी विधायक किरण देवी के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई (एसवीयू) में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। यह मुकदमा आय से अधिक संपत्ति, पद का दुरुपयोग समेत अन्य आपराधिक गतिविधि से जुड़े मामले में दर्ज होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसकी अनुशंसा एसवीयू और डीजीपी से की है। ईडी ने पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) की धारा-66 (2) का हवाला देते हुए इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की है। काली कमाई से जमा की गई अरुण यादव की अवैध संपत्ति से जड़ी जानकारी भी ईडी ने इस पत्र के साथ बतौर सबूत भेजा है। मालूम हो कि ईडी ने अरुण यादव और किरण देवी के आरा के अगियांव और पटना स्थित ठिकानों पर इसी वर्ष 27 फरवरी को छापेमारी की थी। इस मामले की जांच में उनके खिलाफ 40 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति का पता चला था। ईडी ने उनकी करीब 46 परिसंपत्तियां जब्त की हैं। ईडी की जांच में यह बात भी सामने आई थी कि अरुण यादव और उनकी पत्नी किरण देवी के विधायक कार्यकाल के दौरान 2014 से 2022-23 के बीच 20 करोड़ रुपये से अधिक राशि बैंक खाते में जमा की गई है।

## पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति की 10 करोड़ की चार बेनामी संपत्तियां जब्त





लखनऊ, 20 नवंबर (एजेंसियां)। आयकर विभाग ने सपा सरकार के पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति की लखनऊ स्थित चार बेनामी संपत्तियां जब्त की हैं। आयकर विभाग की बेनामी निषेध इकाई ने सभी संपत्तियों पर पोस्टर लगवाने के साथ ही डुगडुगी भी पिटवाई। आयकर विभाग ने जो संपत्तियां जब्त की हैं। जब्त की गई संपत्तियों में गोमतीनगर के खरगापुर स्थित तीन हजार स्क्वायर फीट का प्लॉट, मोहनलालगंज के पुरसेनी गांव स्थित दो हजार स्क्वायर फीट का प्लाट व 1,014 स्क्वायर फीट में बना मकान, आशियाना में स्थित मकान शामिल है। यह संपत्तियां गायत्री प्रजापति के करीबियों के नाम खरीदी गई थीं। जांच में सामने आया कि यह संपत्तियां गायत्री प्रजापति ने वर्ष 2018 व 2019 में जेल में रहने के दौरान खरीदी थीं, जिनकी वर्तमान कीमत 10 करोड़ रुपये से अधिक है। समाजवादी पार्टी सरकार में हुए बहुचर्चित खनन घोटाले में आरोपित पूर्व मंत्री के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति की भी जांच चल रही है। खनन घोटाले की जांच ईडी कर रहा है।

**हाई कोर्ट ने दी थी राहत**


इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने सितंबर में पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति को मनी लॉनड्रिंग केस में जमानत दी थी। कोर्ट ने कहा कि इस केस में वह आठ जनवरी, 2021 से ही जेल में हैं और अपराध के लिए जो अधिकतम सात साल का दंड होता है। इसका आधा से अधिक समय वह जेल में बिता चुके हैं। हालांकि, गायत्री अन्य मुकदमों के चलते अभी जेल में ही रहेंगे। यह आदेश जस्टिस सुभाश विद्यार्थी की एकल पीठ ने गायत्री की जमानत अर्जी को मंजूर करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने आगे कहा कि जिस मुख्य केस के आधार पर मनी लॉनड्रिंग केस दर्ज किया गया था उसमें अभी भी विवेचना चल रही है। यदि ऐसे में विवेचना के बाद यदि गायत्री को क्लीन चिट मिल जाती है तो विचारण अदालत के सामने चल रही कार्यवाही बेकार हो जाएगी। बता दें कि ईडी ने लखनऊ में गायत्री के खिलाफ मनी लॉनड्रिंग केस दर्ज किया था। विचारण कोर्ट के सामने आठ में से छह गवाहों की गवाही पूरी हो चुकी है और विचारण समाप्त होने के कगार पर है।

## पटना में बिना नंबर प्लेट के जा रही थी कार तलाशी में जो मिला उसे देख सन्न रह गई पुलिस

पटना, 20 नवंबर (एजेंसियां)। एक तरफ बिहार से सटे पड़ोसी राज्य झारखंड में चुनाव हो रहा है तो दूसरी ओर पटना में भारी मात्रा में कैश बरामद किए जा रहे हैं। मामला पटना के गोला रोड स्थित टी प्वाइंट का है। देर रात पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक बिना नंबर प्लेट वाली कार की तलाशी ली गई तो जो मिला उसे देख पुलिस भी सन्न रह गई। कार से पुलिस को 19 लाख रुपये मिले। यह देख पुलिस ने तुरंत कार सवार व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पुलिस पूछताछ कर रही है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति का कहना है कि पैसा उसी का है। हालांकि इतना सारा पैसा सफेद है या फिर कोई जालसाजी का मामला है यह जांच के बाद ही पता चलेगा। कार से इतना पैसा मिलने के बाद पुलिस ने तमाम बिंदुओं पर अपनी जांच शुरू कर दी है।

## स्कूल वैन का ड्राइवर बना हैवान, एलकेजी की छात्रा से वैन में की छेड़छाड़; गंभीर धाराओं में केस दर्ज



लखनऊ, 20 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एलकेजी की छात्रा से छेड़छाड़ की हैरान करने वाली घटना सामने आई है। बच्ची के साथ यह करतूत स्कूल वैन के ड्राइवर ने की है। मामले की जानकारी होने के बाद परिवार के लोग काफी परेशान हो गए और आरोपी ड्राइवर की तलाश करने लगे। सोमवार को छात्रा के पिता ने आरोपी ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में रहने वाली पीड़ित एलकेजी की छात्रा एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ती है। बच्ची को स्कूल ले जाने के लिए बालागंज निवासी नितिन वैन लेकर आता था। छात्रा ने मां को बताया कि ड्राइवर अंकल बैड टच करते है। छात्रा ने बताया कि मेरी छुट्टी सबसे पहले होती है। बाकी बच्चों की छुट्टी बाद में होती है। इसी बात का फायदा उठाते हुए आरोपी ड्राइवर बच्ची को सुनसान इलाके में खड़ी बैन ले जाकर बैठा देता था। वहीं, पीड़ित परिवार का आरोप है कि इसी दौरान आरोपी बच्ची के साथ गंदी हरकतें किया करता था। घटना का पता चलते ही बच्ची के पिता ने ड्राइवर को तलाश शुरू की, लेकिन वह नहीं मिला। कुछ दिनों बाद बच्ची के पिता को पता चला कि आरोपी ने बैन संचालक के यहां से नौकरी छोड़ दी है। इसी के साथ वह कहीं और वैन चलाने लगा है। संचालक के द्वारा दी गई है जानकारी के आधार पर पीड़ित छात्रा के पिता अपने परिचितों के साथ एक निजी स्कूल में पहुंचे। स्कूल पहुंचने के बाद पिता ने ड्राइवर नितिन को दबोच लिया और फिर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पुलिस को सौंप दिया है। मामले की जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि पिता की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया जाएगा।

## कार्यक्रम के दौरान भाई की पिस्टल से चली गोली, बहन की मौत



वाराणसी, 20 नवंबर (एजेंसियां)। वाराणसी के देवनाथपुरा इलाके में रात एक परिवार में खतना के कार्यक्रम के दौरान भाई की पिस्टल से चली गोली से बहन की मौत हो गई। परिजनों ने घटना को पुलिस से छिपाने की कोशिश की। हालांकि, दशाश्वमेध थाने की पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए जैतपुरा थाने की पुलिस की मदद से महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पति की तहरीर की आधार पर दशाश्वमेध थाने की पुलिस महिला के भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, जैतपुरा थाना क्षेत्र के कच्चीबाग निवासी बुनकर मोहम्मद अली की पत्नी निशी इलाही (28) के भाई आमिर इलाही के छह वर्षीय बेटे लड्डू के खतना का कार्यक्रम मंगलवार की रात देवनाथपुरा में था। कार्यक्रम के दौरान आमिर इलाही ने अपनी पिस्टल से हवाई फायरिंग का प्रयास किया। मगर, गोली नहीं चली। इस पर वह पिस्टल नीचे कर उसके चेंबर में फंसी गोली निकालने का प्रयास कर रहा था। उसी दौरान गोली चल गई और सामने बैठी उसकी बहन निशी इलाही के बाएं कंधे और सीने के बीच में जा लगी। गोली लगते ही निशी इलाही की घटनास्थल पर ही मौत गई। मामला भाई-बहन का होने के कारण परिजन शव लेकर चुपचाप कच्चीबाग चले गए। घटना की सूचना पाकर पुलिस सक्रिय हुई और शव कब्जे में ली।

## दुल्हन से मोबाइल पर 11 सेकेंड हुई बात फिर लापता हो गया दूल्हा



आगरा, 20 नवंबर (एजेंसियां)। आगरा में बरात जाने से पांच दिन पहले छलेसर में दोस्त को शादी का कार्ड देने गया दूल्हा लापता हो गया। दूल्हा जिस स्कूटर से गया था, वह भी नहीं मिला है। मोबाइल स्विच ऑफ है। बुधवार को लगन टीके का कार्यक्रम होना था। 22 नवंबर को शादी थी। परिजन ने बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जाहिर की है। मोती महल, जमुना ब्रिज निवासी अमित कुमार की हींग की मंडी में जूते के सामान की बिक्री की दुकान है। वह पिता रामगोपाल के साथ व्यापार संभालते हैं। पिता ने बताया कि अगस्त में बेटे का रिश्ता कलवारी, जगदीशपुरा की युवती से तय हुआ था। 6 अक्तूबर को मंगनी हुई। 20 नवंबर को लगन टीका का कार्यक्रम था। 22 नवंबर को बरात जानी है। मामले में थाना एत्माद्दौला में गुमशुदगी दर्ज की गई। पुलिस ने जानकारी की तो पता चला कि घटना वाले दिन अमित ने अपनी ससुराल और दोस्त विकास से बात की थी। इसके अलावा कोई कॉल नहीं किया। दोस्त के घर से निकलने के बाद छलेसर में हाईवे स्थित ढाबे के पास एक खोखे से पान मसाला खरीदा था। वह सीसीटीवी फुटेज में जाते हुए दिखा है। लेकिन लौटने का फुटेज नहीं है। स्कूटर भी नहीं मिला है।

## दुल्हन का कत्ल। खुद भी दी जान

### ननिहाल में पनपा प्यार इश्क में अंधा हो गया था वो; प्रेमिका को दी थी ये धमकी



प्रतापगढ़, 20 नवंबर (एजेंसियां)। प्रतापगढ़ के कोहड़ौर के मदाफरपुर बाजार में सिरफिरे आशिक ने नवविवाहिता को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली से उड़ा दिया। दोनों की मौत हो गई। चार दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी। सोमवार को ही ससुराल से मायके आई थी। कोहड़ौर के चंदुआडीह निवासी पप्पू वर्मा परिवार के साथ मदाफरपुर बाजार में किराए के मकान में रहते हैं। उनकी बड़ी बेटी ज्योति वर्मा (22) की शादी 15 नवंबर 2024 को अमेठी के पीपरपुर थाना इलाके के रेवणा निवासी जितेंद्र प्रताप पटेल के साथ हुई थी। मंगलवार भोर में करीब साढ़े पांच बजे ज्योति शौच के लिए घर के पीछे मोबाइल टावर की ओर निकली। कुछ देर बाद फायर की आवाज सुन पुलिसकर्मी बाजार के लोगों के साथ टावर की ओर पहुंचे। देखा तो ज्योति खून से लथपथ पड़ी थी। सिर, कमर व हाथ में गहरे घाव के निशान थे। करीब ही मोबाइल मिला। खबर मिलने पर परिजन भी पहुंच गए। प्रतापगढ़ के मदाफरपुर बाजार में आशिक ने नवविवाहिता को गोली मार खुद को भी उड़ा लिया। चार दिन पहले ही युवती की शादी हुई थी। शादी के बाद युवती मायके आई थी। इसी दौरान युवक ने घटना को अंजाम दे दिया। प्रतापगढ़ के कोहड़ौर के मदाफरपुर बाजार में सिरफिरे आशिक ने नवविवाहिता को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली से उड़ा दिया। दोनों की मौत हो गई। चार दिन पहले ही उसकी शादी हुई थी। सोमवार को ही ससुराल से मायके आई थी।

## यूपी के मुजफ्फरनगर में पुलिस पर पथराव:इंस्पेक्टर ने पत्थरबाजी रोकने महिलाओं पर पिस्टल तानी, कहा- भागो, नहीं तो गोली मार दूंगा

मीरापुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। यूपी के मुजफ्फरनगर जिले की मीरापुर सीट पर उपचुनाव की वोटिंग के दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया। पुलिस को जान बचाकर भागना पड़ा। बाद में ककरौली थाने के इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने भीड़ को खदेड़ने के लिए वहां मौजूद महिलाओं पर रिवॉल्वर तान दी और कहा- यहां से चली जाओ, नहीं तो गोली मार दूंगा। समाजवादी पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर रिवॉल्वर ताने हुए इंस्पेक्टर का वीडियो शेयर करते हुए उन्हें निलंबित करने की मांग की। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के साथ 4 राज्यों की 15 विधानसभा और नांदेड़ लोकसभा सीट पर बुधवार को उपचुनाव के लिए वोट डाले जा रहे हैं। 23 नवंबर को रिजल्ट आएगा।

**यूपी के करहल में वोटिंग के बीच दलित युवती की हत्या**

उत्तर प्रदेश में करहल, मीरापुर,, ककरौली, सीसामऊ सीट, मुजफ्फरनगर में पुलिस से झड़पें हुईं। सपा और भाजपा ने वोट के दौरान नियमों का पालन नहीं करने की शिकायतें चुनाव आयोग से कीं। करहल में वोटिंग के बीच दलित युवती की हत्या कर दी गई। पिता ने आरोप लगाया कि सपा को वोट देने से मना करने पर युवक ने बेटी को मार डाला। चुनाव आयोग ने सपा की शिकायत पर 7 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। आरोप है कि इन्होंने मतदाताओं के वोटर आईडी चेक किए और बूथ पर नहीं जाने दिया। कानपुर में 2,मुरादाबाद में 3 और मुजफ्फरनगर में 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए। कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी ने कहा- मुस्लिम बहुल इलाकों में प्रशासन लोगों को डरा रही है। चमनगंज इलाके में पुलिस और आरएएफ ने लोगों को दौड़ाया।





**करहल में वोटिंग के बीच दलित लड़की की हत्या, पिता बोले- सपा को वोट नहीं देने पर मारा**

मैनपुरी के करहल में वोटिंग के बीच दलित युवती की हत्या कर दी गई। युवती की हत्या कर शव को बोरी में भर दिया गया। गांव के युवक पर हत्या का आरोप लगा है। पिता ने कहा कि वोट देने से मना करने पर युवक ने बेटी को मार डाला। पिता ने कहा- 3 दिन पहले प्रशांत यादव (सपा समर्थक) जो पेपर बांटता है। साथ ही खुद को पत्रकार बताता है। वो अपने साथियों के साथ मेरे घर पर आया था। उसने हमसे सपा का समर्थन करने को कहा। इस पर बेटी ने कहा- हम बीजेपी को वोट देंगे। मंगलवार को ये लोग मेरी बेटी को जबरन उठा ले गए।

**सपा की शिकायत पर दो सब इंस्पेक्टर समेत 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड**

चुनाव आयोग ने वोटिंग के लिए जा रहे वोटर्स के पहचान पत्र की जांच करने वाले दो पुलिस अधिकारियों एसआई अरुण कुमार सिंह और एसआई राकेश कुमार नादर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुरादाबाद में 3 मुजफ्फरनगर में 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड किए गए हैं। समाजवादी पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर यूपी उपचुनाव के दौरान कुछ समुदायों को मतदान से रोके जाने की शिकायत की थी। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए ये कार्रवाई हुई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने सीईओ यूपी और सभी जिला चुनाव अधिकारी (डीईओएस), रिटर्निंग अधिकारी (आरओएस) को सख्त निर्देश दिया है कि मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुचारू रूप से सुनिश्चित करें। सभी शिकायतों का तुरंत संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करें। इसके साथ ही की गई कार्रवाई को सोशल मीडिया के जरिये भी शिकायतकर्ता को भी टैग कर सूचित करें। आयोग ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी योग्य मतदाता को मतदान से न रोका जाए। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार का पक्षपात पूर्ण रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायत मिलने पर फौरन जांच पड़ताल होगी। कोई भी दोषी पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चुनाव वाले सभी 9 जिलों में तैनात पुलिस और सामान्य पर्यवेक्षकों को भी सख्त निर्देश दिया जाएगा।

# कथा सुनने सिविल ड्रेस में पहुंची पुलिस ने 13 आरोपी महिलाओं को पकडा

### पांच सोने की चेन बरामद

शहडोल, 20 नवंबर (एजेंसियां)। कोतवाली थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक मैदान में चल रही रामकथा सुनने पहुंच रही महिलाओं की चेन स्नेचिंग की घटनाएं बढ़ रही थी, तो पुलिस खुद सिविल ड्रेस में कथा सुनने पहुंची और संदेहियों का पीछा कर 40 किलोमीटर दूर से 13 आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया है, जो उत्तर प्रदेश और बिहार की रहने वाली हैं। महिलाओं के कब्जे से पुलिस ने 100 ग्राम बजनी पांच सोने की चोरी की गई चेन बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार श्रीराम कथा में प्रसाद वितरण के दौरान चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। गिरफ्तार किए गए दो गिरोह के 13 आरोपियों में सभी महिलाएं हैं, जो यूपी-बिहार के अलग-अलग जिलों से हैं। पुलिस के अनुसार संत राजन जी महराज की रामकथा 10 से 18 नवंबर तक पॉलिटेक्निक मैदान में हुई। इस दौरान चेन स्नेचिंग की शिकायतें मिली थीं। थाना प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने पुरुष व महिला पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में कथा सुनने भेजा गया। चार दिन तक कथा के दौरान श्रोता भक्तों के बीच समय बिताने के बाद कुछ संदिग्ध महिलाओं की पहचान की गई।

पीछा करने पर पता चला कि शहडोल से 40 किलोमीटर दूर बीरसिंहपुर रेलवे स्टेशन में महिलाओं ने डेरा जमा रखा है। वहां से वे ऑटो व दूसरे साधन से कथा स्थल तक पहुंचकर चेन स्नेचिंग करती थीं। आरोपी प्रसाद वितरण का समय इसलिए चुनते थे कि इस समय महिलाओं का पूरा ध्यान प्रसाद लेने में रहता था, तभी धारदार कैंची से चेन काट ली जाती थी। आरोपी सोने की चेन अंतःवस्त्र में छिपाकर रखती थीं। आरोपियों के पास से 100 ग्राम वजनी 5 सोने की चेन जब्त कीं गईं। इनका बाजार मूल्य लगभग 8 लाख रुपए है।

# हाथियों की मौत के बाद सरकार अलर्ट

## हाथी प्रबंधन के गुर सीखने के लिए कर्नाटक भेजे अधिकारी



बांधवगढ़, 20 नवंबर (एजेंसियां)। बांधवगढ़ में हुई हाथियों की मौत के बाद से प्रदेश सरकार अलर्ट है। यही कारण है कि हाथियों के व्यवहार को समझने के लिए प्रदेश के फॉरेस्ट अफसरों की टीम को कर्नाटक भेजा गया है। पीसीसीएफ ने अध्ययन करने के लिए दो टीमें बनाई है, जिसमें पहली टीम रवाना की गई है। बांधवगढ़ नेशनल पार्क में 11 हाथियों की मौत के बाद से हाथियों पर स्टडी करने का काम प्रारंभ हो गया है। इसके लिए पीसीसीएफ वन्यप्रणाली ने दो अलग-अलग टीमें बनाई है। पहली टीम बुधवार को कर्नाटक और तमिलनाडु के लिए रवाना हो गई, जो 23 नवंबर तक रहेगी। इसक बाद दूसरी टीम रवाना होगी, जो 30 नवंबर तक दोनों प्रदेशों में मानव-हाथी संघर्ष प्रबंधन रणनीतियां, प्रभावी अवरोध और एआई के उपयोग पर अध्ययन करेगी।

## छात्र नेता हत्याकांडः 'तालिबानियों की तरह चीर डाला मेरे विशाल को...', हमारी दुनिया उजाड़ दी; परिजन का छलका दर्द

देवरिया, 20 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के थाना एकौना इलाके में हुई छात्रा नेता विशाल सिंह हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ मंगलवार तड़के एकौना थाना क्षेत्र के बघड़ा पुल के पास हुई। रजा का एक साथी पुलिस पर फायर करते हुए भाग गया। वहीं, पुलिस की गोली से घायल रजा को मेडिकल कॉलेज में इलाज के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हौली बलिया गांव निवासी पूर्व बीडीसी सदस्य विनीत सिंह के पुत्र और छात्रनेता विशाल सिंह की 16 नवंबर की रात धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। मामले में चार आरोपियों रजा खान, राहुल अली, फैज रैनी और विनोद जायसवाल पर केस दर्ज कर पुलिस और एसओजी टीम उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी।

# दमघोंटू हुई ग्वालियर की हवा कहां है सबसे कम एक्यूआई



ग्वालियर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। देश के कई शहरों में प्रदूषण इन दिनों खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। वहीं, दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) एक हजार से भी ज्यादा दर्ज किया गया है। मध्य प्रदेश में भी तेजी से प्रदूषण के स्तर मे बढ़ोतरी देखी जा रही है। राजधानी भोपाल में दोपहर एक बजे का अधिकतम एक्यूआई 204 दर्ज किया गया है, जो कि वायु प्रदूषण को बहुत खराब श्रेणी में आता है। बढ़ते प्रदूषण के चलते लोगों को तरह की तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। मध्य प्रदेश में कई शहरों का एक्यूआई तेजी से बढ़ रहा है। आईये हम जानते है कि मध्य प्रदेश के 10 बड़े शहरों की वायु गुणवत्ता की स्थिति कैसी है। मध्य प्रदेश के राजधानी भोपाल में दोपहर एक बजे का एक्यूआई 204 दर्ज किया गया है। वहीं, इंदौर का एक्यूआई 95 दर्ज किया गया है, जो कि वायु प्रदूषण की स्थिति में ठीक-ठाक माना जाता है। जबलपुर का एक्यूआई 219 दर्ज किया गया है, जो कि बहुत खराब श्रेणी में आता है। सबसे ज्यादा एक्यूआई ग्वालियर का 307 दर्ज किया गया है।

**क्यों बढ़ रहा एक्यूआई?**

बिगड़ते वायु गुणवत्ता की बात करें, तो इसके लिए विभिन्न स्त्रोत जिम्मेदार है। प्रदूषण का सबसे बड़ा स्त्रोत पराली है, जो इन दिनों पूरे मध्य प्रदेश में जमकर जलाई जा रही है। इसके अलावा गाड़ियों, फैक्ट्रियों का धुआं और धूल मुख्य स्त्रोत है। पिछली साल के मुकाबले इस साल मध्य प्रदेश में ज्यादा पराली जलने की घटनाएं सामने आई है। मोसम विभाग के कहना है कि पराली जलाने से प्रदूषण के स्तर में तेजी से परिवर्तन आता है। इससे वायु प्रदूषण होता है।

**ग्वालियर में दर्ज किया गया अधिकतम एक्यूआई**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सबसे ज्यादा 307 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, इस लिस्ट के हिसाब से दूसरा सबसे शहर उज्जैन है, जिसका एक्यूआई 220 दर्ज किया गया है। बढ़ते एक्यूआई ने सरकार और लोगों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। एक्यूआई बढ़ने से लोगों को सांस लेने में परेशानी और आंखों में जलन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा रहा है।

## नकल माफिया रवि की गर्लफ्रेंड तक पहुंच सकती है ईडी, घेरे में रिश्तेदार भी

ग्रेटर नोएडा, 20 नवंबर (एजेंसियां)। सिपाही नागरिक पुलिस की सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा का पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्य रवि अत्री और सुभाष प्रकाश को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लखनऊ में सात दिन की रिमांड लिया है। रवि अत्री मूल रूप से गौतमबुद्ध नगर के जेवर के गांव नीमका का रहने वाला है। अब जबकि रवि ईडी की रिमांड पर है तो ईडी रवि की महिला मित्र और रिश्तेदार तक पहुंच सकती है। रवि के जेल जाने के बाद इन दोनों ने ही पेपर लीक कराने की कमान संभाली थी। इससे पहले रवि पर नीट के पेपर लीक कराने में भी आरोप लगे हैं। इसमें उसके साथ संजीव भी शामिल था। 2012 में प्री-मेडिकल टेस्ट परीक्षा पेपर और 2015 में एम्स



पीजी परीक्षा पेपर लीक करने के आरोप में भी रवि जेल जा चुका है।

# इंदौर में दोगुना हुए 50 की उम्र के बाद तलाक

## जनवरी 2023 से अक्टूबर 24 तक 250 केस 25-40 साल साथ रहे,अब तलाक ले रहे बुजुर्ग



इंदौर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन यह सच है। 25 से 40 साल साथ रहने के बाद बुजुर्ग दंपती अलग हो रहे हैं। ऐसे मामलों को ग्रे डिवोर्स कहा जाता है। पांच सालों में ऐसे मामले दोगुने हो गए हैं। 50 से ऊपर वाले लोगों में अलगाव की बड़ी वजह खाली घर है। बच्चे अलग या विदेश में रहते हैं। अकेलेपन के कारण पति पत्नी में भी नहीं बन पा रही और रिश्ते टूट रहे हैं। इंदौर की फैमिली कोर्ट में 1 जनवरी 2023 से अक्टूबर 2024 की अवधि में तलाक के 2426 नए केस जुड़े। इनमें करीब 250 में पक्षकारों की उम्र 50 साल या उससे ज्यादा है। 5 साल पहले ऐसे केस बमुश्किल 5% होते थे, जो अब 10% हो गए हैं। दो साल से फैमिली कोर्ट से जुड़े मामलों में मीडिएशन कर रहे रिटायर्ड जिला जज सत्येंद्र जोशी के साथ ने इन मामलों का विश्लेषण किया। इसमें पता चला कि खाली घोंसला सिंड्रोम (खाली घर) उम्रदराज पति-पत्नी के बीच तलाक की बड़ी वजह है। बच्चों की जिम्मेदारी पूरी करने के बाद अकेलापन लोगों को सता रहा है, जिससे इतने साल साथ रहने के बाद भी रिश्ते दरक रहे हैं। ज्यादातर मामलों में सहमति से तलाक हो रहे हैं।

**केस-1: बच्चे विदेश में, कर्ज के तनाव में पत्नी अलग हुई**

सिंधी कॉलोनी की 59 साल की पत्नी, 63 साल के पति से अलग हो गई। दोनों बच्चे विदेश में हैं। एडवोकेट प्रीति मेहना ने बताया कि पति पर कर्ज बढ़ गया था। इससे आपस में विवाद होने लगे थे।

**केस-2: पत्नी बोली- 35 साल कुछ नहीं दिया, तलाक दे दो**

फैमिली कोर्ट में जज रहीं संगीता मदान की कोर्ट में 68 साल के पति से 64 साल की पत्नी ने तलाक मांगा। पत्नी का कहना था, शादी के 35 साल में कुछ नहीं दिया, इसलिए तलाक मांग रही हूं।

**केस-3: पत्नी अंधविश्वासी बनी, अलग रहने का फैसला**

राजेंद्र नगर के 70 वर्षीय बुजुर्ग ने 65 साल की पत्नी से 40 साल बाद तलाक लिया। एडवोकेट प्रमोद जोशी ने बताया, पत्नी का अंधविश्वासी होना इसकी वजह बना।

**केस 4: 66 की उम्र में दूसरी शादी छह माह भी नहीं चली**

परदेशीपुरा के 70 वर्षीय पूर्व अफसर ने पत्नी के निधन के बाद 20 साल छोटी महिला से शादी की थी। एडवोकेट विजय राठौर ने बताया, छह माह बाद ही विवाद होने लगे।

## बोतल में था 'टॉयलेट क्लीनर', बुजुर्ग ने शराब समझकर गटक लिया, हुई मौत

पौड़ी, 20 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के पौड़ी जिले में नशे की हालत में एक बुजुर्ग ने शराब के धोखे में 'टॉयलेट क्लीनर' गटक लिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 67 वर्षीय भगवान सिंह के तौर पर हुई है जो यहां जामला गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पौड़ी पुलिस थाने के प्रभारी अमरजीत सिंह ने परिजनों के हवाले से बताया कि भगवान सिंह अपनी भतीजी के शादी समारोह में शामिल होने के बाद रविवार रात घर लौटे लेकिन वह नशे की हालत में थे। घर में पानी की एक कांच की बोतल में टॉयलेट क्लीनर रखा था। सिंह ने नशे की हालत में गलती से 'टॉयलेट क्लीनर' पी लिया। उन्होंने उसे शराब समझकर पीया था। टॉयलेट क्लीनर पीने के बाद सिंह की तबियत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजन उन्हें गांव से लगभग 13 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल पौड़ी लाए जहां सोमवार को सिंह ने दम तोड़ दिया। पौड़ी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ। प्रवीण कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

# जबलपुर में मनमानी फीस वसूलने वाले निजी स्कूलों पर एक्शन, लाखों का लगाया जुर्माना



जबलपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। जबलपुर में एक बार फिर कलेक्टर ने निजी स्कूलों पर लगाम कसते हुए लाखों रुपए का जुर्माना किया है। इसके अलावा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिन अभिभावकों से गलत तरीके से नियम विरुद्ध फीस की वसूली की गई है। उन्हें वापस राशि लौटायी जाएगी यहां पहला मौका है जब स्कूल संचालकों द्वारा ली गई फीस को वापस लौटाया जाएगा। जबलपुर के जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि निजी विद्यालयों में फीस वसूली को लेकर साल 2017 में नियम बनाया गया है इस नियम का पालन करना सभी स्कूल संचालकों को आवश्यक है। कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाम कसते हुए फीस को लेकर जांच के निर्देश दिए थे। इस जांच को लेकर समिति भी बनाई गई। समिति द्वारा जब स्कूलों की जांच की गई तो कई स्कूलों में फीस वसूली के नियम का उल्लंघन पाया गया। ऐसे पांच स्कूलों को चिन्हित करते हुए उन पर दो-दो लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। इसके अलावा यह राशि 30 दिन में जमा करने के आदेश भी दिए गए हैं। पूर्व में भी जबलपुर कलेक्टर निजी स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की थी। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जिन विद्यार्थियों से अधिक फीस वसूल की गई है उन्हें वापस लौटाने के आदेश भी दे दिया गए है। उन्होंने बताया कि विद्यालयों को पहले ही सूचित कर दिया गया था मगर उनके द्वारा जानबूझकर नियम का पालन नहीं किया जा रहा था। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जिन स्कूलों पर कार्यवाही की गई है, उनमें सेंट अगास्टिन स्कूल, आदित्य कान्वेंट, अशोक हाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेंट्रल, एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एमजीएम हाई सेकेंडरी स्कूल शामिल है। यदि स्कूल संचालक द्वारा समय सीमा में राशि जमा नहीं की गई तो उनके खिलाफ और भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## विधायक पत्नी के साथ होर्डिंग में अपनी फोटो देख भड़के पूर्व सांसद, बोले- दोबारा ऐसी हरकत की तो जेल पहुंचा दूंगा



बालाघाट, 20 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व सांसद और बसपा नेता कंकर मुंजारे ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी पत्नी (बालाघाट क्षेत्र से कांग्रेस विधायक) ने अपने राजनीतिक होर्डिंग और बैनरों में उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल बंद नहीं किया तो वह उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता कंकर मुंजारे ने बुधवार को अनुभा मुंजारे को जन्मदिन की बधाई देने के लिए शहर में लगाए गए होर्डिंग में अपनी तस्वीरों के इस्तेमाल पर नाराजगी जताई और उन्होंने होर्डिंग हटवा भी दिए। उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान अपनी विधायक पत्नी अनुभा को राजनीतिक विचारधाराओं में मतभेद के कारण घर छोड़ने को कहा था। फिलहाल, दोनों अलग-अलग रहते हैं। बसपा नेता ने कहा, यह एक गैरजिम्मेदाराना रवैया है क्योंकि विधायक अनुभा मुंजारे ने मेरी सहमति के बिना होर्डिंग पर मेरी तस्वीर का इस्तेमाल किया। यह मेरा अपमान है। उन्हें अपनी सीमा में रहना चाहिए और अपने (पार्टी) नेताओं की तस्वीरों का इस्तेमाल करना चाहिए।₹ उन्होंने कहा, ''यह उनकी क्षुद्र मानसिकता₹ को दर्शाता है। मैं एक अलग पार्टी में हूं और वह दूसरी पार्टी में हैं। मेरी तस्वीर का इस्तेमाल कैसे किया जा रहा है? मेरा नाम उनके किसी भी कार्यक्रम में नहीं आना चाहिए। मेरा इससे कोई संबंध नहीं है।

# तालाब से नहाकर लौट रही आदिवासी युवती के साथ छेड़छाड़, जाति पर की आपत्तिजनक टिप्पणी

बोलांगीर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के बोलांगीर जिले के कांटाबांजी के बंगोमुंडा थाना क्षेत्र में एक 20 साल की आदिवासी युवती के साथ दुर्व्यवहार और हिंसा की गंभीर घटना सामने आई है। 16 नवंबर को जुराबंध गांव की एक आदिवासी युवती जब गांव के तालाब से नहाकर घर लौट रही थी, तभी गांव के अभय बाग ने उस पर हमला कर दिया। युवती का आरोप है कि अभय ने न सिर्फ उसके साथ छेड़छाड़ की, बल्कि गाली-गलौज करते हुए उसकी जाति पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की। युवती ने बताया कि आरोपी ने उसकी छाती पर हाथ मारकर उसे नीचे गिरा दिया। जब उसकी बड़ी मां चंपा मिर्धा उसे बचाने आईं, तो आरोपी ने उनके गले को दबाने का प्रयास किया और उन्हें भी अपशब्द कहे। इसके बाद आरोपी ने हाथ में गंदगी लाकर युवती के चेहरे पर लगाई और उसे जबरदस्ती खिलाने का प्रयास किया।

**आरोपी फरार, तलाश में जुटी पुलिस**

इस गंभीर मामले को लेकर युवती ने बंगोमुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 288/24 के तहत मामला दर्ज किया है। कांटाबांजी एसडीपीओ गौरांग चरण साहू ने बताया कि पीड़िता की ओर से मामले की शिकायत दर्ज कराई गई है। आरोपी फरार है, लेकिन उसे पकड़ने के लिए प्रयास जारी हैं। घटना के बाद स्थानीय आदिवासी संगठन न्याय की मांग कर रहे हैं। आदिवासी कल्याण संघ के सदस्यों ने दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन तुरंत कार्रवाई नहीं करता, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। स्थानीय समाजसेवी अजीत जोशी ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह कृत्य निंदनीय है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना ये होगा कि आदिवासी युवती के साथ हुए इस दुर्व्यवहार के खिलाफ पुलिस प्रशासन क्या कार्रवाई करती है।

# पुलिस से परेशान महिला ने एसपी से मांगी आत्महत्या की इजाजत, साहब ने साइन कर दे दिया अप्रूवल



छतरपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के छतरपुर में एक महिला ने न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि थाने की पुलिस ने महिला से सीएम हेल्पलाइन कटवाने के लिए दबाव बनाया, जिसके बाद पीड़ित महिला ने एसपी को एक शिकायती आवेदन पत्र देते हुए आत्महत्या करने की इजाजत मांगी, जिस पर छतरपुर के एसपी ने महिला के आवेदन पत्र पर सील साइन करके रिसीविंग महिला को दे दी यानी अप्रूवल दे दिया। इसके बाद मामले ने जबरदस्त तूल पकड़ा और यह बढ़ता चला गया। पीड़ित महिला ने कहा कि हमारी कहीं सुनवाई नहीं हुई, तो हम ने एसपी से आत्महत्या करने की इजाजत मांगी, जिस पर हमें इजाजत दे दी गई। अब हमारे पास आत्महत्या करने के सिवाय कोई रास्ता नहीं है। दरअसल छतरपुर जिले के हरपालपुर में रहने वाली शोभा जंगरिया वार्ड नंबर 13 खटीक मोहल्ले में रहती हैं और पीड़ित महिला ने आरोप लगाते हुए हरपालपुर थाने में एक शिकायती आवेदन पत्र दिया था।

**थाना पुलिस के खिलाफ शिकायत**

महिला ने आवेदन पत्र में बताया था कि उसके पति राजेंद्र जंगरिया के साथ 10 नवंबर की रात मोहल्ले में रहने वाले बालादीन खटीक, दिलीप खटीक ने शराब के नशे में मारपीट की थी। इस मामले में पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की, जिन्होंने मारपीट की थी। इसके बाद महिला शोभा जंगरिया ने सीएम हेल्पलाइन 181 में हरपालपुर थाना पुलिस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

**झूठे मामले में फंसाने की धमकी**

बताया गया कि थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा सीएम हेल्पलाइन कटवाने के लिए लगातार दबाव बना रहे थे, जब महिला शोभा ने सीएम हेल्पलाइन कटवाने से इनकार किया तो पुलिस का कहना था कि तुम्हें झूठे मामले में फंसा दिया जाएगा। इसी प्रताड़ना के चलते शोभा जंगरिया ने 18 नवंबर को एसपी अगम जैन को एक शिकायती आवेदन पत्र देते हुए आत्महत्या की इजाजत मांगी, तो शोभा को एसपी कार्यालय से सील और साइन करके रिसीविंग दे दी गई।

**एसपी ने सिरे से नकारा**

इसके बाद से ही आवेदन पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उधर इस मामले को लेकर एसपी ने आत्महत्या की बात को सिरे से नाकारा और अपनी सफाई देते हुए कहा कि महिला ने आत्महत्या करने जैसी कोई बात नहीं बताई थी। बल्कि सीएम हेल्पलाइन कटवाने के लिए दबाव बनाने की बात कही थी, जिस पर तुरंत एसडीओपी नौगांव को जांच के लिए आदेशित किया था लेकिन महिला ने जो आवेदन दिया है। उस पर साफ शब्दों में लिखा है “परेशान होकर आत्महत्या की अनुमति हेतु आवेदन पत्र”

# बलवंत राजोआना भाई के भोग में शामिल

## अब पटियाला जेल रवाना; पंजाब के पूर्व सीएम का हत्यारा बोला- मिशन में कोई दिक्कत नहीं आई



लुधियाना, 20 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह का हत्यारा बलवंत सिंह राजोआना बुधवार को 3 घंटे के लिए जेल से बाहर आया। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वह लुधियाना के राजोआना कलां गांव में मंजी साहिब गुरुद्वारे में अपने भाई कुलवंत सिंह के भोग कार्यक्रम में शामिल हुआ। अब उसे कड़ी सुरक्षा में वापस पटियाला ले जाया जा रहा है। बलवंत सिंह राजोआना ने कहा- 'मुझे आज भी वो सीन याद है। मैं और दिलावर मां-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से मिशन पर निकले थे। उस समय हमारे कदम ऐसे चल रहे थे, जैसे जल्दी मंजिल की तरफ पहुंच रहे हों। परमात्मा की ऐसी कृपा हुई, हमारे मिशन में किसी तरह की दिक्कत नहीं आई। दिलावर सिंह ने शहादत दी। उन्हें कौमी शहीद का दर्जा भी सिख कौम ने दिया।' कुलवंत सिंह की 14 नवंबर को मौत हो गई थी। बलवंत सिंह राजोआना ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से भोग में शामिल होने के लिए पैरोल मांगी थी। इससे पहले जनवरी 2022 में हाईकोर्ट ने उसे पिता की मौत के बाद भोग और अंतिम अरदास में शामिल होने की इजाजत दी थी।

**पीड़ा उसे पता, जिसने दर्द सहा**

बलवंत सिंह राजोआना ने कहा- अकाली दल की पूरी लीडरशिप आज बड़े भाई को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंची। दुख की घड़ी में समस्त खालसा पंथ परिवार के साथ आकर खड़ा हुआ है। मेरे दोनों भाई इंजीनियर गुरमीत सिंह और भाई शमशेर सिंह भी दोनों आज यहां आए। उन्होंने भी 30-30 साल जेल की दीवारों में गुजारे हैं। इस पीड़ा को सिर्फ वही सह सकता है, जिसने ये दर्द सहा हो।


**हरपिंदर गोल्डी के पास दूसरा जन्म हुआ**

मेरा और मेरे भाइयों का जन्म इस धरती पर हुआ है। जब हम पढ़ाई करते थे तो बहुत चिंता में खेती किया करते थे। ये धरती गुरु गोबिंद सिंह जी के चरणों की छोह प्राप्त धरती है। खेती करते समय पता नहीं कब गुरु साहिब के पैरों की धूल का कौन सा तिनका मेरे माथे पर लग गया। मुझे आशीर्वाद दिया कि मैं खुद कौमी हरपिंदर सिंह गोल्डी के पास चला गया। वहां मेरा दूसरा जन्म हुआ। उनके माता-पिता ने मुझे अपना दूसरा बेटा बनाया।

**शहीद की बहन लड़ाई लड़ रही**

शहीद की बहन कमलदीप कौर पिछले 20 साल से मेरे साथ एक जरनैल की तरह सिख कौम की लड़ाई लड़ रही है। मुझे याद है, जब मैं और कौमी शहीद भाई दिलावर सिंह ने इकट्ठे कौम के दर्द को महसूस किया। उस समय बहन ने ये कहकर भेजा कि अपना फैसला सुप्रीम कोर्ट में है, कुछ ऐसा न बोल देना कि इन्हें बहाना मिल जाए। मैं बहन से वादा करके आया हूं।

## पशुपति पारस को एनडीए में नहीं मिल रहा भाव? गठबंधन से होंगे बाहर? क्यों बोले उपेंद्र कुशवाहा



पटना, 20 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस को एनडीए में मान-सम्मान नहीं मिल रहा है। यह आरोप उनकी पार्टी के नेताओं की ओर से लगाया गया है। उम्मीद है वो एनडीए से बाहर हो जाएं। इसको लेकर एनडीए में शामिल नेता और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा से बुधवार को सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, इस पर मैं कुछ नहीं बोलूंगा। उपेंद्र कुशवाहा आज दिल्ली से पटना पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे पटना एयरपोर्ट पर सवाल किया था। दूसरी ओर महाराष्ट्र और झारखंड में हुए चुनाव को लेकर कहा कि उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सब जगह एनडीए की बढ़त है। कहीं कोई कठिनाई नहीं है। महाराष्ट्र में बीजेपी नेता विनोद तावड़े के नोट बांटे जाने वाले मामले में कुशवाहा ने कहा कि आरोप लगाने से कुछ नहीं होगा। क्या सच्चाई है उसको कोई साबित करे उसके बाद कुछ बयानबाजी करें। आरोप लगाने से कुछ नहीं होता है।आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नियोजित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटा है। इस पर उपेंद्र ने कहा कि यह अच्छी बात है न, मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक नौकरी और रोजगार देने का वादा किया है। उस दिशा में सरकार मजबूती से काम कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। नियुक्ति पत्र के वितरण पर महागठबंधन के लोग कह रहे हैं कि ये उनका तैयार किया हुआ रोड मैप था। इस पर उपेंद्र कुशवाहा ने तंज कसते हुए कहा कि रोड मैप क्या होता है उन्हें पता है क्या? बीजेपी की ओर से लगातार नारा लगाया जा रहा है 'बंटोगे तो कटोगे', इस पर उन्होंने कहा कि इस तरह की बातों में हमारी सहमति नहीं हो सकती। एक सवाल पर कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव प्रचार के लिए झारखंड नहीं गए इस पर जवाब में कहा कि नहीं गए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के एक बयान पर भी प्रतिक्रिया देने से उपेंद्र कुशवाहा बचते दिखे।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 21 नवंबर- 2024

# आँखों में जलन घुट रहा दिल्ली का दम



हर्षवर्धन पाण्डे

दिल्ली की आबोहवा में ताजे ऑक्सीजन के बजाय जहर घुलता जा रहा है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है।हर साल ठंड के मौसम में दिल्ली का वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन जाता है। अक्टूबर से लेकर जनवरी तक, दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। दिल्ली का वायु प्रदूषण मुख्य रूप से वाहनों से निकलने वाली गैसों, निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल, किसानों द्वारा जलाए गए पराली, और औद्योगिक कारखानों से निकलने वाले धुएं के कारण होता है। इस प्रदूषण के कारण वायुमंडल में पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे महीन कणों की मात्रा अत्यधिक बढ़ जाती है जो सांस लेने में मुश्किल पैदा करते हैं और कई गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। प्रदूषण का सबसे गंभीर असर शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। हर साल लाखों लोग प्रदूषण से संबंधित बीमारियों, जैसे अस्थमा, फेफड़ों के रोग, हृदय रोग और कैंसर का शिकार होते हैं। बच्चों और बुजुर्गों में प्रदूषण से संबंधित रोगों की संभावना अधिक होती है। इसके अलावा, प्रदूषण का असर मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है, जिससे तनाव, घबराहट, और सिरदर्द जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

राजधानी दिल्ली और एनसीआर के तमाम हिस्सों में धुंध की चादर ने कई बरस पहले की दिवाली के दौर की यादों को ताजा कर दिया है। सभी इलाकों में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है क्योंकि प्रदूषण ने इस बार सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जिधर देखो वहां धुंध की चादर दिखाई दे रही है। आँखों से पानी आ रहा है तो खांसी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लोगों को अपने काम पर जाने में दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है वहीँ यह प्रदूषण का खतरनाक स्तर बच्चों के लिए घातक है लिहाजा सभी स्कूल, विश्वविद्यालय बंद कर दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आप सरकार को कल कड़ी फटकार लागते हुए पूछा क्या दिल्ली में 10वीं और 12वीं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के फेफड़े अलग हैं जो उनको बंद नहीं किया गया है। वैज्ञानिको का साफ़ मानना है कि दिल्ली की आबोहवा में इतना जहर घुल गया है कि अब यहाँ जीना मुश्किल होता जाएगा और जहरीले प्रदूषण की गिरफ्त आने वाला हर इंसान सांस , हार्ट की कई बीमारियों का शिकार हो जायेगा। अमेरिकी सैटेलाइट की तस्वीरों में भी उत्तर भारत के वायुमंडल में आग जनित धुंए की मौजूदगी को दर्शाया है। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में हवा की गति थमने के कारण वायुमंडल में मौजूद प्रदूषक तत्वों पीएम 2.5 और पीएम 10 धुंध की शक्ल में जमा हो गये हैं जिसकी वजह से न सिर्फ हवा में घुटन बढ़ गयी है बल्कि यातायात सहित सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हुआ है । हवा की गुणवता बताने वाला सूचकांक हर दिन गंभीर कुलांचे मार रहा है और वायु गुणवत्ता सूचकांक 900 तक को क्रॉस कर रहा है। स्थितियां दिनों दिन जटिल ही होती जा रही हैं।

हाल कितने बुरे हैं इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वायु प्रदूषण मापने का जो पैमाना बनाया है पी एम 2.5 का स्तर प्रतिघन मीटर 10 माइक्रो ग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए लेकिन दिल्ली के कई इलाकों में यह 400 माइक्रोग्राम क्यूबिक मीटर (एमजीसीएम) और पीएम 10 का स्तर 1000 एमजीसीएम रिकॉर्ड तक पहुंचने के कगार पर है जो कहीं न कहीं हमारे लिए खतरे की घंटी है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार राजधानी दिल्ली में पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है । कई स्थानों में पीएम 2.5 का स्तर सामान्य से 12 गुना अधिक तो पीएम 10 का स्तर सामान्य से 10 गुना अधिक पार कर गया है । दिनों दिन दिल्ली के इलाकों में प्रदूषण के स्तर में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पीएम 2.5 हवा में किसी भी प्रकार के पदार्थ को जलाने से निकलने वाले धुंए से आता हैं। वाहनों के इंजन में पेट्रोल और डीजल के जलने से धुआं निकलता हैं, और इस धुंए में विभिन्न प्रकार के प्रदूषक होते हैं, जिनमें पी एम 2.5 भी एक होता हैं। लकड़ी, गोबर के उपले, कोयला, केरोसिन तथा कचरा जलाने, फैक्टरी, सिगरेट से निकलने वाला धुंए में पीएम 2.5 की तादात अत्यधिक होती हैं। पीएम 2.5 कई प्रकार से हमारे स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। छींक, खांसी, आंखों, नाक, गले और फेफड़ों में होने वाली जलन का कारण पीएम 2.5 भी हो सकता हैं। लंबे समय तक पीएम 2.5 की अधिकता वाली प्रदूषित हवा में रहने से अस्थमा, फेफड़ों तथा हृदय संबंधी बीमारी होने की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती है और यही बीमारियां बाद में मौत का कारण बनती है। पीएम 2.5 से होने वाली बीमारी का खतरा बूढ़े और बच्चो में अत्यधिक होती है।

भारत में शहरों में रहने वालों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। वाहनों, फैक्टरी तथा कचरा जलाने से निकलने वाला धुआँ शहरों में पीएम 2.5 का मुख्य स्रोत होता हैं। आज विश्व के 20 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में भारत के 10 से अधिक शहर आते हैं। देश के ज़्यादातर शहरों में पीएम 2.5 का स्तर सरकार द्वारा निर्धारित किए गए मानको से कहीं अधिक है। पीएम 2.5 हमारी आसपास की हवा में घुला एक ऐसा अदृश्य जहर हैं, जो प्रतिवर्ष विश्व के लगभग 80 लाख लोगो की मौत का कारण बनता हैं। हिंदुस्तान में हर वर्ष लगभग 800000 लोग सिर्फ पीएम 2.5 से होने वाली बीमारियों के कारण मारे जाते हैं। देश मे सबसे ज्यादा मौते सांस और हाई ब्लड प्रेशर के कारण होती हैं। घर के अंदर खाना पकाने के लिए लकड़ियों , गोबर के उपलें। केरोसिन से निकलने वाले धुंए से उत्पन्न पीएम 2.5 मौत दूसरा सबसे बड़ा कारण हैं। सिगरेट पीना और खाने मे पोषक तत्वों की कमी देश मे होने वाली मौतों का तीसरा व चौथा सबसे बढ़ा कारण हैं। पाँचवा बढ़ा कारण बाहर की हवा में उपस्थित पीएम 2.5 हैं जो गाड़ियों, फैक्टरी और कचरा जलाने से निकलने वाले धुंए से आता हैं।

दशकों से यह बात देखने में आ रही है कि दिल्ली की आबोहवा की फ़िक्र सरकारों और नीति नियंताओं को नहीं है । प्रदूषण को लेकर आज एक जनांदोलन की ज़रूरत है जिसकी शुरुआत आम आदमी से होनी चाहिए। दिल्ली में डीजल से चलने वाले वाहनों पर सरकार का कोई अंकुश नहीं है । सार्वजनिक परिवहन यहाँ पर दूर की गोटी है। साल दर साल वाहनों की संख्या यहाँ पर बढ़ती जा रही है। एक ख़ास बात यह है आज के समय में कारें हमारे देश में स्टेटस सिंबल की तरह हो गई हैं । एक परिवार में अगर 5 सदस्य हैं तो सबके अपने अपने वाहन हैं जिससे वो आते जाते हैं । निजी वाहनों की संख्या यहाँ 1.5 करोड से भी ज्यादा हो चली है जो दिल्ली की साँसों में जहर घोल रही है। कई साल पुराने डीजल से चलने वाले वाहन दिल्ली की फिजा में फर्राटा भर रहे हैं जो सबसे अधिक प्रदूषण का कहर बरपा रहे हैं। चाइना और जापान जैसे देशों में पीएम 2.5 अगर सामान्य स्तर को पार कर जाता है तो वहां की सरकारें जनता के स्वास्थ्य के प्रति संजीदा हो जाती हैं और कड़े फैसले लेती हैं । चीन में कार्बन उत्सर्जन का मुख्य कारक कोयला रहा इसलिए उसने कोयले के इस्तेमाल में कटौती करने का लक्ष्य रखा और उसने बीते एक साल में ही यह निर्भरता काफी कम कर दी है। चीन में अब ऊर्जा की जरूरतों को बिजली और गैर-जीवाश्म ईंधनों से पूरा करने की कोशिश की जा रही है। चीन में हैवी इंडस्ट्री को बंद किया जा रहा है जो कोयले पर आधारित हैं साथ ही चीन कोयला मुक्त होने की राह पर खड़ा है। चीनी सरकार ने जब यह देखा कि बीजिंग और उसके बाकी बड़े शहरों का दम घुटने लगा है तो उसने ऑनलाइन एयर रिपोर्टिंग की व्यवस्था शुरू की। चीन में अब 1500 साइट्स से पल्यूशन के रियल टाइम आंकड़े हर घंटे जारी किए जाते हैं। चीनी सरकार भी नियमित तौर पर शहरों की एयर क्वॉलिटी की रैंकिंग जारी करती है साथ ही लोगों को भी समय-समय पर ये डाटा चेक करते रहने की सलाह जारी की जाती है। 2015 में चीन में पर्यावरण प्रोटेक्शन कानून सख्ती से लागू हैं। चीन में ये कानून अब इतना कड़ा है कि प्रदूषण फैलाने वाली कंपनियों पर जुर्माने करने की कोई सीमा नहीं रखी गई है। कई बड़ी कंपनियों पर जुर्माना भी लगाया गया है।

# अब बिटकॉइन बम!

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के एक दिन पहले भाजपा के महासचिव विनोद तावडे के कैश कांड को लेकर जहां राजनीतिक तूफान खडा हो गया था तो वहीं वोटिंग से ठीक पहले भाजपा ने बिटकाइन कांड का खुलासा कर चुनावी सियासत में उबाल ला दिया है। बीजेपी ने बिटकॉइन को लेकर आरोप लगाया कि एनसीपी नेता सुप्रिया सुले और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले इस हेराफेरी में शामिल हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस और महा विकास अघाडी के नेताओं की ओर से बिटकॉइन के कैश ट्रांजैक्शन से जुड़े साक्ष्य, चैट्स और ऑडियो क्लिप्स को मीडिया के सामने रखा। उक्त दो घटनाओं से गंभीर प्रश्न खड़ा हो रहा है कि यदि यही सब चलता रहा तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का कल्पना कैसे की जा सकती है। त्रिवेदी ने तंज कसा कि कहीं मोहब्बत की दुकान के सामान का भुगतान सात समंदर पार से तो नहीं किया जा रहा है? कुछ पूर्व अधिकारियों ने भी जो बातें कही हैं, वह लोकतंत्र के लिए बहुत ही चिंताजनक हैं। त्रिवेदी के अनुसार एक पूर्व पुलिस अधिकारी जो एक आरोप में पहले जेल में रह चुका है। उसने संपर्क करने वाले डीलर से स्पष्ट कहा कि मैं पहले ही जेल जा चुका हूं, इसलिए अब इस तरह के किसी लफडे में नहीं फंसना चाहता। तब डीलर आश्वासन देता है कि इसमें बड़े लोग शामिल हैं और वह कांग्रेस के महाराष्ट्र के अध्यक्ष नाना पटोले और सुप्रिया सुले का नाम लेता है। त्रिवेदी के प्रस्तुत आडियो क्लिप के अनुसार डीलर का दावा है कि इलेक्शन के लिए हमें सिर्फ कैश रुपए चाहिए। बहरहाल, इस ओडियो क्लिप में बहुत ही गंभीर, खतरनाक और चिंताजनक बातें उभर कर सामने आई हैं। इस संबंध में त्रिवेदी ने एनसीपी नेता सुप्रिया सुले और कांग्रेस पार्टी के नेता नाना पटोले पर पांच सवालों की झडी लगाते हुए जवाब मांगा है। त्रिवेदी ने कहा, यदि 5 उंगलियों वाला पंजा इन पांच सवालों का उत्तर नहीं देता है तो प्रदेश और देश की जनता यह समझ ले कि यह पंजा किसके लिए कार्य कर रहा था। भाजपा ने तंज कसा कि एक ओर तो राहुल गांधी तिजोरी खोल के दिखा रहे थे कि जिसमें कुछ नहीं है लेकिन यहां तिजोरी का तो मामला ही नहीं था, सब हाईटेक हो रहा था। यह वो पार्टी है जब इनकी सत्ता थी तो गृह मंत्री पर आरोप पुलिस कमिश्नर ने लगाया था कि यह 100 करोड़ रुपये महीने बसूलने के लिए कहते हैं। इसके बाद गृह मंत्री गिरफ्तार हुए और पुलिस कमिश्नर फरार हो गए। मंत्री जी अब बाहर हैं और उनके लडके नागपुर के कटोल क्षेत्र से चुनाव लड रहे हैं। पूर्व मंत्री पर चुनाव से एक दिन पहले ही पत्थरबाजी की गई थी जिसमें वे घायल हो कर अस्पताल में भर्ती हैं। एनसीपी और कांग्रेस ने उक्त पांच सवालों का जवाब नहीं दिया, तो देश और प्रदेश की जनता उन मंसूबों का असली चेहरा बेनकाब होते हुए देखेगी, जिन्होंने चुनाव के दौरान इस तरह का खेल खेला है। भाजपा के आरोपों के जवाब में सुप्रिया सुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ' मतदान के कुछ घंटों पहले मतदाताओं को गुमराह करने के लिए झूठी सूचना फैलाने के हथकंडे अपना कर भाजपा ने मानहानि कारक काम किया है इसके लिए मेरे वकील जल्द ही सुधांशु त्रिवेदी को आपराधिक और दीवानी मानहानि का नोटिस जारी करेंगे।

# आंकड़ों का इंद्रजाल



डॉ टी महादेव राव

क्या बात है? बहुत खुश दिखाई पड़ रहे हो छोटू! कौन सा है वह सपना जो पूरा हुआ और कौन सी इच्छा है जो पूरी हुई?

मेरे अपने सपने क्या होंगे भैया? जनहित और लोक कल्याण ही मेरा सपना है। जनता ही मेरा सब कुछ है। कहीं तुम राजनीति में तो नहीं आ गए हो?

कितनी बड़ी बात कह दी भैया! गालियां भी देते तो इतना दुख नहीं होता। राजनीति से दूर, सच्ची जन सेवा करना ही मेरा सिद्धांत है। ठीक है। वोट देकर जिता कर सेवा करो महाप्रभु कहने पर भी कोई सुनवाई नहीं। ऊपर से जितना हाथ आया उसे लूटने की कूटनीति का शुरुआत कर रहे हैं कुछ नेता और तुम राजनीति से सेवा करने के लिए क्या ऊपर से आए हो!

यही ज्यादती हो रही है भैया! जिसके पास पैसा नहीं है, क्या उसे सेवा करने का कोई हक भी नहीं है? मैंने काफी पैसा गरीबों को खिलाने के लिए जमा कर रखा है। लेकिन इस बीच हमारी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा निधि और विश्व बैंक के प्रतिनिधियों के द्वारा दिए गए विवरणों को सुनने के बाद मुझे लगा कि मुझे अधिक मेहनत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

छोटू! ऐसा क्या? अब यह बताओ कि विश्व बैंक और आईएमएफ के प्रतिनिधि क्या कहते हैं?उनका कहना है कि हमारे देश में गरीबी काफी हद तक कम हो गई है। पूरी तरह गरीबी मिटाने में ज्यादा समय नहीं है। उनका कहना है दुर्भर दारिद्र्य यानी बहुत अधिक गरीबी जो है वह एक प्रतिशत से भी कम है। 2024 तक भारत में भारी गरीबी 10.2 प्रतिशत तक कम हुआ है जबकि 10 वर्ष पहले वही 22.5 प्रतिशत हुआ करता था। ये विश्व बैंक के आंकड़े हैं। इन दोनों संस्थाओं के हिसाब किताब में अंतर है, फिर भी कुल मिलाकर दोनों का कहना है कि गरीबी भारत में कम हो रही है। इसका मतलब है अब मुझे गरीबों और गरीबी को हटाने के बारे में ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है यह खुश होने का ही मुद्दा है न भैया!

छोटू! विचार तो ठीक हैं तुम्हारे। लेकिन अत्यधिक गरीबी 1% से कम कैसे हुआ क्या उन लोगों ने बताया?

हां उनका कहना है यह सब हमारे केंद्र सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों पर दिए जाने वाले रियायतों के चलते, मुफ्त राशन बांटने के कारण ही हुआ है।

अरे वाह! एक योजना से ही पीढ़ियों से चली आ रही समस्या का अंत हो गया! इस हिसाब से अगर प्रत्येक सरकारी विभागों में द्वारा एक एक योजना लागू कर एक एक समस्या को शाश्वत रूप से दूर किया जा सकता है। ऐसे में इतनी सारी समितियां, इतने सारे आयोगों की जरूरत है क्या? कोई कुछ भी बताए, आपको विश्वास क्यों नहीं होता भैया? अगर एक समस्या सुलझ गई तो हमें खुश होना चाहिए कि नहीं बोलिए?

अगर सच में समस्या सुलझ गई है तो उससे बड़ी बात क्या हो सकती है? हमारे शासकों द्वारा अपनाई गई कल्याण योजनाएं शत प्रतिशत सही परिणाम दे रही हैं, ऐसे भ्रम में या नेताओं पर अति विश्वास या अति उत्साह के साथ समस्याओं का निराकरण करने की झूठी बातों को फैलाने वालों की कमी क्या है, बोलो।इसका मतलब है गरीबी उतनी कम नहीं हुई है जितना कि उन्होंने कहा है यह कहना चाहते हैं आप? मतलब हमारे लिए बहुत सारा काम है, लेकिन पूरे देश में यह काम हो, इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर के प्रयास तो कर सकते हैं न। क्यों भैया?

# यदि रूस ने एटमी जंग छेड़ दिया तो तबाही तय है?

कमलेश पांडेय

भारत के राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर ने कहा था कि छीनता हो सत्व कोई, और तू त्याग-तप के काम ले, यह पाप है। पुण्य है विच्छिन्न कर देना उसे, बढ़ रहा तेरी तरफ जो हाथ हो। शायद अपने मित्र देश के त्रिकालदर्शी कवित्व सोच पर ततपरतापूर्वक अमल करते हुए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी ₹नई परमाणु नीति-2024 पर साइन की हो जिसमें दो टूक घोषणा की गई है कि यदि किसी भी परमाणु शक्ति वाले देश के समर्थन से कोई रूस पर हमला करता है तो इसे उनके देश पर संयुक्त हमला माना जाएगा और ऐसी हालात में रूस एटम बम का इस्तेमाल कर सकता है। पुतिन की न्यूक्लियर डेटरेट फोर्स में जमीनी, समुद्री और वायुसेना शामिल है, यानी हमले पर रूस तीनों जगहों से पलटवार करेगा।

ऐसे में सवाल उठता है कि नई नीति पर साइन करने के बाद यदि रूस पर कोई भी बड़ा हवाई या ड्रोन हमला होता है तो वह परमाणु प्रतिक्रिया को जन्म दे सकता है। क्योंकि यूक्रेन संघर्ष के 1000 वें दिन रूस ने परमाणु हमले पर जो अपनी नीति बदली है, उससे स्पष्ट है कि अमेरिकी शह पर यदि यूक्रेन ने रूस के विरूद्ध ज्यादा घातक कार्रवाई की तो रूस इस हमले का जवाब एटम बम से देगा। यह सीधे में बने पूरे गठबंधन से किया गया तौर पर अमेरिकी अगुआई नाटो को संकेत है हालांकि, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि रूस परमाणु युद्ध छिड़ने से रोकने के लिए हर संभव कोशिश करेगा।

लेकिन सवाल है कि वह भी ऐसा तभी कर पाएगा जबकि दुनिया का सुपर पावर अमेरिका उसके पड़ोसी देशों को उकसाने की कार्रवाई बंद करेगा जो वह करने वाला नहीं है क्योंकि यह उसकी फितरत है, सत्तागत प्रवृत्ति है, कारोबारी प्रकृति है, जो हथियार निर्माता लॉबी की हथियार खपाओ रणनीति पर काम करती है, आधारित होती है।बहरहाल, रूस ने जिस तरह से दावा किया है कि यूक्रेन ने अमेरिका से मिली लंबी दूरी की मिसाइल से उस पर हमला किया है। लिहाजा वह उचित तरीके से जल्द जवाब देगा, से यूरोपीय देशों में खलबली मच गई है। ,नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड जैसे नाटो (NATO) के देशों ने अपने-अपने नागरिकों को युद्ध के गंभीर होने को लेकर सतर्क किया है। सवाल है कि जब पुतिन ने अपने देश में परमाणु युद्ध से बचाव वाले शेल्टर्स बनवाने शुरू कर दिए हैं तो यह तय भी कर लिया होगा कि जैसे अमेरिका जापान के खिलाफ परमाणु बम का प्रयोग करके विश्वशक्ति बन गया, कुछ वैसी ही ताकत यूक्रेन व उसको शह देने वाले देशों को परमाणु सबक सिखला कर हासिल की जा सकती है। चीन से लेकर उत्तर कोरिया तक और ईरान जैसे देशों की रूस की इस नई रणनीति को मूक समर्थन प्राप्त है। वहीं, भारत की तटस्थता भी रूस के लिए समर्थन जैसा ही है। दरअसल, दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन को रूस के भीतर अमेरिकी मिसाइलों के इस्तेमाल की मंजूरी की दी थी जिस पर जवाबी कार्रवाई करते हुए पुतिन ने एटमी हथियार से जुड़े नए आदेश पर गत मंगलवार को ही दस्तखत किए हैं। बता दें कि रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन में सैनिक उतारे थे जिसके बाद यूक्रेन जंग के 1000 दिन इसी दिन को पूरे हो चुके हैं।

सुलगता हुआ सवाल है कि आखिर पुतिन ने अपनी एटमी नीति क्यों बदली? तो जवाब में रूसी मामलों के जानकारों का कहना है कि पुतिन का मकसद यही है कि यूक्रेन का समर्थन कर रहे देश उस पर हमला न कर सकें। ऐसे खतरों से बचने के लिए ही एटमी हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत देना एक तरह से पश्चिमी देशों को पीछे हटने को मजबूर करना है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और यूरोपीय देशों ने हाल में ही यूक्रेन को लंबी दूरी के हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत दी है जिसके दृष्टिगत अब तीसरे विश्व युद्ध का खतरा मंडराने लगा है?

सवाल है कि अमेरिकी मंजूरी के बाद लगे हाथ यूक्रेन ने पहली बार रूस के अंदरूनी इलाके में अमेरिकी मिसाइलें दागी हैं। बताया गया है कि यूक्रेनी सेना ने मंगलवार तड़के ब्रांस्क (Bryansk) क्षेत्र में 6 अमेरिकी ATACMS मिसाइलें दागी हैं हालांकि, रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने 5 मिसाइलों को मार गिराया। यह हमला कोरियाई सैनिकों की मौजूदगी वाले सैन्य ठिकानों पर किया गया। वहीं, रूस ने 7भी जवाब दिया,जिसमें 12 यूक्रेनी मौतें हुईं हैं। इससे नाटो देशों को अब एटमी जंग का खतरा मंडराता दिख रहा है। लिहाजा, इन देशों ने अपने नागरिको को भयावह जंग के लिए तैयार होने की सलाह दी है। ब्रिटिश मीडिया द मिरर के मुताबिक, नाटो देशों ने बाकायदा पर्चे छपवाकर लोगों से खाना-पानी जमा करने को कहा है। वहीं, स्वीडन ने लोगों से बंकरों में छिपने को कहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से स्वीडन ने ऐसा पांचवीं बार किया।

देखा जाए तो खुद रूसी फेडरेशन की सिक्योरिटी काउंसिल में डिप्टी चेयरमैन दिमित्री मेदवेदेव ने दो टूक कहा है कि रूस की नई परमाणु नीति का मतलब है कि हमारे देश के खिलाफ दागी गई नाटो मिसाइलों को रूस पर हमला मानेंगे जिसके जवाब स्वरूप कीव और प्रमुख नाटो ठिकानों के खिलाफ, चाहे वे कहीं भी हो, एटमी हथियार से जवाब दे सकते हैं। मतलब तीसरे विश्व युद्ध में कोई संशय नहीं! ये कभी भी शुरू हो सकता है! इसी नजरिए से रूस ने अपनी नई परमाणु नीति घोषित की है जिसकी 6 बातें स्पष्ट हैं। पश्चिमी देशों को इस पर गौर करना चाहिए और किसी प्रकार की लापरवाही से बचना चाहिए अन्यथा उनकी बचकानी हरकतें पूरी दुनिया को एक नई मुसीबत में डाल सकती हैं।रूस की नई परमाणु नीति की 6 बातें स्पष्ट हैं- पहला, किसी एटमी ताकत वाले देश की मदद से रूस की सरजमी पर पारंपरिक मिसाइल से भी हमला होता है तो ऐसी स्थिति में रूस एटमी हथियार से जवाब देने को स्वतंत्र होगा। दूसरा, अगर रूस की सीमा पार करके कोई हथियार हवा से आता है तो इसे रूस के खिलाफ जंग माना जाएगा। ऐसी स्थिति में भी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता है। तीसरा, रूस को अगर ऐसा लगा कि उसके देश को और लोगों को खतरा है तो वह एटमी मिसाइल और मिसाइल डिफेंस सिस्टम को तैनात कर सकता है। चौथा, कोई देश रूस के खिलाफ ड्रोन हमला करता है, तो भी इसका जवाब न्यूक्लियर डेटरेस यानी एटमी हथियार से किया जा सकता है। पांचवां, रूस के खिलाफ बलिस्टिक मिसाइल का भी इस्तेमाल हुआ तो जवाब में पूतिन प्रशासन परमाणु हमला कर सकता है। छठा, स्पेस से हमले की स्थिति में रूस अपने मिसाइल डिफेंस सिस्टम को एक्टिवेट करेगा, साथ ही स्पेस में कभी एटमी हमला किया जा सकता है। इसलिए अमेरिका और उसके मित्र देश सावधान हो जाएं। क्योंकि यदि रूस ने उनके खिलाफ एटमी जंग छेड़ दिया तो अमेरिका व उसके मित्र देशों की तबाही तय है !

# तंबाकू स्वास्थ्य के लिए ख़तरनाक



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर अनेक ऐसी बुराइयों या बुरी आदतें शौक या कार्यकलाप हैं,जिन्हें रोकने के लिए 195 से अधिक देशों की सदस्यता से बना संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस आदत,वस्तु को रोकने अनेक कार्यक्रम व जन जागरण दिवस मनाया जाता हैं।परंतु मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि दुनियां के हर देश व हर राज्य द्वारा इससे संबंधित कानूनो में अब संशोधन करने का समय आ गया है।अब तंबाकू और उससे बनी वस्तुओं पर पूरी तरह से बैन औरउल्लंघन करने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जाए। हालांकि भारत के अनेक राज्यों में तंबाकू व उससे बने पदार्थों पर बैन लगा हुआ है, परंतु उस पर सख़्ती की अत्यंत भारी कमी देखने को मिल रही है।इस संबंध में इस आर्टिकल को लिखने के पीछे मैं खुद एक हफ्ते से रिसर्च व ग्राउंड रिपोर्टिंग कर रहा थाजिसकी चर्चा हम नीचे के पैराग्राफ में करेंगे, तो मैंने पाया कि तंबाकू विक्रेताओं पर अति सुस्ती से कार्रवाई होती है, मार्केट में खुले आम तंबाकू बिकते दिखा अनेक गोदाम पैक रखे हुए, विक्रेता मलाई से लबालब शालीनता वाली जिंदगी मे मस्त दिखे। दूसरी और अभी कुछ दिन पहले हमारी राइस सिटी गोंदिया में संबंधित विभाग द्वारा स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू और उससे संबंधित पदार्थ बेचने पर अनेक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई।मेरा मानना है कि इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए यह कार्रवाई लगातार सप्ताह में दो बार शुरू रहनी चाहिए तो इस समस्या का जड़ से निदान हो सकता है।असल में होता यह है कि हफ़्ताखोरी के कारण जो रेड होता है,उसकी जानकारीसंबंधित ऑनर को उस डिपार्टमेंट के भेदियों से मिल जाती है और माल ठिकाने लग जाता है या सेटिंग से कम जप्ती दिखायी जाती है,केस ढीला कर दिया जाता है,आरोपी को शीघ्र जमानत मिल जाती है, फिर कारोबार का चक्र उसी तरह चलते रहता है, रिकॉर्ड में रेड दिखाई जाती है पर होता जाता कुछ नहीं, यह कहानी मेरा मानना है कि शायद हर जिला प्रशासन में हो सकती है। इस प्रकार के मदिरा व्यापार में मैंनें अभी तक कोर्ट से सजा नहीं देखी या सुनी है।आरोपी छूट जाता है मामला रफादफा हो जाता है और हम केवल और केवल जागरूकता दिवस, निषेध दिवस मनाते रह जाते हैं,जिसपर शायद शासन प्रशासन को गंभीरता से विचार करना जरूरी है। अभी समय आ गया है कि शासन प्रशासन को अति कानूनी सख़्ती भी अत्यंत तात्कालिक जरूरी है, इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक तंबाकू निषेध कानून का सख्त क्रियान्वयन समय की मांग तंबाकू या धूम्रपान से दूरी हमारे जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में मददगार साबित हो सकती है।

साथियों बात अगर मेरे द्वारा दिनांक 11 से 17 नवंबर 2024 तक जोकि विधानसभा चुनाव के बिल्कुल पीक़ दिवस हैं उसके बावजूद तंबाकू सेवनकर्ताओं से ग्राउंड रिपोर्टिंग बातचीत की करें तो,मैं सब्जी मंडी,मॉल सिनेमाघर पेट्रोल पंप किराना बाजार सहित अन्य कई स्थानों पर दैनिकरूटिंन में जाकर देखा तो अनेकों के हाथ में झिल्ली में लपेटा हुआ या पाउच में डाला हुआ गुटका तंबाकू दिखा। मैंनें जब उनसे बात की तो उन्होंने कहा हमें मालूम है कि पाउच के ऊपर लिखा रहता है तंबाकू सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी हो सकती है,परंतु फिर भी हम खा रहे हैं। हालांकि तंबाकू पर यहां बैन लगा हुआ है फिर भी खुले आम विक्रेताओं बीचसेवनकर्ता सेवन कर रहे हैं। जब मैं उनके दांतों के सड़न के बारे में बात की तो उन्होंने कहा तंबाकू से ही सब गए हैं। मैंनें कैंसर की बात की तो उन्होंने कहा आगे चलकर हमें कैंसर हो सकता है, फिर भी बेफिक्र होकर तंबाकू खाते दिखे तो मुझे लगा अब जनजागरण फैलाने के साथ-साथ अत्यंत सख्त कार्रवाई करना लाज़मी है और संबंधित विभाग को ऊपर से टारगेटेड कार्रवाई केस देने का दबाव बनाना जरूरी हो गया है परंतु या फिर निक्कमे अधिकारियों का निलंबन करना समय की मांग है, क्योंकि ऐसा हो ही नहीं सकता कि तंबाकू सेवन या विक्रेता के केस ना हो, अधिकारी एक ढूंढेंगे तो हजारों केस मिल जाएंगे, इसका स्वतःसंज्ञान मंत्रालय स्तर से लेना जरूरी है। साथियों बात अगर हम तंबाकू खाने से भयंकर बीमारियां और सेहत को नुकसान की करें तो,हर कोई जानता है कि तंबाकू खाना उनकी सेहत को कितना नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन इसके बावजूद लोग इसके सेवन से कभी परहेज नहीं करते। परंतु अभी इसे रोकने के लिए उपलब्ध कानूनों का शक्ति से क्रियान्वयन करना जरूरी है।

# जी-20 देशों के लिए भारत बना ग्रोथ इंजन



सुनील कुमार महला

ब्राजील के रियो-द-जनेरियो में हाल ही में हुई G20 देशों की दो दिवसीय सालाना शिखर बैठक में भुखमरी के खिलाफ एकजुटता सबसे महत्वपूर्ण पहलू रहा। महत्वपूर्ण है कि मेजबान ब्राजील की ओर से शुरू किए गए 'भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता' अभियान की पुरजोर वकालत करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे नई दिल्ली शिखर बैठक में फूड सिक्यॉरिटी के लिए अपनाए गए सिद्धांतों पर अमल का प्रयास बताया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 'पिछले 10 सालों में हमने 250 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। 800 मिलियन से ज्यादा लोगों को मुफ्त में खाद्यान्न दिया जा रहा है और 550 मिलियन लोग आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि अब 70 साल से ज्यादा उम्र के 60 मिलियन वरिष्ठ नागरिक भी मुफ्त स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठा सकेंगे।

आज दुनिया में युद्धों के कारण खाद्य, तेल और उर्वरक संकटों का सबसे ज्यादा असर ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ा है, और इस संदर्भ में भारत ने वैश्विक मंच पर ग्लोबल साउथ की आवाज सबसे प्रभावी अंदाज में उठाई है। इतना ही नहीं, ग्लोबल गर्वनेंस, क्लाइमेट चेंज, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, वित्तीय स्थिरता, द्विपक्षीय मुद्दों पर भी व्यापक चर्चाएं हुईं हैं। साथ ही, पीएम मोदी ने 'एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य' को पहले जितना ही प्रासंगिक बताया है। भारत ने ग्लोबल साउथ की विभिन्न चुनौतियों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखने की भी बात कही है।

कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत ने सतत विकास लक्ष्यों के साथ ही समावेशी विकास, महिला नेतृत्व वाले विकास और युवा शक्ति पर अपना ध्यान केंद्रित किया है और वैश्विक दक्षिण की आशाओं और आकांक्षाओं को पंख दिए हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि भारत आज जी-20 देशों के लिए एक नया ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है।



# अगहन मास में श्रीकृष्ण की पूजा

## के साथ ही ध्यान भी करेंगे तो विचारों में बढ़ेगी पॉजिटिविटी

अभी हिन्दी पंचांग का नवां महीना अगहन यानी मार्गशीर्ष चल रहा है, ये महीना धर्म-कर्म के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी बहुत खास है। इस महीने से शीत ऋतु का असर शुरू हो जाता है। बढ़ती ठंड में जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव करने से मौसमी बीमारियों से बचाव हो सकता है। इसी महीने में रोज सुबह पूजा-पाठ के साथ ही मंत्र जप करते हुए ध्यान करेंगे तो नकारात्मक विचार दूर हो सकते हैं। मार्गशीर्ष मास में भगवान श्रीकृष्ण के पौराणिक मंदिरों और तीर्थों में दर्शन-पूजन करने की परंपरा है, इन दिनों में पूजा-पाठ के साथ ही श्रीकृष्ण के ग्रंथ और उनकी कथाएं भी पढ़ी-सुनी जाती हैं।

भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अर्जुन से कहा है कि मासानां मार्गशीर्षोहम्यानी मार्गशीर्ष मास मेरा ही स्वरूप है। हिन्दी पंचांग में महीने की अंतिम तिथि पूर्णिमा पर जो नक्षत्र रहता है, उस नक्षत्र के नाम पर ही महीने का नाम रखा जाता है। इस महीने की पूर्णिमा पर मृगशिरा नक्षत्र रहता है, इस कारण हिन्दी पंचांग के नवें महीने का नाम मार्गशीर्ष पड़ा है।

**श्रीकृष्ण पूजा के साथ ही ध्यान भी करें**

अगहन मास में रोज सुबह श्रीकृष्ण की विशेष पूजा करने की परंपरा है। पूजा करते समय भगवान के मंत्रों के साथ ध्यान भी करेंगे तो विचार पॉजिटिव बनेंगे। विचार पॉजिटिव रहेंगे तो काम करते समय उत्साह बना रहेगा और काम में सफलता मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। ध्यान करने के लिए किसी ऐसी जगह का चयन करें, जहां साफ-सफाई हो। ध्यान करते समय अगर इधर-उधर से आवाजें सुनाई देती हैं तो मन एकाग्र नहीं हो पाता है और हम ध्यान नहीं कर पाते हैं। इसलिए ध्यान करने के लिए किसी शांत जगह का चयन करें। आसान बिछाकर अपनी सुविधा के अनुसार पद्मासन या सुखासन में बैठ जाएं।

आंखें बंद करके अपना पूरा ध्यान दोनों आंखों के बीच आज्ञा चक्र पर लगाएं। ध्यान करते समय सोच-विचार करने से बचें। मन में कोई विचार न रखें। मन शांत रहेगा, ध्यान ठीक से कर पाएंगे। इस दौरान मंत्र जप भी कर सकते हैं। आप चाहें तो श्रीकृष्ण के मंत्र कृं कृष्णाय नमः का जप कर सकते हैं। ध्यान करने का समय अपनी सुविधा के अनुसार तय कर सकते हैं। आप जितनी देर चाहें, ध्यान कर सकते हैं।ध्यान करते समय सांस लेने और छोड़ने की क्रिया सामान्य रखनी चाहिए। ध्यान की अवस्था में बैठते समय हमें अपनी रीढ़ हड्डी को सीधा रखना चाहिए। इस महीने में रोज ध्यान करें और इस महीने के बाद भी ध्यान को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बना लें। लंबे समय तक ध्यान करते रहेंगे तो मन शांत बना रहेगा।

### ऐसे कर सकते हैं बाल गोपाल की पूजा

श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप यानी बाल गोपाल की पूजा की शुरुआत गणेश पूजन के साथ करनी चाहिए, क्योंकि गणेश जी प्रथम पूज्य हैं और हर शुभ काम इनका ध्यान करने के साथ ही शुरू होता है।

गणेश पूजन के बाद बाल गोपाल को दक्षिणावर्ती शंख में जल-दूध भरकर स्नान कराएं। आप चाहें तो पंचामृत से भी अभिषेक कर सकते हैं। स्नान कराने के बाद हार-फूल और वस्त्रों से भगवान का श्रृंगार करें। इत्र, गुलाल, अबीर, चंदन आदि पूजन सामग्री चढ़ाएं। धूप-दीप जलाएं। तुलसी के साथ माखन-मिश्री का भोग लगाएं।

**कृं कृष्णाय नमः** मंत्र का जप करें। पूजा के अंत में भगवान से जानी-अनजानी गलतियों के लिए क्षमा मांगे। इसके बाद प्रसाद बांटें और खुद भी लें।

अगहन मास में श्रीकृष्ण की जन्म स्थली मथुरा की यात्रा करने की परंपरा भी है। मथुरा के साथ ही गोकुल, वृंदावन, गोवर्धन पर्वत के भी दर्शन कर सकते हैं, यमुना में स्नान कर सकते हैं।

# कुंभ राशि में शनि हो गया है मार्गी

## ग्रह दोष शांत करने के लिए शनि को तेल चढ़ाने की परंपरा, जानिए शनि को तेल क्यों चढ़ाते हैं?



ज्योतिष के नौ ग्रहों में से एक शनि कुंभ राशि में वक्री से मार्गी हो गया है। शनि को ग्रहों का न्यायाधीश माना जाता है। अब ये ग्रह 29 मार्च तक कुंभ राशि में रहेगा, इसके बाद मीन राशि में प्रवेश करेगा। शनि की चाल बदलने से कुछ लोगों को दैनिक जीवन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कुंडली में शनि के दोषों को शांत करने के लिए शनिदेव को तेल चढ़ाने की परंपरा है।

माना जाता है कि त्रेतायुग में शनि की पीड़ा दूर करने के लिए हनुमान जी ने शनि के शरीर पर तेल लगाया था। इसके बाद शनि की पीड़ा दूर हो गई थी। उस समय शनि ने कहा था कि जो व्यक्ति मुझे तेल चढ़ाएगा, उसकी समस्याओं का समाधान होगा और उस व्यक्ति को मेरी टेढ़ी नजर का भय नहीं रहेगा। तभी से शनिदेव पर तेल चढ़ाने की परंपरा शुरू हुई है।

**पहली कथा**

**रावण की कैद से हनुमान ने मुक्त कराया शनि को**

पौराणिक कथा है कि रावण ने शनि के साथ ही अन्य सभी ग्रहों को बंदी बना रखा था। सीता हरण के बाद हनुमान सीता की खोज में लंका पहुंचे थे। उस समय हनुमान जी ने पूरी लंका जला दी थी। लंका जली तो सभी ग्रह रावण की कैद से मुक्त हो गए थे। शनि को रावण ने ज्यादा कष्ट दिए थे। इस कारण शनि को भयंकर पीड़ा हो रही थी। उस समय हनुमान जी ने शनि के घावों पर सरसों के तेल लगाया था, जिससे शनिदेव को आराम मिला। इसके बाद शनि ने कहा था कि जो लोग मुझ पर तेल चढ़ाएंगे, उनकी सारी समस्याओं मैं दूर करूंगा।

**दूसरी कथा**

**हनुमान और शनिदेव का हुआ था युद्ध**

शनि देव को अपनी शक्ति पर घमंड हो गया था। इसी घमंड में एक दिन शनि हनुमान से युद्ध करने पहुंच गए। शनि जब हनुमान के पास पहुंचे तब वे श्रीराम की भक्ति में लीन थे। शनिदेव ने हनुमान को युद्ध के लिए ललकारा। हनुमान शनिदेव को युद्ध न करने के लिए समझाया, लेकिन शनिदेव ने हनुमान की बातें नहीं मानी। इसके बाद हनुमान और शनिदेव का युद्ध हुआ, जिसमें शनि की हार हुई। हनुमान के प्रहारों से शनि के शरीर में दर्द होने लगा। इसके बाद हनुमान ने शनिदेव को घावों पर तेल लगाया था। उस समय शनिदेव ने कहा था कि जो मुझे तेल अर्पित करेंगे और हनुमान जी की भक्ति करेंगे, उन्हें मेरी टेढ़ी नजर का भय नहीं रहेगा।

# वास्तु शास्त्र के इन उपायों को अपनाने से चमकेगा आपका व्यवसाय, आएगी खुशहाली



हर इंसान की चाह होती है उसकी आमदनी की कोई सीमा नहीं हो। उसका व्यवसाय हमेशा आगे बढ़ता रहे। यदि ऐसा नहीं हो पाता है तो व्यक्ति ज्योतिषों के चक्कर लगाना शुरू कर देता है। वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं, जिन्हें अपनी दुकान, बिजनेस की जगह, फैक्टरी, ऑफिस आदि में करना चाहिए। इससे आपका कस्टमर आपके प्रोडक्ट की तरफ आकर्षित होगा और आपको लाभ कराएगा। आइए जानें मुख्य दरवाजे से लेकर बैठने की सीट तक क्या वास्तु उपाएं आपके बिजनेस को चमकाएंगे।

**रिटेल शॉप में उत्तर की तरफ हो एंट्री**

आपके रिटेल की शॉप की एंट्री की दिशा बहुत जरूरी है। इसके जरिए ही पॉजिटिव एनर्जी प्रवाहित होती है। एंट्री को उत्तर या पूर्व की ओर रखना शुभ माना जाता है, जो समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा को आमंत्रित करता है। मेन एंट्रेस में कोई रुकावट न हो, अच्छी रोशनी हो और यह बहुत सुंदर और आकर्षित हो।

**सुबह शंख बजाएँ**

दुकान पर सुबह शंख बजाएं या मोबाइल पर शंख ध्वनि सुनें। दुकान की उत्तर दिशा में मिट्टी के बर्तन में कुछ छुहारे रखें। दुकान के काउंटर पर एक फेंगशुईवाली बिल्ली रखें, जो लगातार अपना हाथ हिलाती रहती है। दुकान की उत्तर पूर्व दिशा में रखे लोहे के ताले-चाभी वहां से हटा दें। दुकान के दक्षिण पूर्व दिशा में लाल रंग के फूलदान रख दें। दुकान में रखे हुए सामान को इधर से उधर अदला-बदली कर दें। अपनी गद्दी पर कुर्सी के नीचे एक पीला कपड़ा बिछाएं तथा एक पीपल का पत्ता रखें, जिसे बदलते रहें।

**इस दिशा में हो कैश काउंटर**

वास्तु में कैश रखने की भी एक महत्वूपर्ण दिशा है। वास्तु के अनुसार उत्तर, उत्तर पूर्व और दक्षिण पूर्व में रखा धन और धन को खींचता है। इस जगह कैश रखने से आपकी लाइफ में धन की वृद्धि होती है।

# घर की नैऋत्य कोण में होता है राहु-केतु का वास

राहु और केतु को ज्योतिष में पाप ग्रहों की श्रेणी में रखा गया है। वास्तु में भी इन ग्रहों को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि ये दोनों ही ग्रह व्यक्ति के जीवन में उथल-पुथल मचा सकते हैं। हालांकि, इनकी स्थिति का सही से आकलन किया जाए और इनसे जुड़ी सावधानियां और उपाय आजमाए जाएं तो ये शुभ परिणाम भी व्यक्ति को दे सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि, अपने घर में आपको राहु-केतु से जुड़ी क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। घर की कौन सी दिशा में राहु-केतु का प्रभाव होता है? इन स्थानों पर आपको क्या चीजें रखने से बचना चाहिए।

**इस दिशा में होता है राहु केतु का वास**

घर के नैऋत्य कोण (दक्षिण-पश्चिम दिशा) में राहु-केतु का निवास होता है। दक्षिण-पश्चिम दिशा के स्वामी भी राहु और केतु ही हैं। इसलिए कभी भी इस दिशा में आपको कुछ विशेष चीजों को नहीं रखना चाहिए।

**तिजोरी और आभूषण इस दिशा में न रखें**

घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा में आपको गलती से भी तिजोरी नहीं रखनी चाहिए। तिजोरी इस स्थान पर रखने से लाभ की जगह आपको नुकसान हो सकता है। इसके साथ ही सोने-चांदी के आभूषण आदि भी इस दिशा में रखना शुभ नहीं माना जाता।



**इस दिशा में न रखें किताबें और ना ही बनाएं स्टडी रूम**

राहु-केतु को ज्योतिष में भ्रम पैदा करने वाला ग्रह माना जाता है। इसके साथ ही ये आपकी एकाग्रता पर भी बुरा असर डाल सकते हैं। इसलिए कभी भी इस दिशा में पढ़ाई का सामान आपको नहीं रखना चाहिए। इसके साथ ही बच्चों का स्टडी रूम भी इस दिशा में नहीं होना चाहिए, इससे बच्चों का मन पढ़ाई से भटक सकता है।

**इस दिशा में न रखें तुलसी का पौधा**

नैऋत्य कोण में तुलसी का पौधा रखना भी अच्छा नहीं माना जाता। इस दिशा में तुलसी को रखने से आपको शुभ परिणामों के स्थान पर अशुभ प्रभाव मिल सकते हैं। तुलसी का पौधा इस दिशा में हो तो घर में नकारात्मकता का वास हो सकता है।

**दक्षिण-पश्चिम दिशा में न बनाएं पूजा स्थल**

घर का पूजा स्थल भी इस दिशा में नहीं बनाना चाहिए। पूजा स्थल के लिए सबसे सही दिशा उत्तर-पूर्व को माना जाता है। अगर आप गलती से दक्षिण-पश्चिम दिशा में पूजा स्थल बनाते हैं तो घर-परिवार में कलह हो सकते हैं। साथ ही पूजा का वैसा परिणाम आपको नहीं मिलता जैसा आप चाहते हैं।

**घर का टॉयलेट भी न हो इस दिशा में**

दक्षिण-पश्चिम दिशा में आपको घर का टॉयलेट बनाने से भी बचना चाहिए। अगर आप इस दिशा में टॉयलेट बनाते हैं तो आपको कई परेशानियों का सामना जीवन में करना पड़ सकता है। यहां टॉयलेट बनाने से आपके घर में दरिद्रता आ सकती है।

**दक्षिण पश्चिम दिशा में बनाएं ये चीजें**

इस दिशा में आप मशीनें, टीवी, रेडियो, खेलकूद का सामान, घर के मुखिया का कमरा आदि बना सकते हैं। इन चीजों को दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखने से आपको लाभ होता है।

# बड़ी कामयाबी का संकेत हैं हथेली की ये रेखाएं, क्या आपके हाथ में भी हैं मौजूद?

हस्तरेखा शास्त्र में हथेली की रेखाओं के जरिये आपके व्यवहार, करियर, पारिवारिक जीवन और भूत-भविष्य की जानकारी मिलती है। हथेली में कई ऐसी रेखाएं मौजूद होती हैं जिनके प्रभाव से आपको जीवन में सफलता भी मिलती है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ रेखाओं, चिह्नों और पर्वतों के बारे में बताएंगे जिनका हथेली में होना बेहद शुभ होता है। ये रेखाएं और चिह्न आपको तरक्की के मार्ग पर ले जाते हैं और जीवन की चुनौतियों को कम करते हैं।



**हथेली में गजलक्ष्मी योग का बनना बेहद शुभ**

अगर आपके हाथ में भाग्य रेखा मणिबंध से शुरू होकर शनि पर्वत तक जाती है, सूर्य पर्वत लालिमा लिए हुए होता है और सूर्य रेखा कटी हुई नहीं होती है तो इस गजलक्ष्मी योग माना जाता है। जिन भी जातकों की हथेली पर यह रेखाएं होती हैं उनको कम मेहनत के बाद भी बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। ऐसे लोगों को कारोबार में भी मुनाफा होता है और सरकारी क्षेत्रों में भी ये उपलब्धियां प्राप्ति करते हैं।

**हथेली में लक्ष्मी योग और इसका प्रभाव**

अगर किसी व्यक्ति के हाथ में चंद्रमा, शुक्र, बुध और गुरु पर्वत स्पष्ट और उभरे हुए हैं तो इसे लक्ष्मी योग माना जाता है। नाम से ही जाहिर है कि, इस योग के बनने से धन-धान्य की व्यक्ति को प्राप्ति होती है। ऐसे लोग जीवन में खुशहाली पाते हैं, इनका पारिवारिक जीवन अच्छा होता है। माता लक्ष्मी की भी इनको कृपा प्राप्त होती है।

**हथेली पर मौजूद ये चिह्न भी होते हैं बेहद शुभ**

आपके हाथ में रेखाओं के साथ ही कुछ विशेष प्रकार के चिह्न भी बनते हैं। इन चिह्न के बनने से भी आपको जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी हासिल होती है। आइए जानते हैं इन चिह्नों के बारे में।

अगर किसी व्यक्ति की हथेली में चक्र, धनुष और रथ का चिह्न बनाता है, तो किस्मत का ऐसे लोगों को पूरा सहयोग प्राप्त होता है। ये लोग जिस भी कार्य को हाथ में लेते हैं उसे बेहद संजीदगी और कर्मठता के साथ पूरा करते हैं।

वहीं अगर किसी के हाथ में तलवार, पहाड़ या हल का निशान बनता है तो ऊंचे पदों पर ऐसे लोग पहुंचते हैं। इनको सामाजिक स्तर पर भी खूब ख्याति प्राप्त होती है।

**हथेली में मछली या फिर मंदिर का निशान**

बनना आपको राजा की तरह जीवन व्यतीत करवा सकता है। इन दोनों ही चिह्नों को राजयोग जैसा फल देने वाला माना जाता है। ऐसे लोग अपने परिवार का नाम रौशन करते हैं।

इसके साथ ही जिस व्यक्ति का हाथ जितना साफ-सुथरा और स्पष्ट रेखाओं वाला होता है, उसे भी जीवन में ज्यादा संघर्षों का सामना नहीं करना पड़ता और ऐसे लोग जीवन में कभी न कभी बड़ी कामयाबी अवश्य हासिल होती है।

# वो इस सुंदर स्त्री के शादी का दिन था...

तारीख भी पक्की हो चुकी है। मैं चाहती हूं कि जब मैं मंदिर पहुंचु तो वहां आकर पत्नी रूप में मुझे स्वीकार करें और साथ ले जाएं। अगर ऐसा नहीं हुआ अपने प्राण दे दूंगी।

तब श्रीकृष्ण रथ पर सवार होकर तेजी से वहां पहुंचे। दूसरी ओर शिशुपाल बहुत बड़ी बारात लेकर विदर्भ की राजधानी कुण्डिनपुर जा पहुंचा। इस बारात में सभी वो राजा थे, जो कृष्ण से शत्रुता रखते थे।

**वो इस सुंदर स्त्री के शादी का दिन था...**

शहर शादी के लिए सज चुका था। मंगल गीत गाए जा रहे थे। पूरे नगर में बड़ी चहल-पहल थी। जब शादी के रिवाज के लिए रुक्मिणी सजधजकर गिरिजा मंदिर पहुंची तो कृष्ण का रथ मंदिर के सामने खड़ा था।

कृष्ण ने उनका तेजी से हाथ पकड़ा और उन्हें रथ पर बिठाकर तेजी से द्वारका की ओर चल पड़े।

**फिर कृष्ण से हुई भयंकर लड़ाई**

रुक्मी यह सुनकर क्रोध से कांप उठा। उसने बहुत बड़ी सेना लेकर श्रीकृष्ण का पीछा किया। प्रतिज्ञा की कि वह या तो श्रीकृष्ण को बंदी बनाकर लौटेगा, या फिर कुण्डिनपुर में अपना मुंह नहीं दिखाएगा।रुक्मी और श्रीकृष्ण का घनघोर युद्ध हुआ।

श्रीकृष्ण ने उसे युद्ध में हराकर अपने रथ से बांध दिया, किंतु बलराम ने उसे छुड़ा लिया। उन्होंने श्रीकृष्ण से कहा, 'रुक्मी अब अपना संबंधी हो गया है। किसी संबंधी को इस तरह का दंड देना उचित नहीं है।'


भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मिणी को द्वारका ले जाकर उनके साथ विधिवत विवाह किया। प्रद्युम्न उन्हीं के गर्भ से उत्पन्न हुए थे, जो कामदेव के अवतार थे। **(समाप्त)**

## कश्मीरा शाह ने अपने स्वास्थ्य पर दिया अपडेट बताया क्यों पति कृष्णा को मिलने आने से किया मना

अभिनेत्री और मशहूर कॉमेडियन कृष्णा की पत्नी कश्मीरा शाह, पिछले सप्ताह चोटिल हो गई थीं। आज, 20 नवंबर को उन्होंने अपने फैंस के साथ एक स्वास्थ्य अपडेट साझा किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए अभिनेत्री ने फैंस, दोस्तों और परिवार से मिले प्यार को लेकर आभार व्यक्त किया। इस पोस्ट में उन्होंने एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें उनके नाक पर पट्टी बंधी हुई नजर आ रही है।

साझा की है आज स्वास्थ्यय पर बड़ा अपडेट





बुधवार को कश्मीरा ने बिस्तर पर आराम करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की है। इसमें उनकी नाक पर पट्टी बंधी हुई है और उनके बिस्तर के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति उनका हाथ थामे खड़ा नजर आ रहा है। इस पोस्ट में कश्मीरा ने लिखा, मेरे सोशल मीडिया परिवार के लोगों और लंबे समय से खोए दोस्तों को आपकी शुभकामनाओं और प्यार के लिए धन्यवाद। आपकी प्रार्थनाएं और चिंताएं हजारों की संख्या में थीं और मैं आपको बता नहीं सकती कि मैं कितनी खुश्किस्मत महसूस कर रही हूं।

### कश्मीरा पर दुर्घटना का पड़ा भावनात्मक असर

अभिनेत्री ने खुलासा किया कि जब यह घटना हुई, तब वह अपने परिवार से दूर थीं, जिससे उन पर भावनात्मक रूप से बहुत बुरा असर पड़ा। लॉस एंजिल्स में वापस आकर कश्मीरा ने बताया कि उनकी पट्टी जल्द ही हटा दी जाएगी। उन्होंने जीवन काफी अप्रत्याशित है, इसके निशान के रूप में इस चोट के निशानों को सदैव याद करेंगी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, मैं इस ज्ञान के साथ अपने निशान को पहनूंगी कि जीवन बहुत छोटा है और हमें हर दिन के लिए भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहिए।

कश्मीरा ने लॉस एंजिल्स के अपने दोस्तों और परिवार को भी विशेष धन्यवाद दिया, जो उनके ठीक होने के दौरान उनके साथ खड़े रहे। उन्होंने अपने पति, अभिनेता कृष्णा अभिषेक का उल्लेख किया, जो उनकी देखभाल करने के लिए अपनी शूटिंग छोड़ने के लिए तैयार थे। उन्होंने नोट को यह कहते हुए समाप्त किया, मैंने उन्हें आने नहीं दिया क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि वे कहें, 'आखिरकार नाक काट ली अपनी।

## 50 रुपये की पहली कमाई से 1700 करोड़ रुपये की नेटवर्थ, बेटियों के पास भी हैं ये मंहगी कार



मशहूर भारतीय और ऑस्कर विजेता संगीतकार एआर रहमान इस वक्त अपनी पत्नी सायरा बानो के साथ तलाक को लेकर चर्चा में हैं। दोनों की तरफ से इसे लेकर सार्वजनिक जानकारी भी दी गई है। दोनों करीब तीन दशक लंबे रिश्ते के बाद अलग हो रहे हैं। बता दें कि एआर रहमान काफी सफल और सबसे ज्यादा कमाई करने वाले भारतीय संगीतकारों में से एक हैं। एक रिकॉर्ड प्लेयर बजाने के लिए मिले 50 रुपये से शुरुआत करने वाले रहमान की नेटवर्थ करीब 1700 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

### 1700 करोड़ रुपये की है नेटवर्थ

अपनी फिल्म रोजा के लिए 25000 रूपये से फिल्मी दुनिया में शुरुआत करने वाले एआर रहमान आज भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री की एक बड़ी शख्सियत हैं। इसका पता उनके नेटवर्थ से भी चलता है। स्लमडॉग मिलियनेअर के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीत चुके संगीतकार की नेटवर्थ करोड़ो में है। लाइफस्टाइल एशिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय संगीतकार की कुल संपति 200 से 400 मिलियन डॉलर है, जो करीब 1700 करोड़ रुपये के आसपास है।

### एक फिल्म के लिए लेते हैं 8-10 करोड़ रुपये

इसके अलावा कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एआर रहमान एक फिल्म में संगीत देने के लिए लगभग 8 से 10 करोड़ रुपये की फीस लेते हैं। इसके अलाव एक गाने के लिए वो करीब 3 करोड़ लेते हैं। इसके अलावा रहमान लाइव शो भी करते हैं, जिससे भी उनकी अच्छी खासी कमाई हो जाती है। रिपोर्ट के मुताबिक, संगीतकार एक घंटे के लाइव पर्फॉर्मेंस के लिए भी 1 से 2 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं।

### बेटियों के पास भी है महंगी कारें

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो, रहमान के पास भारत के अलावा विदेश में भी घर है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में चेन्नई स्थित बंगले के अलावा उनके पास अमेरिका के लॉस एंजिल्स और दुबई में भी घर है। इसके अलावा कई रिपोर्ट में बताया गया है कि एआर रहमान कई मंहगी गाड़ियों के भी मालिक हैं, जिनमें वॉलवो एसयूवी, जैगुआर, मर्सडीज शामिल है। इसके अलावा उनकी बेटियां खतीजा रहमान और रहीमा रहमान के पास भी इलेक्ट्रीक पोर्शे टेकन है, जिसकी कीमत डेढ़ करोड़ रुपये है।

## विजय सेतुपति की महाराजा फिल्म चीन में एक साथ 40 हजार सिनेमाघरों में रिलीज होगी



'महाराजा' इस साल की सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिसने अपनी आकर्षक कहानी और विजय सेतुपति के दमदार अभिनय के लिए व्यापक प्रशंसा हासिल की है। फिल्म की बेहतरीन ढंग से तैयार की गई पटकथा ने दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखा, जिससे यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल करने में सफल रही। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर अच्छी खबर सामने आई है।

### चीन में धमाल मचाएगी फिल्म

अब निथिलन समिनाथन द्वारा निर्देशित 'महाराजा' चीन में भी अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार है। 'महाराजा' को लेकर ताजा जानकारी यह है कि फिल्म 29 नवंबर, 2024 को देश भर में 40,000 से अधिक स्क्रीन पर रिलीज होगी। इस महत्वाकांक्षी रोलआउट का प्रबंधन अलीबाबा पिक्चर्स के साथ साझेदारी में यी शि फिल्म्स द्वारा किया जा रहा है, जिससे यह चीन में किसी भारतीय फिल्म की सबसे बड़ी रिलीज में से एक बन गई है। यह देखना बाकी है कि चीनी दर्शक इस सिनेमाई चमत्कार को किस तरह से पसंद करते हैं।

### विजय की 50वीं फिल्म

सुधन सुंदरम और जगदीश पलानीसामी द्वारा निर्मित और अजनीश लोकनाथ द्वारा संगीतबद्ध 'महाराजा' विजय सेतुपति की 50वीं फिल्म होने के कारण भी विशेष महत्व रखती है। अपनी सम्मोहक कथा और बड़े पैमाने पर अंतर्राष्ट्रीय रिलीज के साथ 'महाराजा' वैश्विक सिनेमा परिदृश्य में एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार है।

फिल्म में अनुराग कश्यप, ममता मोहनदास, नट्टी (नटराज), भारतीराजा, अभिराम, सिंगमपुली, अरुलडोस, मुनीशकांत, विनोथ सागर, बॉयज मणिकंदन, कल्कि और सच्चा निमिदास सहित कई शानदार कलाकार शामिल हैं।

## पिता से खुद को बेहतर ड्राइवर मानते हैं अभिषेक, अमिताभ की इस दिलचस्प आदत का भी किया जिक्र

अभिषेक बच्चन और अमिताभ बच्चन के बीच काफी दोस्ताना व्यवहार दिखता है। दोनों पिता-पुत्र अक्सर एक दूसरे के मजेदार वाकये को साझा करते हुए नजर आते हैं। हाल में ही कौन बनेगा करोड़पति के नवीनत एपिसोड में अभिषेक बच्चन, अपनी आगामी फिल्म आई वांट टू टॉक के निर्देशक शूजित सरकार के साथ नजर आए। इस दौरान अभिनेता ने अपने पिता को लेकर एक मजेदार खुलासा करते हुए बताया कि उनके पिता ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों की तस्वीरें खींचते हैं।





पिता से बेहतर ड्राइवर हैं अभिषेक बच्चन

केबीसी 16 के नवीनतम एपिसोड में अभिषेक ने मजाकिया अंदाज में कहा कि वह अपने पिता से बेहतर ड्राइवर हैं। शूजित द्वारा पूछे जाने पर कि दोनों में से कौन बेहतर ड्राइवर है, बिग बी ने तुरंत हाथ उठाया, लेकिन अभिषेक ने बीच में रोकते हुए कहा, पा, कृपया। अभिषेक ने कहा कि आपने मुझे ड्राइव करना सिखाया, लेकिन मैं आपसे बेहतर ड्राइवर हूं। इस पर वहां मौजूद सभी दर्शक खिलखिलाकर हंस पड़े।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों की अमिताभ ले लेते हैं तस्वीरें

अभिनेता ने आगे भी एक मजेदार खुलासा करते हुए बताया कि उनके पिता गाड़ी चलाते समय लोगों को चिढ़ाना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, कोई गलत रास्ते पर आ जाए, तो फोन निकाल के उनका फोटो लेंगे। मैं पूछता हूं, 'फोटो क्यों ले रहे हो आप?' तो वह कहते हैं, 'ट्रैफिक पुलिस को भेजूंगा कि ये लाइट तोड़के निकल रहा है।' और वो सोच रहा है कि अरे अमिताभ बच्चन तो मेरी सेल्फी ले रहा है।

## इस दिन से शुरू होगी 'आरसी 16' की शूटिंग



'आरसी 16' इस साल की की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसमें राम चरण और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म से जुड़ी छोटी से छोटी जानकारी का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के लिए राम चरण और निर्देशक बुची बाबू ने उप्पेना के बाद फिर हाथ मिलाया है। उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं अब प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है, जो फिल्म की शूटिंग को लेकर है। राम चरण बॉलीवुड अदाकारा जान्हवी कपूर के साथ अपने अगले प्रोजेक्ट आरसी 16 की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। बहुप्रतीक्षित ग्रामीण खेल ड्रामा फिल्म 22 नवंबर को मैसूर में अपना पहला शेड्यूल शुरू करेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह शुरुआती शेड्यूल संक्षिप्त होगा, जिसमें कुछ प्रमुख दृश्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रशंसक राम चरण और निर्देशक बुची बाबू सना के बीच सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर उप्पेना से लोकप्रियता प्राप्त की।

## जब तुषार कपूर ने की ऑस्कर छोड़ने की बात सोलो हिट के इंतजार में करने लगे फिल्म निर्माण

बॉलीवुड के मशहूर स्टारकिड तुषार कपूर 20 नवंबर, 2024 को अपना 48वां जन्मदिन मना रहे हैं। जीतेंद्र के बेटे और एकता कपूर के भाई तुषार ने करियर की शुरुआत साल 2001 की फिल्म 'मुझे कुछ कहना है' से की। इस मूवी में करीना कपूर खान उनके अपोजिट नजर आईं। पहली ही फिल्म के लिए तुषार कपूर को बेस्ट मेल डेब्यू एक्टर का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। इसके बाद तुषार ने 'क्या दिल ने कहा', 'ये दिल', 'जीना सिर्फ मेरे लिए' और 'कुछ तो है' जैसी फिल्मों में काम किया। हालांकि, नतीजा उम्मीद के एकदम उलट निकला। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुईं। साल 2006 में तुषार ने रोहित शेट्टी की फिल्म 'गोलमाल' में काम किया। ये फिल्म सुपरहिट रही। इस फिल्म के दोनों सीक्वल में भी तुषार ने काम किया। हालांकि, इसके बाद अभिनेता पर्दे से गायब हो गए। आज तक सोलो हिट के लिए तरस रहे तुषार ने एक दफा ऑस्कर नॉमिनेशन को ठुकराने की बात कहकर सबको हैरान कर दिया था। आइए उनके जन्मदिन के खास अवसर पर उनके जीवन और करियर से जुड़े कुछ अहम पहलुओं पर गौर फरमा लेते हैं-

### 'द डर्टी पिक्चर' से किया कमबैक



कुछ वक्त तक पर्दे से गायब रहने के बाद तुषार कपूर ने साल 2011 की फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' से कमबैक किया। इस फिल्म में उन्होंने छोटा सा रोल अदा किया था। इस बीच 'खाकी', 'शूट आउट एट वडाला' जैसी सफल मल्टी स्टारर फिल्मों में भी तुषार के काम की तारीफ की गई। इसके बावजूद तुषार को हमेशा एक सोलो हिट की दरकार रही। ऐसा ना होने के चलते तुषार इंडस्ट्री में अपने पैर नहीं जमा पाए।

### एडल्ट कॉमेडी से भी नहीं बनी बात

तुषार कपूर ने फिल्म 'क्या कूल हैं हम' और 'मस्तीजादे' में काम किया। ये दोनों ही एडल्ट कॉमेडी फिल्म थीं। इसके सीक्वल में भी तुषार ने ही काम किया। लेकिन दोनों फिल्म उतनी नहीं चल पाईं जितनी उम्मीद की जा रही थी। सोलो फिल्में ना मिलने के कारण तुषार अभी भी इंडस्ट्री में संघर्ष ही कर रहे हैं। इसके बाद साल 2016 में तुषार कपूर के पिता बनने की खबर से इंडस्ट्री में हलचल मच गई थी। तुषार ने अभी तक शादी नहीं की है लेकिन वो एक बेटे के सिंगल पिता हैं। तुषार ने इसके लिए विट्रो फर्टीलाइजेशन का सहारा लिया। तुषार ने अपने बेटे का नाम 'लक्ष्य' रखा है।

### बतौर अभिनेता फेल हुए तो बन गए निर्माता

फिल्मों में बतौर अभिनेता एक बड़ी उपलब्धि न हासिल कर सकने वाले तुषार कपूर ने आगे चलकर फिल्म निर्माता बनने की ठानी। तुषार ने अक्षय कुमार की फिल्म 'लक्ष्मी' को प्रोड्यूस किया। वहीं, तुषार से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी खूब सुर्खियों में रहा है। एक दफा अभिनेता ने अंतर्राष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड ऑस्कर को ठुकराने की बात कहकर सबको चौंका दिया था। दरअसल, तुषार ने एक इंटरव्यू में कहा था कि ऑस्कर के लिए नॉमिनेट होना बेहद काल्पनिक है। भले ही हर किसी को ऑस्कर पाने की चाह है, लेकिन मुझे इस अवॉर्ड को जल्दी जीतने की कोई इच्छा नहीं है। अभिनेता ने साफ किया था कि इसके बजाए वह 'शोले' या 'मुगल ए आजम' जैसी फिल्मों का हिस्सा बनना पसंद करेंगे।

### लग्जरी लाइफस्टाइल जीते हैं तुषार कपूर

तुषार कपूर बतौर अभिनेता भले ही उतने सफल न हो सके लेकिन उनकी लाइफ स्टाइल किसी बड़े सुपरस्टार से कम नहीं है। फिल्मी परिवार से आने वाले तुषार कपूर की कमाई करोड़ों में है। तुषार आलीशान घर में रहते हैं। उनके पास गाड़ियों का जबर्दस्त कलेक्शन है। उनकी संपत्ति भी करोड़ों में है। रिपोर्ट्स की मानें तो, तुषार कपूर की नेटवर्थ करीब 37 करोड़ रुपए है। बात करें तुषार कपूर के कार कलेक्शन की तो वह महंगी गाड़ियों के शौकीन हैं। तुषार कपूर के पास पोर्शे काइएन, ऑडी क्यू 7 और बीएमडब्ल्यू हैं। ये सभी कार तुषार ने अपनी इनकम से खरीदी हैं। तुषार का परिवार मुंबई के पॉश इलाके जुहू में रहता है। जहां कई बॉलीवुड सेलेब्स रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके बंगले की कीमत करीब 200 करोड़ रुपये है। हालांकि इस बंगले में उनका परिवार रहता है, जबकि तुषार जुहु में ही एक अलग अपार्टमेंट में रहते हैं। इसके अलावा तुषार की कई और प्रॉपर्टीज हैं, जिनसे वह 10 लाख रुपये महीना कमा लेते हैं।

## दरगाह जाकर ट्रोल हुए राम चरण, बचाव में उतरीं पत्नी उपासना, नेटिजन्स को पढ़ाया एकता का पाठ





साउथ सुपरस्टार राम चरण का एक हालिया वीडियो विवादों में घिर गया। वीडियो में अभिनेता दरगाह पर पहुंचते नजर आएं। इसे देखकर नेटिजन्स भड़क उठे और अभिनेता को जमकर ट्रोल किया। हालांकि, अब राम चरण को पत्नी उपासना कोनिडेला का साथ मिल गया है। उन्होंने दरगाह पर जाने के बाद अपने पति-अभिनेता राम चरण के लिए एक नोट लिखा है। साथ ही वह बेहद खूबसूरती से उनका बचाव करती नजर आई हैं।

### उपासना ने एक्स पर साझा की राम की तस्वीर

उपासना ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर राम की दरगाह जाते हुए एक तस्वीर साझा की है। तस्वीर में राम सिर झुकाए और सीने पर हाथ रखे नजर आ रहे हैं। वह पारंपरिक ब्लैक आउटफिट में दिखाई दिए। अभिनेता के गले में एक बड़ी सी माला भी थी। वहीं, उनके आसपास गायक मोहित चौहान समेत कई अन्य लोग नजर आए।

### पति को दिया अपना समर्थन

तस्वीर को साझा करते हुए उपासना ने लिखा, 'आस्था एकजुट करती है, कभी विभाजित नहीं करती। भारतीयों के रूप में, हम ईश्वर के सभी रास्तों का सम्मान करते हैं। हमारी ताकत एकता में निहित है। राम चरण अपने धर्म का पालन करते हुए अन्य धर्मों का भी सम्मान करते हैं।'

### नेटिजन्स के कटाक्ष पर दिया सटीक जवाब

उपासना की पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एक नेटिजन ने लिखा, 'मैम अन्य धर्मों का सम्मान करने का मतलब यह नहीं है कि आप अयप्पा माला में उनकी दरगाह पर जाएं। हम उनकी आस्था का अपमान न करके उनके धर्म का सम्मान कर सकते हैं और हमारे धर्म में हस्तक्षेप किए बिना वे जो करते हैं उसका सम्मान कर सकते हैं।' उपासना ने एक मीडिया हाउस के लेख को साझा करते हुए टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसका शीर्षक 'सद्भावना को अपनाना' था।


### क्यों ट्रोल हो रहे राम चरण?

राम ने हाल ही में आंध्र प्रदेश के कडप्पा का दौरा किया। उनके साथ उनकी अगली फिल्म के निर्देशक बुच्ची बाबू सना भी थे। सोमवार शाम को वे अमीन पीर दरगाह और श्री विजया दुर्गा देवी मंदिर गए। राम ने 80वें मुशायरा गजल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपनी अयप्पा माला के साथ नंगे पैर हैदराबाद से कडप्पा के लिए उड़ान भरी। राम ने दरगाह पर फूलों से बनी चादर भी चढ़ाई।

## पुष्पा 2 के अल्लू अर्जुन फिल्मों में है फायर, असल जिंदगी में किसके लिए रखते हैं फ्लावर जैसा दिल

**दक्षिण भारतीय** अभिनेता अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' का देश भर के दर्शकों को इंतजार है। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसने कई सारे रिकॉर्ड इंटरनेट पर तोड़ दिए। इस फिल्म का ट्रेलर 24 घंटे में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्रेलर बना। फिल्म में दर्शकों को अल्लू का दमदार अंदाज पसंद आया। दर्शक उनके संवाद 'फायर नहीं वाइल्ड फायर है मैं' को भी खूब पसंद कर रहे हैं, इस पर सोशल मीडिया पर खूब रील्स बना रहे हैं। अल्लू अर्जुन की पर्दे पर इमेज काफी रफ-टफ है लेकिन असल जिंदगी में वह अपनी बेटी के लिए तो बिल्कुल फ्लावर जैसे हैं यानी बहुत नमरदिल हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी बेटी के साथ एक फोटो साझा किया और उस पर एक प्यारा सा मैसेज लिखा।





### बेटी को करते हैं बहुत प्यार

जब अपनी फिल्मों में अल्लू अर्जुन व्यस्त नहीं होते हैं, तो सारा समय अपने परिवार और बच्चों के साथ गुजारते हैं। खासकर अपनी बेटी अल्लू अरहा को तो वह बहुत प्यार करते हैं। हाल ही में अपनी फिल्म 'पुष्पा 2' के प्रमोशन से समय निकालकर अल्लू ने अपनी बेटी के साथ समय बिताया। साथ ही अपनी और बेटी की एक प्यारी सी तस्वीर इंस्टाग्राम पर भी साझा की। इस फोटो के साथ उन्होंने एक कैप्शन भी लिखा, इसमें अल्लू अर्जुन लिखते हैं-'अल्लू अरहा सिर्फ पापा की बेटी नहीं, वह पापा की राजकुमारी है।' इस तरह से अल्लू अर्जुन ने अपनी बेटी पर खूब प्यारा लुटाया।

### बेटा अल्लू से ज्यादा मां को अहमियत देता है

अल्लू अर्जुन का एक बेटा भी है। हाल ही में उन्होंने अपने बेटे के बारे में बताया कि वह उन्हें बहुत प्यार करता है। अल्लू एक इंटरव्यू में कहते हैं कि मेरा बेटा मेरे लिए कुछ भी कर सकता है लेकिन जब उसकी मां के साथ कुछ गलत हो जाए तो वह मुझे भी नहीं छोड़ता है। कहने का मतलब है कि अल्लू अर्जुन का बेटा अपनी मां के ज्यादा करीब है।

### 'पुष्पा 2' से पहले री रिलीज होगा पहला भाग

अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' जल्द रिलीज होगी ही, लेकिन इससे पहले दर्शक उनकी पहली फिल्म 'पुष्पा-द राइज' को थिएटर में देखेंगे। हाल ही में घोषणा कि गई कि 22 नवंबर को फिल्म 'पुष्पा' को री रिलीज किया जाएगा।

## नागार्जुन के भतीजे के साथ शादी करने जा रहीं मीनाक्षी चौधरी? अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी



मीनाक्षी चौधरी साउथ की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। वर्तमान में अभिनेत्री के पास कई फिल्में हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'मटका' रिलीज हुई, जिसमें वे साउथ अभिनेता वरुण तेज के साथ नजर आईं। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुकाबले प्रदर्शन नहीं किया। वहीं, अब अभिनेत्री अपनी अगली फिल्मों की तैयारियों में व्यस्त हो गई हैं। इस बीच अभिनेत्री की शादी की चर्चाओं ने भी तूल पकड़ा। वहीं, अब खुद मीनाक्षी ने अपनी शादी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है।

दरअसल, पिछले कुछ हफ्तों में सोशल मीडिया एक अफवाह उड़ी कि नागार्जुन के भतीजे सुशांत मीनाक्षी चौधरी से शादी करने वाले हैं। इस जोड़ी ने फिल्म 'इचता वाहनमुलु निलुपराधु' में काम किया था। यह अफवाह क्यों और कैसे उड़ी, इसका कोई कारण नहीं पता, लेकिन यह वायरल हो गई। दावा किया गया कि वे नागार्जुन के भतीजे सुशांत को डेट कर रही हैं और अब शादी करने वाली हैं।

मीनाक्षी चौधरी की इस साल की छठी फिल्म 'मैकेनिक रॉकी' जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। अभिनेत्री फिल्म के प्रचार में जुटी हुई हैं। हालांकि, कल रात मैकेनिक रॉकी के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान मीनाक्षी ने इस बात को साफ कर दिया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने भी ये अफवाहें सुनी हैं और उनका सख्त रूप से खंडन किया है। साथ ही उन्होंने कुछ फिल्मों का हिस्सा होने की खबरों का भी खंडन किया।

### सिंगल हैं अभिनेत्री

मीनाक्षी ने आखिरकार स्पष्ट किया कि वह शादी नहीं कर रही हैं। मीनाक्षी ने कहा, 'यह एक अफवाह है और मैं शादी नहीं कर रही हूं। मुझे नहीं पता कि ये अफवाहें क्यों उड़ती हैं। एक दिन, मैंने पढ़ा कि मैं सालार का हिस्सा हूं और दूसरे दिन, मैंने पढ़ा कि मैं 'विश्वंभरा' का हिस्सा हूं।' अभिनेत्री ने यह भी पुष्टि की कि वह फिलहाल सिंगल हैं। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैं फिलहाल सिंगल हूं, लेकिन अभी शादी के लिए तैयार नहीं हूं।'

### मीनाक्षी की आने वाली फिल्में

वहीं, बात करें मीनाक्षी चौधरी की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वे विक्ट्री वेंकटेश के साथ 'संक्रांतिकी वस्तुन्नम' के लिए कमर कस रही हैं, जो संक्रांति 2025 के दौरान एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। उन्होंने नागा चैतन्य के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। 'मैकेनिक रॉकी' इस महीने की 22 तारीख को सिनेमाघरों में आ रही है। श्रद्धा श्रीनाथ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।






# लाइफ पार्टनर में ख़ूबसूरती ही नहीं, ये खूबियां भी चाहते हैं पुरुष

हर पुरुष की दिली तमन्ना होती है कि उसकी पत्नी बेहद ख़ूबसूरत हो, मगर ख़ूबसूरती के साथ ही पुरुष पत्नी में कुछ ख़ूबियां भी चाहते हैं. ख़ूबसूरती के दीवाने पुरुष अपनी पत्नी की किन ख़ूबियों पर फ़ख्र महसूस करते हैं? इस बात को सिरे से नकारा नहीं जा सकता कि पति के लिए पत्नी की ख़ूबसूरती कोई मायने नहीं रखती, लेकिन ख़ूबसूरत होना ही काफ़ी नहीं. ख़ूबसूरती से कहीं बढ़कर पुरुषों को ऐसी महिलाएं पसंद आती हैं, जिनमें ये ख़ूबियां हों-



### देश-दुनिया की ख़बर रखती हो

गली-मोहल्ले की जानकारी के साथ ही पति ये भी ख़्वाहिश रखते हैं कि उनकी पत्नी को देश-दुनिया की भी पूरी ख़बर हो ताकि वो हर मुद्दे पर पत्नी से बात कर सकें. इसके साथ ही पुरुष ये भी चाहते हैं कि पत्नी बच्चों को भी देश-दुनिया की जानकारी दे.

### मन से ख़ूबसूरत हो

पहली नज़र में तन की ख़ूबसूरती को महत्व देने वाले पुरुष पत्नी के मन की ख़ूबसूरती को उससे कई गुना अधिक महत्व देते हैं. इसीलिए वो चाहते हैं कि उनकी पत्नी का मन ख़ूबसूरत हो. वो अपनी सादगी और अच्छे व्यवहार से पूरे परिवार का मन मोह ले. वो झूठी-बनावटी बातों से कोसों दूर हो.

### परिवार को दिल से अपनाए

पुरुष चाहते हैं कि उनकी तरह ही पत्नी भी उनके माता-पिता को दिल से अपनाए. इसी तरह घर के हर एक सदस्य फिर चाहे वो पति का छोटा/बड़ा भाई/बहन हो, से प्रेम करे और उनसे सलीके से पेश आए. एक अच्छी होम मेकर की तरह परिवार को जोड़े रखे और घर के बड़े-बुज़ुर्गों से लेकर बच्चों तक सभी उसे प्यार करें.

### पूरे परिवार का ध्यान रखे

हो सकता है, पति के कहीं जाने पर जब आप उन्हें अपना ख़्याल रखने को कहें, तो मैं बच्चा नहीं हूं कहकर वो आपकी बात टाल दें, परंतु एक सच ये भी है कि वो दिल से चाहते हैं कि आप न सर्फि उनका, बल्कि उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य का ख़्याल रखें. उनकी ज़रूरतों को समझें और उन्हें पूरा करें.

### समझदार हो

आमतौर पर कहा जाता है कि पुरुषों को ख़ूबसूरत पत्नी पसंद आती है, समझदार नहीं, जो उनके इशारों पर काम करे, लेकिन ये सच नहीं है. पुरुष ऐसी समझदार महिला को पसंद करते हैं जो उनकी ग़ैर मौजदूगी में किसी भी मसले को हल कर सके. उसे किसी के सहारे की ज़रूरत न हो.

### सलाहकार हो

वो दिन गए जब घर के बाहर के काम पतियों के ज़िम्मे होते थे और घर के अंदर की सभी ज़िम्मेदारियां पत्नी संभालती थी. आज दोनों के कंधों पर समान ज़िम्मेदारियां हैं इसीलिए पुरुष चाहते हैं कि पत्नी उनके हर काम में साथ दे, उनकी अच्छी सलाहकार बने और हर फ़ैसले में अपनी राय दे.

### मुश्किल घड़ी में साथ दे

सुख और दुख जीवन के दो पहलू हैं. जो पत्नी दुख में भी ख़ुश रहना और हर मुश्किल घड़ी में पति और परिवार का साथ देना जानती है, पुरुष की नज़र में वही दुनिया की सबसे ख़ूबसूरत महिला होती है. न कि वो जो ख़ूबसूरत तो होती है, पर मुश्किल घड़ी में पति और परिवार का साथ छोड़कर कन्नी काट लेती है.

### अच्छी कुक हो

किसी ने सच ही कहा है, पति के दिल का रास्ता पेट से होकर गुज़रता है. यही वजह है कि ख़ूबसूरत महिलाओं से पहले अच्छा खाना बनाने वाली पत्नी पति के दिल में घर बनाती है. अगर पत्नी अच्छी कुक हो, तो खाने के शौक़ीन पुरुष रिश्तेदारों और दोस्तों के सामने भी फ़ख्र महसूस करते हैं.

# ये फूड अंग-अंग में भर देंगे एनर्जी, स्टेमिना भी हो जाएगा बूस्ट

भागदौड़ भरी जिंदगी में आजकल अक्सर लोग तनाव भरी जिंदगी जीते हैं। ऐसे में पार्टनर के साथ संबंध बनाने में बोरियत होने लगती है। इससे रिश्तों में खटास



आने लगती है जो डिप्रेशन को कई गुना बढ़ा देती है। हर कोई जीवन में कभी न कभी इस परिस्थिति से जरूर गुजरता है। अगर आपके जीवन में भी ऐसा है तो विज्ञान प्रमाणित कुछ खास फूड का सेवन फिजिकल रिलेशन बनाने से पहले करें। निश्चित रूप इन चीजों के सेवन से मूड बेहतर बनेगा और स्टेमिना बूस्ट होगा और आप मन से अपने पार्टनर पर प्यार लुटाने के लिए तैयार हो जाएंगे। आइए जानते हैं कुछ ऐसे हेल्दी फूड्स के बारे में जिनका सेवन फिजिकल रिलेशनशिप से पहले करना फायदेमंद होता है।

### ब्लैक रस्पबैरीज

ब्लैक रस्पबैरीज स्ट्रॉबेरी की तरह ही फ्रूट होता है जो बेहद शक्तिशाली है। इसमें फायटोकेमिकल होता है जो कामेच्छा और स्टेमिना दोनों को बूस्ट करता है। भारत में रस्पबैरीज थोड़ा कम मिलती है लेकिन इसके बदले में आप जामनु या स्ट्रॉबेरी खा सकते हैं।

### अनार



वेबएमडी ने रिसर्च के हवाले से बताया है कि अनार सेक्शुअल रिलेशनशिप में ताजगी लाने के लिए बेहद फायदेमंद है। यह फर्टिलिटी और सेक्स पावर को



बढ़ाता है। रिसर्च के मुताबिक फिजिकल रिलेशन से पहले अनार के जूस का सेवन मूड को बेहतर बनाता है। शरीर के रक्त संचार में वृद्धि करता है और सेक्स हार्मोन टेस्टेस्टोरोन के स्तर को बढ़ाता है।

### तरबूज

गर्मी का मौसम आ गया है ऐसे में तरबूज सिर्फ डिहाइड्रेश में फायदेमंद नहीं है बल्कि यह यौन संबधों में बहुत जल्दी कामेच्छा को बढ़ाने में मददगार है। तरबूज में में सिट्रोलीन और अर्जेनाइन जैसे एमिनो एसिड पाए जाते हैं। ये दोनों एमिनो एसिड ब्लड वेसल्स को रिलेक्स पहुंचाते हैं। इन एमिनो एसिड के कारण ब्लड का फ्लो प्राइवेट पार्ट की तरफ बढ़ जाता है।

### एवोकाडो

एवोकाडो पोषक तत्वों का खजाना है लेकिन यह यौन शक्तिवर्धन भी है। इसमें पर्य़ाप्त मात्रा में हेल्दी फैट और फाइबर पाया जाता है जो एनर्जी और स्टेमिना दोनों को बढ़ाता है। इसमें विटामिन बी 6 पाया जाता है जो थकान को दूर करता है। थकान दूर होने से मूड बेहतर बनता है।



# ज्यादातर लोग भिंडी खरीदने से पहले करते हैं ये गलती! इन बातों का रखें ध्यान

**इस समय बाजार** में आपको पर्याप्त मात्रा में भिंडी मिल जाएगा। लेकिन, इसे खरीदने में की गई गतलियां कई बार स्वाद और पैसा दोनों के खराब होने का अहसास कराती है। आपसे भी ये गलती कई बार हुई होगी कि जब भी आप भिंडी खरीदकर लाते होंगे तो ये खराब निकल जाते होंगे। जैसे कि भिंडी ताजी नहीं होगी या फिर इनमें कीड़े निकल जाते होंगे। ऐसे में अपसोस मनाने से अच्छा ये है कि आप कुछ बातों का ध्यान रखें और जब भी भिंडी खरीदने जाएं तो इन टिप्रस को दिमाग में रख लें। तो, इससे आप ताजी भिंडी खरीद लेंगे वो भी फटाफट बिना समय लगाए।

### कैसे करें ताजी भिंडी की पहचान?

### सबसे पहले भिंडी के आखिरी हिस्स को देखें

भिंडी खरीदते समय सबसे पहले को इसके आखिरी हिस्से को देखें जो कि अगर फ्रेश और ताजे हरे रंग का होगा तो, समझ जाएं कि ये ताजी तोड़कर लाएगी भिंडी है। अगर ये सूखा हुआ और आखिरी हिस्से पर सिकुड़न सा दिख रहा है तो समझ जाएं कि ये बहुत पहले तोड़ी गई थी और इसकी ताजगी अब लगभग खत्म होने को हैष। इनमें बड़े बीज के साथ कीड़े होने की भी संभावना ज्यादा होती है।

### भिंडी के टिप को तोड़कर देखें

ये सबसे पुराना तरीका है जिसमें लोग भिंडी को तोड़कर देखते हैं। लेकिन, कुछ लोग भिंडी को बीच से ही तोड़ने लगते हैं जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। तो, अगर आप बाजार में खड़े हैं और भिड़ी खरीद रहे हैं तो तो एक भिंडी उठाएं और इसके टिप को खटाक से तोड़कर देखें। अगर ये बिना किसी जोर लगाए टूट जाती है तो ये फ्रेश है और आप इसे खरीद सकते हैं।

### भिंडी की रंगत बता देगी

भिंडी की रंगत बता सकती है कि ये ताजी है



या नहीं। दरअसल, आपको इस बात का ध्यान रखना है कि जब भी आप भिंडी खरीदने जाएं देखें कि ये कितनी हरी है और इसमें कितनी नमी नजर आ रही है। तो, आपको करना ये है कि भिंडी खरीदते समय इसकी रंगत पर नजर रखना है और अगर ये नमी से भरपूर हरी नजर आ रही है तो इसे खरीद लें।

### ताजी देसी भिंडी में होंगे हल्के कांटे

भिंडी की सबसे बढ़िया वैरायटी कौन सी है, अगर इस बात पर ध्यान दें तो देसी भिंडी ज्यादा बेहतर होती है। देसी भिंडी की पहचान का सबसे सिंपल तरीका ये है कि इस पर हल्के कांटे नजर आएंगे और हांथ से छूने पर आप इसे महसूस करेंगे। तो, जब भी आप भिंडी खरीदने जाएं तो इन बातों का ख्याल रखें। ऐसा करने से आपके पैसे भी बर्बाद नहीं होंगे और खाने में आपका स्वाद भी बरकरार रहेगा।

# सालों से एक ही गद्दे पर सोते आ रहे हैं तो, कितने समय बाद बदल देना चाहिए ?

**हर चीज की** एक एक्सपायरी डेट होती है। खाने-पीने से लेकर ब्यूटी प्रोडक्ट्स तक, हम किसी भी सामान को इस्तेमाल करने से पहले उसकी एक्सपायरी डेट जरूर चेक करते हैं। लेकिन क्या कभी आपने अपने तकिए, गद्दे या कटलरी के साथ ऐसा किया है? क्या आपने कभी सोचा है कि आप किसी तकिए, गद्दे या किचन में मौजूद बर्तनों को कब तक इस्तेमाल कर सकते हैं? जाहिर तौर पर इन सामानों पर पहले से ऐसी कोई तारीख नहीं लिखी होती है, हालांकि हेल्थ एक्सपर्ट्स अन्य किसी भी चीज की तरह ही इस तरह के सामानों को भी एक तय समय तक ही इस्तेमाल करना सही बताते हैं।

दरअसल, बार-बार सफाई करने के बावजूद हमारे घरों में कीटाणु और बैक्टीरिया बढ़ सकते हैं। खासकर रसोई और बाथरूम जैसी जगहों पर बैक्टीरिया बढ़ने का खतरा सबसे अधिक देखने को मिलता है। इसी तरह क्योंकि हम गद्दे और तकियों को धोकर साफ नहीं कर पाते हैं, ऐसे में इनमें सालों से धूल-मिट्टी जमा होती रहती है, जो आपको बीमारियों के प्रति संवेदनशील बना सकती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि कितने समय तक इस तरह की चीजों का इस्तेमाल करना सही है-

### बांस के कंटेनर

अगर आपकी किचन में बांस के




कंटेनर मौजूद हैं, तो एक्सपर्ट्स इन्हें हर 2 से 3 साल बाद बदल देने की सलाह देते हैं। अधिक समय तक इस तरह के कंटेनर का इस्तेमाल करने से इसमें फफूंद लग सकती है या नमी के संपर्क में आने से बैक्टीरिया का खतरा भी बढ़ सकता है। ऐसे में अच्छी सेहत के लिए समय-समय पर इन कंटेनरों की सफाई करते रहें, साथ ही हर 2 से 3 साल बाद इन्हें बदल दें।

### बर्तन साफ करने वाले स्पंज

बर्तन साफ करने वाले स्पंज में सबसे अधिक तेजी से बैक्टीरिया पनपते हैं। ऐसे में कीटाणुओं को मारने के लिए आप रोज 1 मिनट के लिए नम स्पंज को माइक्रोवेव कर सकते हैं। इससे अलग एक्सपर्ट्स हर 1 से 2 हफ्ते में स्पंज बदलने की सलाह देते हैं।




### कटिंग बोर्ड

अगर आप कटिंग बोर्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो इसे हर एक से डेढ़ साल में बदलना जरूरी हो जाता है। इससे अलग एक्सपर्ट्स कच्चे मांस, पोल्ट्री और सब्जियों के लिए अलग-अलग कटिंग बोर्ड का उपयोग करने की सलाह देते हैं।

### नॉन-स्टिक पैन


नॉन-स्टिक कोटिंग समय के साथ खराब होकर भोजन में हानिकारक रसायन छोड़ सकती है। ऐसे में उच्च गुणवत्ता वाले पैन या नॉन-स्टिक बर्तनों में निवेश करें, साथ ही हर 3 से 5 साल में इन्हें बदल दें।

### तकिए

किचन के सामानों से अलग बात तकिए की करें, तो जैसा की ऊपर जिक्र किया गया है, समय के साथ तकिए में डेड स्किन सेल्स, धूल के कण और पसीना जमा हो जाता है, जिससे एलर्जी और श्वसन संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में समय-समय पक तकिए के कवर को धोते रहें, साथ ही किसी भी एक तकिए का इस्तेमाल केवल 1 से 2 साल तक ही करें।

### गद्दा

हर 2 महीने के अंदर अपने गद्दों




को कुछ समय धूप में जरूर रखें, साथ ही किसी लकड़ी की मदद से इनमें मौजूद धूल को बाहर निकालने की कोशिश करें। इससे अलग समय-समय पर गद्दों को पलटकर इनका इस्तेमाल करें, गद्दों पर बेडशीट से अलग भी एक कवर चढ़ाकर रखें और किसी भी गद्दे का इस्तेमाल केवल 7 से 10 वर्ष तक ही करें।

### कालीन

कालीन भी धूल-मिट्टी को अपने अंदर इक्ट्ठा करते हैं। ऐसे में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए कालीनों को हर रोज वैक्यूम क्लीनर की मदद से साफ करें और हर 8 से 10 साल में इन्हें बदल दें।




# माता-पिता की अच्छी आदतों से बच्चे बनते हैं अनुशासित

बच्चों का व्यवहार माता-पिता की आदतों का परिणाम होता है। बच्चे वैसा ही बर्ताव करते हैं, जैसा वह घर में देखकर सीखते हैं। अगर माता-पिता में से कोई भी एक अधिक आक्रामक या गुस्सैल होता है तो बच्चा भी वैसा ही बर्ताव करता है। उनके दिनचर्या को बच्चा भी अपनाता है। कह सकते हैं कि बच्चे माता-पिता का आईना होते हैं।

सकारात्मक रूटीन और जिम्मेदार व्यवहार के जरिए माता-पिता अपने बच्चे को अनुशासन में रहना सिखा सकते हैं। अभिभावक का व्यवहार अनुशासित, सम्मानपूर्ण और सर्वगुण संपन्न बच्चों को आकार देने में मदद कर सकता है। यहां कुछ अच्छी आदतों के बारे में बताया जा रहा है, जिसे हर बच्चा अपने माता पिता को देखकर सीखता है।



### नियमों का पालन

नियम बच्चों को एक सीमा दायरे में रहने और उसके परिणामों को समझने में मदद करते हैं। जब माता पिता बच्चे के सामने सुसंगत नियमों को बनाते हैं और खुद इसे अपनाते हैं तो बच्चा भी इन्हीं नियमों के अंदर दिनचर्या बिताता है। नियमों को लेकर माता पिता की स्थिर स्थिति बच्चों के लिए अनुशासित व्यवहार को आसानी से अपनाने में सहायक होती है।

### उदाहरण से समझाना

बच्चे जो देखते हैं, उसकी नकल करते हैं। जब माता पिता अपने कार्यों के जरिए अनुशासन को दर्शाते हैं, जैसे किसी टास्क को समय पर पूरा करना और भावनाओं को मैनेज करना, बच्चे भी समान व्यवहार को अपनाते हैं। ये शक्तिशाली उदाहरण बच्चे में समय के साथ आत्म अनुशासन का गुण डालता है।

### जिम्मेदार बनाएं

उम्र के मुताबिक, बच्चे को काम सौंपे जैसे खिलौनों को साफ करना या अन्य छोटे-छोटे काम। इस तरह के कार्यों से बच्चे अपने कर्तव्यों को समझेंगे और जिम्मेदार बनेंगे। अभिभावक पाएंगे कि बच्चे के रोजमर्रा के जीवन में जिम्मेदारी लाने की कोशिश से बच्चा अनुशासित और आत्मनिर्भर बनेगा।



### समय का महत्व

एक तय दिनचर्या को अपनाना खासकर खान-पान, खेल और सोने के निश्चित समय बच्चों को समय का महत्व समझाएगा। जब माता-पिता समय के पाबंद रहेंगे और एक रूटीन अपनाएंगे, बच्चे भी समय प्रबंधन, आत्म नियंत्रण और कमिटमेंट को पूरा करने का महत्व समझेंगे।

### तारीफ और पुरस्कार

अच्छा बर्ताव करने पर पुरस्कार देना या तारीफ करना अनुशासित रहना सिखा सकता है। खुद ऐसे बर्ताव करके माता-पिता बच्चे को जिम्मेदार रवैया अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। सकारात्मक सुदृढ़ीकरण बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाता है और उन्हें अनुशासन को एक गुण के रूप में मानने में सक्षम बनाता है

### धैर्य

बच्चे को सिखाते या सही करते समय माता पिता धैर्य अपनाएं। उनका शांत बर्ताव बच्चे को भी धैर्यवान रहना सिखाएगा। जो अभिभावक धैर्य के साथ अनुशासन सिखाते हैं, वह बच्चों को सुरक्षित महसूस कराते हैं। साथ ही सजा से डरने के बजाए गलतियों से सीखने के लिए प्रोत्साहन देते हैं। यही बच्चों में आत्म अनुशासन का गुण उत्पन्न करता है।




**रिलेशनशिप में** रहते हुए पार्टनर्स के बीच मतभेद होना आम बात है। क्योंकि, जरूरी नहीं कि आपका पार्टनर भी आपकी तरह सोचता हो। दो अलग लोगों की सोच में अंतर होना बेहद आम बात है। वो कहते हैं ना कि एक हाथ की पांच उंगलियां भी बराबर नहीं होतीं, तो दो अलग-अलग लोगों की सोच एक जैसी कैसे हो सकती है।

ऐसे में कपल्स के बीच खट्टी-मीठी नोंक-झोंक तो होती ही रहती है। लेकिन, बड़े-बुजुर्ग हमेशा से समझाते आए हैं कि कपल्स की बातें उनके बीच ही रहनी चाहिए, क्योंकि जैसे ही आपके राज तीसरे के पास जाते हैं वो राज नहीं रह जाते। कई बार इन सबके चलते एक अच्छा-खासा रिश्ता बर्बाद हो जाता है।

रिलेशनशिप में अगर पार्टनर्स के बीच मतभेद आने लगते हैं तो रिश्ते में भी दूरियां आ जाती हैं और रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है। कई बार इसकी वजह आपकी कुछ आदतें भी बन सकती हैं। तो अगर आपको भी ऐसा लगता है कि आपकी किसी आदत से आपका रिश्ता खतरे में पड़ रहा है तो उसे जरूर सुधार लेना चाहिए।

### बुराई करने की आदत

अगर आप उन लोगों में से हैं, जिनका अपने पार्टनर के साथ झगड़ा होता है और वो अपनी पर्सनल बातें दूसरों से शेयर करने लगते हैं। दूसरों से अपने पार्टनर की बुराई भी करते हैं तो इस आदत को तुरंत सुधार लें। क्योंकि, आपकी इस आदत की वजह से आपके और आपके पार्टनर के बीच गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। अपने आपसी झगड़े को सुलझाने के लिए किसी तीसरे की मदद लेने के बजाय आपस में बात करके इसे खत्म करने की कोशिश करें।

### बात का बतंगड़ बनाना

कई लोगों की आदत होती है कि वह छोटी-छोटी बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं और फिर इस पर लड़ने भी लगते हैं। अगर आपके अंदर भी ये आदत है तो सतर्क हो जाएं और किसी भी बात पर शांति से विचार करने की कोशिश करें। क्योंकि, ये आदत आपके रिश्ते को खराब कर सकती है। इस आदत से आमतौर पर कोई भी परेशान हो सकता है और कई बार ये रिश्ते टूटने की वजह बन जाती है।

### कंपेयर करने की आदत

बात-बात पर अपने पार्टनर को किसी दूसरे से कंपेयर करना पूरी तरह से गलत है। अगर आप भी उन लोगों में से हैं जो दिन भर आपने पार्टनर को किसी दूसरे से कंपेयर करते हैं और उन्हें कमतर महसूस कराते हैं तो अपनी इस आदत को सुधार लें। क्योंकि, पार्टनर को किसी दूसरे से कंपेयर करना, मतलब उसका दिल दुखाना। आपके बार-बार ऐसा करने से रिलेशनशिप की उम्र भी कम होने लगती है, क्योंकि इससे रिश्ते में दरार पैदा होती है।

### पुरानी बातों को बार-बार बीच में लाना

जो बीत गया सो बीत गया... पति-पत्नी को भी हमेशा इसी कहावत को ध्यान में रखते हुए एक-दूसरे का साथ देना चाहिए। बीते बातों को या पार्टनर की किसी पुरानी गलती को बार-बार दोहराने से, एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने से रिश्ते भी जख्मी होते हैं और पार्टनर का दिल भी दुखता है। इसलिए बीती बातों को कभी आज में ना घसीटें।


### खुलकर अपनी बात ना रखना

अगर आपको अपने पार्टनर की किसी बात से दुख हो रहा है तो उसके सामने खुलकर इसका इजहार करें, ताकि वह आपके मन की स्थिति को समझ सके। ऐसी बातों को दबाए रखने से अक्सर ये बड़े झगड़े की वजह बनती हैं। जबकि अपनी भावनाओं को जाहिर करने से आपका रिश्ता मजबूत होता है तो कोशिश करें कि अपनी भावनाओं को पार्टनर से शेयर ना करने की आदत आज ही छोड़ दें और चाहे प्यार हो या नाराजगी, अपने पार्टनर के आगे सब खुलकर व्यक्त करें।



# बैटरी के दाम 2 साल में 50% घटने के आसार

*फिक्की ने ईवी बैटरी, चार्जिंग सर्विस पर टैक्स 18% से 5% करने की मांग की*



## सरकार विचार करेगी

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। इलेक्ट्रिक व्हीकल यानी ईवी के दाम अगले दो साल में खासे कम हो जाएंगे। 2026 तक ईवी बैटरी की कीमतें 2023 के मुकाबले आधी रह जाएंगी। ईवी मैन्युफैक्चरिंग में 28-30% लागत बैटरी की ही होती है। गोल्डमैन सैक्स की ताजा स्टडी के मुताबिक, 2022 में दुनियाभर में ईवी बैटरी की औसत कीमत 153 डॉलर (करीब 13 हजार रुपए) प्रति किलोवॉट थी। 2023 में इनके दाम 149 डॉलर (करीब 12,500 रुपए) रह गए। 2026 तक कीमत घटकर 80 डॉलर (करीब 6,700 रुपए) प्रति किलो वॉट रह जाने के आसार हैं। 2022 की तुलना में यह लगभग 50% कम है। बैटरी की कीमतें इस स्तर पर आने के बाद इलेक्ट्रिक कारों के दाम पेट्रोल कारों जितने हो जाएंगे।

**फिक्की ने ईवी बैटरी, चार्जिंग सर्विस पर टैक्स 18% से 5% करने की मांग की**

देश में ईवी को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए बैटरी और चार्जिंग सेवाओं पर जीएसटी कम करने की जरूरत है। साथ ही, ईवी बिक्री बढ़ाने के लिए पीएम ई-ड्राइव फंड बढ़ाने की भी जरूरत है। फिक्की ने अपने राष्ट्रीय सम्मेलन में सरकार के सामने यह मांग रखी।

फिक्की इलेक्ट्रिक व्हीकल कमेटी की चेयरपर्सन सुलाज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा कि ईवी बैटरी और चार्जिंग सेवाओं पर 18% जीएसटी है। इसे हम 5% तक कम करने का अनुरोध करते हैं। ताकि कंज्यूमर्स के लिए बैटरी, चार्जिंग किफायती हो जाए। फिक्की के प्रसीडेंट और महिंद्रा ग्रुप के एमडी और सीईओ अनीश शाह ने कहा कि इलेक्ट्रिक चार-पहिया वाहनों की वर्तमान में भारत में 1.5% हिस्सेदारी है, ऐसे में अभी भी बहुत काम करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने कहा- नई इलेक्ट्रिक कार लाने के लिए ऑटोमोटिव इंडस्ट्री को बड़ी भूमिका निभाने की जरूरत है। सरकार टैक्स के मुद्दों सहित सभी पहलुओं पर विचार करेगी।

**15 साल पहले की तुलना में 90% सस्ती**

रिपोर्ट में कहा गया है कि जब से मॉडर्न इलेक्ट्रिक कारें बाजार में आने लगी हैं, बैटरी के दाम लगातार घटे हैं। अमेरिकी ऊर्जा विभाग के मुताबिक, टेस्ला रोडस्टर की कीमत 15 साल पहले के मुकाबले करीब 90% कम हो गई है।

# गोल्ड लोन पर अब हर महीने देना पड़ सकता है पेमेंट

*जल्द शुरू होंगे मंथली प्लान*

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। आरबीआई गोल्ड लोन देने में कमियों पर नाराजगी जाहिर कर चुका है। आरबीआई की ओर से बैंकों और गोल्ड लोन कंपनियों को सख्त लहजे में चेतावनी भी दी गई है। इसके बाद इंडस्ट्री अब मंथली प्लान शुरू करने की योजना बना रही है। इसके तहत, कंपनी लोन लेने वालों को मासिक किस्तों में ब्याज और मूलधन का भुगतान शुरू करने के लिए कह सकती हैं। लोन देने वाली कंपनियां गोल्ड के बदले कर्ज देने के लिए टर्म लोन का रास्ता भी तलाश रहे हैं। ऐसे में लोन लेने वालों को जल्द ही लोन अप्रूवल के तुरंत बाद ईएमआईएस के माध्यम से ब्याज और मूलधन का भुगतान शुरू करना पड़ सकता है।

**गिरवी जेवरों पर निर्भरता नहीं**

सीनियर बैंकिंग अफसर ने कहा कि आरबीआई चाहता है कि गोल्ड लोन कंपनियां, लोन लेने वाले की भुगतान क्षमता की जांच करें और केवल गिरवी रखे जेवर पर निर्भर न रहें। इसलिए हम अब गोल्ड लोन के लिए मंथली पेमेंट प्लान तैयार कर रहे हैं। इसके अलावा लोन देने वाली कंपनी गोल्ड द्वारा सुरक्षित फाइनेंसिंग प्रदान करने के लिए टर्म लोन का उपयोग करने पर विचार कर रही हैं। पहले, गोल्ड लोन देने वाले लेंडर्स बुलेट रीपेमेंट विकल्प की पेशकश करते थे, जहां लोन लेने वाला एक निश्चित ईएमआई शेड्यूल का पालन करने के बजाय, अवधि के अंत में पूरा लोन अमाउंट चुका सकता था।

# आधार-कार्ड खराब होने या खो जाने पर न हों परेशान

**घर बैठे ऑर्डर करें नया कार्ड, इसके लिए देनी होगी 50रु.फीस**




नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट है। ऐसे में इसके गुम या खराब हो जाने पर आपके कई जरूरी काम रुक सकते हैं। इस कारण आधार जारी करने वाली संस्था यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) लोगों को पीवीसी आधार ऑनलाइन ऑर्डर करने की सुविधा देता है।

यूआईडीएआई के अनुसार इसकी आधिकारिक वेबसाइट के जरिए केवल 50 रुपए का शुल्क देकर पीवीसी आधार कार्ड ऑर्डर किया जा सकता है। पॉलिविनाइल क्लोराइड कार्ड्स को पीवीसी कार्ड के नाम से जाना जाता है। यह एक तरह का प्लास्टिक कार्ड होता है, जिस पर आधार कार्ड की जानकारियों को प्रिंट किया जाता है। यह कार्ड आपके एटीएम या डेबिट कार्ड की तरह आसानी से वॉलेट में आ जाएगा। इसके जल्दी खराब होने की भी चिंता नहीं होगी। यहां हम आपको ऑनलाइन पीवीसी आधार कार्ड मंगवाने की ऑन लाइन प्रोसेस के बारे में बता रहे हैं।

**3 फॉर्मेट में आता है आधार**


आधार कार्ड इस वक्त 3 फॉर्मेट - आधार लेटर, ई-आधार और पीवीसी कार्ड में उपलब्ध है। यूआईडीएआई के अनुसार बाजार से जो पीवीसी कार्ड बन रहे हैं, वे मान्य नहीं हैं। यूआईडीएआई ने हाल ही में अक्टूबर महीने में आधार कार्ड को पॉलिविनाइल क्लोराइड कार्ड (पीवीसी) पर रीप्रिंट कराने की सुविधा दी है। यह कार्ड आपके एटीएम या डेबिट कार्ड की तरह आसानी से वॉलेट में आ जाएगा। इसके

# इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स पर सब्सिडी फिर शुरू हुई

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। पीएम ई-ड्राइव स्कीम से जुड़ी रही। मिनिस्ट्री ऑफ हैवी इंडस्ट्री (एमएचआई) ने पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स पर फिर से सब्सिडी देना शुरू कर दिया है। स्कीम के तहत, इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर खरीदने पर सरकार की तरफ से 50,000 रुपए की सब्सिडी दी जाती है।

# विश्व बैंक की शाखा आईडीए की मदद के लिए 4 अरब डॉलर देगा अमेरिका

## बाइडन ने एक्स पर दी यह जानकारी



नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने विश्व बैंक के अंतरराष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) की मदद करने के लिए अगले 3 वर्षों में 4 अरब अमरीकी डालर देने एलान किया है। एक्स पर एक पोस्ट में, बाइडन ने कहा, "इस सप्ताह मैं विश्व बैंक के अध्यक्ष बंगा के साथ यह घोषणा करने में शामिल हुआ कि संयुक्त राज्य अमेरिका आईडीए की जरूरतों को फिर से पूरा करने के लिए 3 वर्षों में चार अरब अमेरिकी डॉलर देने का वचन देगा। आईडीए विश्व बैंक की वह शाखा है, जो कमजोर देशों की मदद करती है। हम दूसरों से अनुरोध करते हैं कि वे अपनी प्रतिज्ञाओं को आगे बढ़ाने में हमारा साथ दें"। अंतरराष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) विश्व बैंक का हिस्सा है जो कम आय वाले देशों की मदद करता है। 1960 में स्थापित, आईडीए विश्व बैंक की मूल ऋण शाखा, अंतरराष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (आईबीआरडी) का पूरक है। आईडीए की वेबसाइट पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, इसके अनुदान और कम ब्याज वाले ऋण देशों को अपने भविष्य में निवेश करने और जीवन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं जिससे अधिक समृद्ध समाज का निर्माण होता है।

आईडीए दुनिया के 78 कम आय वाले देशों के लिए सहायता के सबसे बड़े स्रोतों में एक है और इन देशों में बुनियादी सामाजिक सेवाओं के लिए निधि का सबसे बड़ा स्रोत है। आईडीए रियायती शर्तों पर जरूरतमंद देशों को पैसा उधार देता है।

# असली हीरे के नाम पर चूना नहीं लगा पाएंगे ज्वेलर्स, सरकार का नया प्लान




नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। नेचुरल और लैब में तैयार हीरों के बारे में ग्राहकों को जो उलझन होती है, सरकार उसे दूर करने का उपाय करने जा रही है। सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) इस बारे में दिशानिर्देश जारी करेगी। इसमें हीरों की सही लेबलिंग करने के अलावा सभी तरह के हीरों के ओरिजिन और प्रोडक्शन के तरीकों की जानकारी देने के नियम बनाए जा सकते हैं। साथ ही, लैब में तैयार हीरों के लिए नेचुरल या जेनुइन डायमंड जैसे शब्दों के इस्तेमाल की मनाही होगी।

इस संबंध में सीसीपीए ने अपनी चीफ कमिश्नर निधि खरे की अध्यक्षता में डायमंड इंडस्ट्री और विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया। बैठक में शामिल रहे एक अधिकारी ने कहा कि नेचुरल डायमंड और लैब में तैयार किए जाने वाले हीरों के बीच क्या फर्क है, इसकी सही जानकारी नहीं होने से ग्राहकों के हितों का उल्लंघन होता है। उन्होंने कहा कि डायमंड इंडस्ट्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सीसीपीए जल्द गाइडलाइंस जारी करेगी।

**इंडस्ट्री और कंज्यूमर के हित में है**

इस बारे में जेम एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन अशोक सेठ ने कहा, 'कई बार ग्राहक नेचुरल डायमंड समझकर लैब में तैयार किए गए डायमंड खरीद लेते हैं।

# इन आंकड़ों को देख क्यों खुश होंगे पीएम मोदी, कहां मारते दिख रहे बाजी?




नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। शहरों में बेरोजगारी दर घटकर 6.4% रह गई है। लगभग छह साल में यह सबसे कम है। ये आंकड़े जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही के हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बताया कि महिलाएं भी ज्यादा संख्या में काम पर जा रही हैं। बेरोजगारी दर घटी है। हर वर्ग की आमदनी में इजाफा हुआ है। ये आंकड़े मोदी सरकार को जरूर राहत देंगे। बीते कुछ समय में रोजगार के मुद्दे पर वह लगातार विपक्ष के निशाने पर रही है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जुलाई-सितंबर तिमाही में आमतौर पर कंपनियां नई भर्तियां करती हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने बताया कि कंपनियों की ओर से नए लोगों को काम पर रखे जाने के कारण बेरोजगारी दर में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) के आंकड़े भी मांग में बढ़ोतरी का संकेत देते हैं। इस अवधि के दौरान पीएमआई 50 से ऊपर बना रहा।

# केवाईसी न होने पर भी इन लोगों के अकाउंट फ्रीज नहीं कर पाएंगे बैंक, आरबीआई ने लगा दी फटकार




नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक ने उस बैंकों को फटकार लगाई है जो केवाईसी न होने पर अकाउंट फ्रीज कर रहे हैं। दरअसल, बैंक केवाईसी न होने पर उन लोगों के अकाउंट फ्रीज कर रहे हैं जिनमें खाते में सरकार से डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) फंड मिलता है। इसमें सब्सिडी, पेंशन, किसी खास योजना का पैसा आदि शामिल हैं।

इसके अलावा रिजर्व बैंक ने इन बैंकों को केवाईसी अपडेट में देरी करने के लिए भी दोषी पाया गया है। इस कारण भी काफी लोगों के अकाउंट फ्रीज हो गए हैं।

**निर्देशों का पालन करने की दी सलाह**

निजी क्षेत्र के बैंकों के निदेशकों को संबोधित करते हुए आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा कि बैंकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि केवाईसी दिशा-निर्देशों का पालन सटीकता और सहानुभूति दोनों के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने पहले भी बैंकों को निर्देश दिए थे। इनमें कहा गया था कि बैंक केवाईसी के अभाव में उन अकाउंट को फ्रीज न करें जिनमें सरकारी योजनाओं का पैसा ट्रांसफर किया जाता है।

**ग्राहक को नहीं मिल पा रहा पैसा**

स्वामीनाथन ने कहा कि जिस तरह से दिशा-निर्देशों को लागू किया जा रहा है, उसके कारण कई अकाउंट फ्रीज हो रहे हैं। इससे ग्राहकों को उनका पैसा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि बोर्डों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बैंकों की सर्विस में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। खासकर सीनियर सिटिजंस आदि के लिए।

*इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में 'मखाने' की धूम*

# मखाने से बने इडली, डोसा, कुल्फी और रबड़ी को लोग खूब कर रहे पसंद




नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। 'फास्ट फूड' के जमाने में स्वाद और स्वास्थ्य का यदि संगम मिल जाए तो उसके क्या कहने। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (ट्रेड फेयर) में इस बार 'सुपर फूड' मखाने से बनी वस्तुएं पवेलियन के अंदर व बाहर बने फूड कोर्ट दोनों जगह छाई हुई हैं। मखाना जहां स्वास्थ्य वर्धक होता है और इसमें कई प्रकार के प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, खनिज व लौह तत्व पाया जाता है, वहीं 'शुगर फ्री' होने की वजह से मधुमेह के मरीज भी इसे खा सकते हैं।

**ट्रेड फेयर में मखाने से बने 22 व्यंजन**

मेले में पहली बार शिरकत करने वाले खाद्य प्रौद्योगिकीविद् श्रवण कुमार राय ने बताया कि लोगों को 'जंक व फास्ट फूड' खाते देखकर उन्हें विचार आया कि भारत के लोगों के स्वास्थ्य को बचाने के लिए उनकी आदतों में बदलाव की जरूरत है लेकिन स्वाद वही रखना पड़ेगा। इसीलिए 'जंक फूड' को बदलकर 'सुपर फूड' में तब्दील करने के लिए मखाने के साथ प्रयोग किया गया और 22 व्यंजनों को तैयार किया गया। उनकी कंपनी 'फूड टेक्नोलाजिस्ट एमबीए मखानावाला' के नाम से है। वहीं दरभंगा बिहार से आए राजीव रंजन का स्टाल हाल नंबर 4 में है। उन्होंने बताया कि उनके कहने पर ही प्रधानमंत्री मोदी ने जी20 सम्मलेन के दौरान काजू को हटाकर मखाना को रखवाया गया था।

इससे भारतीय किसान से लेकर व्यापारी को फायदा हो रहा है। कृषि मंत्रालय द्वारा दिए गए स्टाल पर हम कई स्वाद में मखाना पेश कर रहे हैं इसमें टैंगी, चीज, पैरी-पैरी, पुदीना, चाट मसाला, टैंगी टोमेटो सहित मखाना की कुल्फी, चाकलेट व खीर भी है। किसान की नई फसल होने की वजह से इस बार ट्रेड फेयर में हम बाजार दामों से 20 फीसद सस्ते में मखाने से बनी वस्तुएं बेच रहे हैं।

# भारत से संबंध सुधारने की कोशिश में चीन

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। चीन अमेरिका में आने वाले ट्रम्प प्रशासन के दबाव को कम करने की कोशिश में भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा है, एक शीर्ष भारत केंद्रित अमेरिकी व्यापार पैरवीकार और रणनीतिक समूह के प्रमुख ने यह बात कही। अपने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान ट्रम्प ने चीन से आने वाले सामानों पर 60 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा था- उन्होंने अन्य सभी अमेरिकी आयातों पर 20 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा था। अमेरिका-भारत सामरिक व भागीदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कहा, इसलिए, हम ट्रंप प्रशासन के आने का शुरुआती प्रभाव देख रहे हैं, जिसने चीन पर भारत के साथ व्यवहार को आसान बनाने का दबाव बनाया है। इसीलिए सीमा पर गश्त पर सहमति बनी है। सीधी उड़ानों पर सहमति बनी है।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-28
सूर्यास्त. - 17-35
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- षष्ठी 17-03 तक उपरान्त सप्तमी
तिथि- दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण , गुरुवार 21 November
नक्षत्र - पुष्य 15-35 तक उपरान्त आश्लेषा
योग - शुक्ल 12-00 तक उप ब्रह्म
करण- वणिज 17-03 तक उप विष्टी
विशेष:- गुरु पुष्य योग
व्रत -त्योहार - भद्रा काल 17-04 से

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | मे |
| चंद्र- | कर्क | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | धनु | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| वृश्चिक- | 06-06 | बजे |
| धनु---- | 08-20 | बजे |
| मकर... | 10-25 | बजे |
| कुंभ-- | 12-16 | बजे |
| मीन-- | 10-54 | बजे |
| मेष--- | 15-30 | बजे |
| वृष--- | 17-15 | बजे |
| मिथुन- | 19-16 | बजे |
| कर्क--- | 21-27 | बजे |
| सिंह--- | 23-40 | बजे |
| कन्या-- | 01-47 | बजे |
| तुला--- | 03-52 | बजे |

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 13:26 से 14:50 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ. | 06:28 - 07:50 | शुभ | अमृत. | 17:35 - 19:14 | शुभ |
| रोग. | 07:50 - 09:14 | अशुभ | चंचल | 19:14 - 20:50 | शुभ |
| उत्पात | 09:14 - 10:38 | अशुभ | रोग | 20:50 - 22:26 | अशुभ |
| चंचल. | 10:38 - 12:02 | शुभ | काल | 22:26 - 00:02 | अशुभ |
| लाभ | 12:02 - 13:26 | शुभ | लाभ. | 00:02 - 01:38 | शुभ |
| अमृत. | 13:26 - 14:50 | शुभ | उत्पात | 01:38 - 03:14 | अशुभ |
| काल. | 14:50 - 16:14 | अशुभ | शुभ | 03:14 - 04:50 | शुभ |
| शुभ. | 16:14 - 17:35 | शुभ | अमृत. | 04:50 - 06:25 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज का दिन सट्टा उद्यमों के लिए सबसे उपयुक्त है । आज एक लॉटरी टिकट या कंपनियों के शेयरों में निवेश करने से धन वृद्धि का एक उच्च मौका है। आपको किसी से एक अच्छा सुझाव मिल सकता है और अगर आप उसे समय पर करते हैं , तो आप अपनी आय बढ़ा सकते हैं। आज का दिन आपके के लिए शांतिपूर्ण रहेगा ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपकी वित्तीय नियोजन और कड़ी मेहनत ने रंग दिखाया है । जो लोग पहले आप पर शक करते थे और आपके निर्णय से सहमत नहीं होते थे , वे आपके तर्क और दूरदर्शिता की आपकी शक्तियों से प्रभावित होंगे । वित्तीय सफलता की इस अवधि का आप आनंद लें । आज आप विलासिता से संभंधित वस्तुओ पर व्यय कर सकते है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज कार्यस्थल पर कई अलग तरह की स्थितियां आपके समक्ष आएंगी और आप इसके लिए बाध्य होगे की आप स्थितियों के अनुसार सही निर्णय लेकर आगे बढे । आज आपके काम की नैतिकता के लिए अतिरिक्त ध्यान देने की जरुरत है । अपने सहकर्मियों के साथ न चलने के कारण कुछ तनाव की स्थितियां सामने आ सकती है।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आप जो भी कार्य करेंगे , सफलता आपके कदम चूमेगी । अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा में बैठे थे तो आज आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज का दिन पदोन्नति या अधिक जिम्मेदारी लेने के बारे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार विमर्श आरंभ करने के लिए उपयुक्त है।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आप वह प्यार और ख़ुशी को पाएंगे जो आप अपने कार्य क्षेत्र में महसूस करते थे । बाहरी दबावों और काम के बोझ की वजह से वह ख़ुशी कही दब सी गई थी पर एक खुशनुमा पल आपको ये एहसास कराएगा की क्यों अपने ये कार्य क्षेत्र चुना था और ये क्यों आप पर इतना जचता है । आज का दिन अपने कार्य क्षेत्र में अपना रवैया बदलने के लिए अति उत्तम है ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आपको अपने खर्चों का ध्यान रखना होगा और उनपर पैनी निगाह रखनी होगी क्योकि यह छोटे छोटे खर्चे आगे जाकर विराट रूप धारण कर लेते है , हालाँकि आपकी व्यक्तिगत जरूरते कम है पर फिर भी आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा ताकि भविष्य में धन की समस्या उत्पन न हो ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आप में लोगों के जीवन में एक फर्क लाने एवं उनकी सहायता का भाव रहेगा । आप धर्मार्थ कार्य में शामिल हो सकते है जो की आपका समय और प्रतिबद्धता को छीन सकता है । आपको ये निर्णय लेना होगा की धर्मार्थ कार्यो से जुड़े रहकर कुछ करना चाहते है , जिससे आपके वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़े या वापस अपने कार्य क्षेत्र से जुड़कर धन की वृद्धि करना चाहते है. ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आप कुछ दिनों से निर्णय नहीं ले पा रहे थे जिसका असर आपके व्यवहार में भी झलक रहा था पर ये समय ये सब बाते छोड़ कर कुछ कर दिखाने का समय है और साथ ही साथ अपने इस व्यवहार को बदलने का भी । आप बिना भयभीत हुए निर्णय ले जो की आपके भविष्य के लिए अछा साबित हो । आप किसी अच्छे जानकर से भी अपने पैसे और अपने पेशे से संबंधित सुझाव ले सकते है जो की आज फायदेमंद साबित होगा ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आज के दिन हालाँकि आप अपनी नौकरी और कार्य क्षेत्र से काफी संतुष्ट है परन्तु क्रोध के कारण आप अपना आपा खो सकते है और किसी सहकर्मी से आप विवाद में फँस सकते है। इन घटनाओ की वहज से कोई लापरवाही भरा निर्णय न ले जो की आपके लिए अच्छा न हो । आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा अन्यथा आप इन घटनाओ की वहज से ऐसी नौकरी छोड़ सकते है जिससे आप काफी संतुष्ठ है ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आप पूर्ण रूप से स्वस्थ्य नहीं हैं इसलिए आप इस उत्पादक अवधि का लाभ नहीं उठा पा रहे है । आप अपने कार्यो की पूर्ति के लिए पहले से ही स्थापित कार्य योजना का पालन करे और आगे बढ़ें चाहे आपको कैसी भी परिस्थितियों का सामना करना पड़े । यह अपने काम को खत्म करने के लिए नए तरीके अपनाने के लिए एक अच्छा समय नहीं है।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आपको आगे जाने से पहले अपने वित्तीय और कैरियर से संबंधित योजनाओं के अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों नतीजों पर विचार करना होगा । आपको कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने कैरियर से संबंधित योजना का एक खाका तैयार करना होगा जिससे आप लाभ और हानि का विश्लेषण कर सके ।दोबारा अपने निर्णय का पुनर्मूल्यांकन करे ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
जो लोग सेवा क्षेत्र में हैं , वे अपनी आय में बढ़ोतरी की उम्मीद कर सकते हैं हालाँकि अगर ऐसा नहीं होता है , तो आप खुलकर अपने विचारो को आवाज दे और ये सुनिश्चित रखे की इसे सुना जायेगा । काम का बोझ जो दिन के मध्य में ऊँचा रहेगा परन्तु उम्मीद है कि दिन के अंत तक वह कम होगा । आप अपने एक सुरक्षित भविष्य के लिए एक बीमा पॉलिसी में खुद को पंजीकृत कर सकते हैं।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का सीएम हेमंत सोरेन पर हमला

## कहा- उन्होंने युवाओं को धोखा दिया

गिरीडीह, 20 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड में चल रहे विधानसभा चुनाव में बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरीडीह के एक मतदान केंद्र पर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में घुसपैठ और बेरोजगारी प्रमुख मुद्दा है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन पर युवाओं को धोखा देने का आरोप लगाया।

बाबूलाल मरांडी ने सभी से चुनाव में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर किसी को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। यह लोकतंत्र का त्योहार है और हमें हर पांच साल में एक बार राज्य के विकास के लिए मतदान करने का मौका मिला है। राज्य में घुसपैठ और बेरोजगारी प्रमुख मुद्द्दा है। सीएम हेमंत सोरेन ने युवाओं को धोखा दिया है। हमने युवाओं से इस बार एनडीए का समर्थन करने की अपील की है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की झामुमो



सरकार पिछले पांच में भ्रष्टाचार में डूबी रही। इस बार झारखंड के लोग झामुमो सरकार को बदलना चाहते हैं। क्योंकि वे इन पांच वर्षों में काफी दर्द से गुजरे हैं। हर किसी ने संकट का सामना किया है। अब वह मौका आ गया है जब लोग एनडीए के पक्ष में परिवर्तन के लिए मतदान करेंगे।

उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन के निजी सहायक के आवास पर हुई आयकर विभाग की छापेमारी को लेकर कहा कि काले धन के बिना यह संभव नहीं है। अगर कोई इस हद तक भ्रष्टाचार में डूबा है तो उसके पास हमारे कुछ नेताओं पर आरोप लगाने के अलावा क्या विकल्प है? बीजेपी-एनडीए को 51 से ज्यादा सीटें मिलेंगी और हम सरकार बनाने जा रहे हैं। मरांडी ने मतदाताओं से अंतिम चरण के मतदान में भाग लेने का आग्रह भी किया। उन्होंने कहा सभी मतदाता झारखंड के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना वोट अवश्य डालें। युवाओं को रोजगार देने, माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर बनाने, अपराध पर नियंत्रण करने, घुसपैठ और भ्रष्टाचार मिटाने के लिए आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। झारखंड में दूसरे चरण में 38 सीटों पर मतदान चल रहा है। दोपहर एक बजे तक करीब 48 फीसदी मतदान हो चुका है। बूथों के बाहर मतदाताओं की लंबी कतारें लगी नजर आ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मतदाताओं से मतदान में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह किया। 13 नवंबर को राज्य में पहले चरण में 43 सीटों पर मतदान हुआ था।

# झारखंड की 38 सीटों पर वोटिंग खत्म

## जेएमएम विधायक और भाजपा समर्थकों में धक्का-मुक्की कल्पना की सीट पर बवाल, शाम 5 बजे तक 67.59% वोटिंग



रांची/धनबाद/देवघर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव के आखिरी और सेकेंड फेज में बुधवार को 12 जिलों की 38 सीटों पर वोटिंग शाम पांच बजे खत्म हो गई। शाम 5 बजे तक 67.59% वोटिंग हुई है। हालांकि, फाइनल आंकड़ा आना अभी बाकी है। वहीं, शाम साढ़े चार बजे गिरिडीह के होली स्कूल के बूथ पर जेएमएम और भाजपा समर्थक आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि कुछ लोग बोगस वोटिंग कर रहे थे, इसका भाजपा समर्थकों ने विरोध किया। हंगामे की सूचना पर पहुंचे जेएमएम विधायक सुदिव्य कुमार सोनू से भी धक्का-मुक्की हुई।

इससे पहले दोपहर में भाजपा ने गांडेय विधानसभा के कुंडलवादाह के बूथ नंबर 282 और 338 के पोलिंग एजेंटों पर जेएमएम के पक्ष में मतदान कराने का आरोप लगाया है। जानकारी मिलने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लिया है। भाजपा ने सीसीटीवी फुटेज भी जारी किया है। गांडेय सीट से सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मैदान में हैं।

इस फेज की 38 सीटों में एनडीए की तरफ से भाजपा 32 और आजसू 6 सीटों पर चुनाव लड़ी। वहीं, इंडिया ब्लॉक में झामुमो 20, कांग्रेस 12, राजद 2 और माले 4 सीटों पर लड़ा।

# नेता प्रतिपक्ष महंत ने गवर्नर को लिखी चिट्ठी

## घासीदास जयंती के चलते शीतसत्र 18 दिसंबर से शुरू करने की मांग

रायपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने राज्यपाल को पत्र लिखकर विधानसभा के शीतकालीन सत्र की अवधि में बदलाव करने की मांग की है। महंत ने मांग की है कि वर्तमान शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है, जिसे 18 दिसंबर यानी गुरू घासीदास जयंती से शुरू किया जाए।

महंत ने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में कहा है कि 18 दिसंबर को बाबा गुरूघासीदास जी की जयंती है। इस दिन अवकाश रहेगा, लेकिन जयंती के व्यापक कार्यक्रमों के चलते प्रदेश के चलते अधिकतर विधानसभा सदस्यों को अपने अपने क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित होने में असुविधा होगी। 5 दिनों तक सदन की कार्रवाई चलेगी। इसमें 4 बैठकें होंगी। वित्तीय कार्यों सदन में होंगे। इस सत्र के दौरान प्रदेश में धान खरीदी, सरकारी नौकरियों में भर्ती, कानून व्यवस्था के मुद्दे उठेंगे। जल्द ही भाजपा और कांग्रेस अपने-अपने विधायक दलों की बैठक भी सत्र को लेकर करेंगे। सत्र की घोषणा के बाद से ही कांग्रेस विधायकों ने अवधि को लेकर एक बार फिर सवाल किये हैं। विधायकों का कहना है कि सत्र की अवधि बहुत कम है। इस कारण सत्र की अवधि बढ़ाई जाए। विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 से 20 दिसंबर तक होगा। सत्र के दौरान कुल चार बैठकें होंगी। सत्र में संशोधित अध्यादेश लाया जाएगा। इसके अलावा दूसरा अनुपूरक बजट भी पेश होगा।

# डॉक्टर कर रहे थे हर्निया का ऑपरेशन

## 75 साल का बुजुर्ग मरीज गुनगुनाता रहा, मैं 17 बरस का तू 16 बरस की

जांजगीर चांपा, 20 नवंबर (एजेंसियां)। जांजगीर चांपा जिले के निजी नर्सिंग होम एनकेएच में हर्निया के ऑपरेशन के दौरान एक बुजुर्ग व्यक्ति के गाना गाने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। बुजुर्ग का नाम गंगाराम यादव (75) है। जहां एक तरफ डॉक्टर उसका ऑपरेशन कर रहे थे वहीं दूसरी तरफ गंगाराम ऑपरेशन के दौरान मैं 17 बरस का तू 16 बरस की गाना गाते रहे जो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। वहीं ऑपरेशन कर रहे डॉक्टरों ने बुजुर्ग व्यक्ति के हौसले को सलाम किया है। दरअसल सक्ति जिले के हसौद के रहने वाला गंगाराम यादव को हर्निया की समस्या थी। जिसके इलाज के लिए चांपा के निजी नर्सिंग होम एनकेएच में आया था। जांच के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन करने की सलाह दी। ऑपरेशन थियेटर में जब गंगाराम का ऑपरेशन चल रहा था तभी वह अपने प्यार को याद करते हुए गाना गाने लगा। डॉक्टरों का कहना है कि कई ऐसे मरीज आते हैं जो कि ऑपरेशन के नाम से डर जाते हैं।

# बकाया राशि भुगतान की मांग, 3048 राइस मिलर्स आंदोलन पर

## छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बोले- अफसर कर रहे मनमानी

रायपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू होने के 6 दिन बाद प्रदेश के 3048 राइस मिलर्स ने बकाया राशि की भुगतान को लेकर असहयोग आंदोलन शुरू कर दिया है। मिलर्स का आरोप है कि अधिकारी नियमों पर नई शर्तें लगाकर प्रोत्साहन राशि कम कर रहे हैं। जिसके विरोध में मिलर्स ने रजिस्ट्रेशन और बारदाना जमा करने के काम से दूरी बना ली है। मांग जल्द पूरी नहीं करने पर कस्टम मिलिंग नहीं करने और हड़ताल की चेतावनी दी है।

छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने चर्चा के दौरान कहा, कि विभागीय अधिकारियों का रवैया राइस मिल कारोबार को बर्बाद करने वाला है।

अफसर पैसा जारी नहीं कर रहे हैं, जिससे मिलर्स का कारोबार बर्बाद हो रहा है। कई कारोबारी दिवालिया होने के कगार पर हैं, तो कुछ कर्ज लेकर कारोबार चला रहे हैं।

मिलर्स एसोसिएशन ने इससे



पहले सीएम साय से मुलाकात कर मामले में हस्तक्षेप करने और विभागीय अधिकारियों की मनमानी रोकने की मांग की थी। जिसके बाद डिप्टी सीएम के साथ मिलर्स की दो चरणों में चर्चा हुई, लेकिन बात नहीं बनी।

राइस मिलर्स ने अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री से शिकायत की है। कारोबारियों की मांग को लेकर विभाग क्या कर रहा है?

जब खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

असहयोग आंदोलन पर बैठे कारोबारियों की मांग पूरी कब होगी? मिलर्स के असहयोग से धान खरीदी पर क्या असर पड़ेगा? इस पर चर्चा के दौरान मार्कफेड के डायरेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कहा, कि मिलर्स की मांग की जानकारी राज्य शासन को दे दी गई है।

अभी मिलर्स और सरकार के बीच बातचीत चल रही है। शासन से जो निर्देश मिले हैं, उसके अनुसार धान खरीदी की जा रही है। कारोबारियों को निर्देश जारी किए जा रहे हैं। शासन का जो निर्देश होगा, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू हो गई है जो 31 जनवरी 2025 तक की जाएगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल के मुताबिक प्रदेशभर में 19 नवंबर तक 6668 किसानों से 3 लाख टन धान खरीदा जा चुका है।

इस साल कुल 27.68 लाख किसानों ने धान बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमें 1.42 लाख नए किसान भी शामिल हैं। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदा जा रहा है, और इसके लिए 2,739 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं।

किसानों की शिकायतों और समस्याओं के निवारण के लिए केंद्रों में हेल्पलाइन नंबर भी लगाए गए हैं। कंट्रोल रूम नंबर 0771-2425463 पर संपर्क करके किसान अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं।

# पांच हार्डकोर नक्सलियों को मारने के बाद जवानों का जश्न

## हाथों में एके-47-एसएलआर पकड़कर डीजे की धुन पर जमकर थिरके, माओवादियों के गढ़ में घुसकर किया था एनकाउंटर

जगदलपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में बस्तर के कांकेर और नारायणपुर जिले की सरहद पर जवानों ने 15 नवंबर की शाम से 19 नवंबर की सुबह तक 4 दिनों का ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के सुरक्षित ठिकाने में घुसकर जवानों ने 40 लाख रुपए के इनाम वाले 5 हार्डकोर नक्सलियों का एनकाउंटर किया। इसके बाद उनके शव को जिला मुख्यालय तक लेकर आए। 100 घंटे तक चले इस ऑपरेशन की सफलता का जश्न मनाते हुए जवानों का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में सैकड़ों जवान हाथों में एके-47, इंसास, एसएलआर जैसे वेपंस पकड़कर क्षेत्रीय बोली हल्बी और गोंडी गाने पर डीजे की धुन में जमकर थिरकते हुए नजर आ रहे हैं।

दरअसल, बस्तर में जब भी नक्सली अपने किसी ऑपरेशन में सफल हो जाते हैं, वो भी जवानों के शहीद होने पर इसी का जश्न मनाया करते हैं।

साल 2013 में झीरम घाटी में महेंद्र कर्मा समेत कुल 33 नेता और जवानों की हत्या करने के बाद नक्सलियों ने उनकी लाश



पर डांस कर इस नरसंहार का जश्न मनाया था। जिसके बाद से अब जब भी आमने-सामने की लड़ाई में नक्सलियों के खिलाफ जवानों को जब भी बड़ी सफलता मिलती है, तो जवान भी जश्न मनाने से पीछे नहीं हटते हैं। कांकेर-नारायणपुर की मुठभेड़ इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

**जवान बोले- हमारे अंदर भी भड़कती है ज्वाला**

इस एनकाउंटर में शामिल कुछ जवानों का कहना है कि जब नक्सली हमारे साथियों को मारते हैं, निर्दोष लोगों का कत्ल करते हैं, फिर वे अपनी कामयाबी पर खूब जश्न मनाते हैं। हमारे अंदर भी वही ज्वाला भड़कती है। जब भी आमने-सामने की लड़ाई होती है तो मन में एक ही ख्याल आता है या मरेंगे या फिर मारेंगे।

दरअसल, हाथों में हथियार, कांधे पर खाने समेत अन्य सामानों का बोझ, फिर 100-100 घंटे यानी 4 दिनों तक जंगलों में पैदल चलना पड़ता है। नक्सलियों के साथ लड़ाई लड़ना, कामयाबी मिले तो कई किलोमीटर तक शवों को कांधे पर ढोकर लाना पड़ता है। जिससे जवान भी काफी फ्रस्टेड हो जाते हैं। उनका दिमागी संतुलन बना रहे, रिलेक्स महसस् करें इसलिए नाच-गान कर मन को थोड़ा शांत करते हैं।

**मुठभेड़ में मारे गए थे ये 5 नक्सली**

नक्सली का नाम कैडर इनाम

**वनोजा मिचा कराम**
डीवीसीएम , 8 लाख रुपए इनामी

**संतोष कोरचामी**
डिवीजन स्टॉप टीम 8 लाख रुपए इनामी

**मनेश उर्फ काजू सैनू पद्दा**
पीएलजीए कंपनी नंबर 10 सदस्य 8 लाख रुपए इनामी

**सुरेश उर्फ नागेश गावड़े**
उत्तर बस्तर डिवीजन स्टॉप
8 लाख रुपए इनामी

**पुनिता पी.एम.**
8 लाख रुपए इनामी, 11 महीने में नक्सली 197 ढेर

बस्तर में अलग-अलग मुठभेड़ों पुलिस ने अब तक कुल 10 करोड़ रुपए के 192 माओवादियों मुठभेड़ में मार गिराया है यह आंकड़ा 1 जनवरी 2024 से 15 नवंबर 2024 तक है।

# पांच हाईवा को उग्रवादियों ने जलाया

## कॉल माइंस से कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए जा रहे चालकों के साथ की मारपीट, फायरिंग

लातेहार, 20 नवंबर (एजेंसियां)। लातेहार के हेरहंज थाना क्षेत्र के लात जंगल के पास मंगलवार की रात उग्रवादियों ने पांच हाईवा को आग के हवाले कर दिया। ये हाईवा डीवीसी द्वारा संचालित तुबेद कोल माइंस से कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए जा रहे थे। घटना में सभी हाईवा पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। उग्रवादियों ने चालकों के साथ मारपीट भी की और फायरिंग भी किया।

चालकों ने बताया कि 10 के 12 की संख्या में उग्रवादी पहुंचे और हाईवा को रोक लिया। सभी चालकों को नीचे उतारा और उनके साथ मारपीट की। इसके बाद सभी वाहनों को आग लगाकर चले गए। दहशत बनाने के लिए अपराधियों ने करीब 15 से 20 राउंड फायर भी किया है। जेपीसी (झारखंड प्रस्तुत कमिटी) नामक उग्रवादी संगठन ने पर्चा छोड़कर घटना की जिम्मेदारी ली है। हाईवा चालकों ने बताया कि हमलोग कुसमाही साइडिंग से कोयला अनलोड कर तुबेद कोल माइंस लौट रहे थे तभी यह घटना हुई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही हेरहंज पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने मौके से कई खोखा बरामद किया है। माना जा रहा है कि लेवी को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है।

# 24 घंटे में 3 मर्डर, दोस्त को फावड़े से मारा

## रायपुर में नसीहत देने पर की हत्या, नाले में मिली चादर से लिपटी चौथी लाश

रायपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर में पिछले 24 घंटे के भीतर तीन लोगों की हत्या कर दी गई है। ताजा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। जहां मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे पैसों के विवाद के बाद एक युवक ने अपने ही साथी की फावड़ा मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसकी लाश के पास ही बैठ रहा। वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र में चादर से लिपटी एक और लाश मिली है।

विनायक सिटी में मजदूरी करने वाले संतोष कुमार (40) और नोहर मानिकपुरी (23) साथ में ही रहते थे। मंगलवार रात दोनों ने खाना खाने के बाद साथ बैठकर शराब पी। इसी दौरान दोनों के बीच पैसों को लेकर बहस हो गई।

बहस के दौरान संतोष ने नोहर पर तंज कसते हुए कहा कि 'कमाई के कुछ पैसे घर भी भेज दिया कर' ये बात नोहर को चुभ गई। इसके बाद दोनों के बीच गाली-गलौज और हाथापाई शुरू हो गई। इस बीच नोहर ने संतोष का गला दबा दिया और पास ही पड़े फावड़े से सिर पर कई वार कर दिए। हमले में संतोष का सिर फट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शोरगुल सुनकर जब आस-पास के मजदूर मौके पर पहुंचे तो नोहर अपने साथी संतोष के शव के पास ही बैठा हुआ था। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचकर पुरानी बस्ती पुलिस की टीम ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में पता चला है कि दोनों साथ में रहते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। वहीं बुधवार दोपहर को रायपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कंकाली तालाब के पास आनंद वाचनालय स्थित नाले में एक अंधेड़ की अर्धनग्न लाश मिली है। लाश चादर से लिपटी हुई थी, जो तीन-चार दिन पुरानी बताई जा रही है। पानी में पड़े होने की वजह से शरीर का कुछ हिस्सा डिकंपोज हो गया है। वहीं पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है।

बताया जा रहा है कि बुजुर्ग की जिस नाले में लाश मिली है। इसका एक हिस्सा पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में तो वहीं दूसरा कोतवाली थाना क्षेत्र में आता है। लाश मिलने की सूचना के बाद दोनों थाने के पुलिसकर्मी थाना क्षेत्र को लेकर उलझे रहे। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने लाश को नाले से बाहर निकलवाया। पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं सोमवार को गैंगवार के बाद डबल मर्डर मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पक्षों से 4-4 बदमाशों की गिरफ्तारी की गई है। इन बदमाशों को पकड़ने के लिए रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर 2 एएसपी, 3 डीएसपी समेत 6 थानेदार की टीम बनाई गई थी। पुलिस ने आरोपियों को उनके परिचित के घरों के अलावा आसपास के इलाकों में घूमते हुए पकड़ा है। रायपुर एएसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि इस मामले में सभी घायल और आरोपी पुराने बदमाश है। इनके खिलाफ अलग-अलग पुलिस थानों में अपराध दर्ज है।

# आदिवासी छात्रों की आक्रोश रैली

## कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठे, महिला अधिकारी का पुतला फूंका, मारपीट मामले में कार्रवाई न होने से नाराज

कांकेर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। कांकेर के पीएमटी हॉस्टल के छात्रों ने मंगलवार शाम कलेक्ट्रेट गेट के सामने धरने पर बैठ गए। आरोप है कि आदिम जाति कल्याण विभाग की सहायक संचालक जया मनु ने 17 अक्टूबर को छात्रों के साथ मारपीट की थी। शिकायत के एक महीने बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

इससे छात्रों आक्रोश में हैं। छात्र महिला अधिकारी का पुतला फूंकने के बाद नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर कलेक्ट्रेट तिराहा पहुंचे। यहां पर छात्र एक घंटे तक धरने पर बैठे रहे। प्रशासन से जांच समिति गठित करने के आश्वासन के बाद ही छात्रों ने धरना प्रदर्शन किया। हालांकि इससे पहले छात्रों और कलेक्टर के बीच वार्ता फेल हो चुकी थी। छात्र कलेक्ट्रेट गेट के बाहर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की मांग पर अड़ गए थे। लेकिन कलेक्टर कार्यालय से बाहर नहीं आए। इसके बाद 10 छात्रों का एक दल कलेक्टर से मिलने उनके ऑफिस पहुंचे। लेकिन ये वार्ता फेल हो गई। इसके बाद छात्र अनिश्चित कालीन हड़ताल का अल्टीमेटम देकर कलेक्ट्रेट परिसर के मेन गेट पर धरने पर बैठ गए। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और कलेक्टर के आदेश पर एडीएम कलेक्ट्रेट से बाहर निकलकर छात्रों से मिलने पहुंचे। एडीएम एस एन अहिरवार एसडीएम के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच दल हॉस्टल में भेजने का आश्वासन दिया। टीम बुधवार को हॉस्टल पहुंच कर अपनी जांच शुरू करेगी।

# सड़क हादसे में महिला की मौत

जामताड़ा, 20 नवंबर (एजेंसियां)। जामताड़ा के मिहिजाम थाना क्षेत्र के एनएच-419 पर बेटे संग बाइक से आ रही महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। वो कांगोई से मतदान कर घर लौट रही थी। हादसा ट्रक की टक्कर की वजह से हुआ। मृतका की पहचान 52 वर्षीय मोना घोष के रूप में की गई है। जबकि महिला का बेटा अमरजीत घोष घटना में जख्मी हुआ है। पुलिस के अनुसार, मां-बेटे लाल रंग की अपाची बाइक पर सवार थे। विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है।

# महाराष्ट्र बिटकॉइन घोटाला, छत्तीसगढ़ में ईडी की रेड

## गौरव मेहता के ठिकाने पर घुसी टीम, पूर्व आईपीएस रविंद्र के आरोपों के बाद एक्शन

रायपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में करोड़ों के बिटकॉइन घोटाले के मामले में ईडी की टीम ने छत्तीसगढ़ में छापेमारी की है। रायपुर के गौरव मेहता के घर पर टीम घुसी है। बताया जा रहा है कि गौरव मेहता सारथी एसोसिएट्स ऑडिट फर्म का कर्मचारी है। उसी के ठिकानों पर ईडी की टीम जांच कर रही है। दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच हो रही इस कार्रवाई से एक दिन पहले पुणे के पूर्व आईपीएस अधिकारी रवींद्र नाथ पाटिल ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बिटकॉइन घोटाले का पैसा इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया था कि गौरव मेहता से सुप्रिया सुले और नाना पटोले ने संपर्क किया था। चुनाव में इस्तेमाल के लिए घोटाले से बिटकॉइन के बदले नकदी मांगी थी। पुणे के पूर्व आईपीएस अधिकारी के बयान के बाद भाजपा ने मंगलवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने डीलर, अमिताभ गुप्ता, सुप्रिया सुले, नाना पटोले की बातचीत का ऑडियो शेयर की थी उन्होंने पूछा था कि डीलर जिनकी बात कर रहा है, वे बड़े लोग कौन हैं?

**बीजेपी ने जो वॉइस नोट शेयर किए, उनमें क्या है?**

इसमें सारथी एसोसिएट्स ऑडिट फर्म के कर्मचारी गौरव मेहता का पुलिस कमिश्नर अमिताभ गुप्ता को भेजा गया वॉइस नोट है। गौरव अंग्रेजी में कह रहा है- हमने पाटिल और घोडे (पाटिल के सहयोगी) के नाम से 4 क्रिप्टो वॉलेट बनाए थे। इन वॉलेट से लेन-देन हुए थे। अगर कोई जांच होती है, तो इसमें वही दो लोग (पाटिल और घोडे) फंसेंगे। मेरा यकीन करें, कोई भी हम तक नहीं पहुंच सकता। सुप्रिया अंग्रेजी में कह रही हैं- गौरव आप हमें जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं। हमें कैश पहले चाहिए। दूसरे नोट में सुप्रिया कहती हैं- आपका कोई भी आदमी जवाब नहीं दे रहा है। हमसे गेम मत खेलो। पैसों का क्या हुआ। गुप्ता ने कहा था- सारे पैसे आपके पास हैं। तुरंत फोन करें। चुनाव चल रहे हैं और हमें पैसों की जरूरत है। तीसरे नोट में कह रही हैं- बॉस आप क्यों सारे बिटकॉइन कैश में कन्वर्ट नहीं करवा रहे हैं। उनकी कीमत भी फेवरेबल है। हमें फंड की जरूरत है। आप इन्क्वायरी की चिंता मत करो। जब हम सत्ता में आएंगे तो संभाल लेंगे। आप इसे करो बस। नाना, अमिताभ पर दबाव बनाते हुए पूछ रहे हैं- अमिताभ, पैसे का क्या हुआ। कल पूछा था न? ऐसी मजा-मस्ती मत करो। पहले नोट में अमिताभ कह रहे हैं- गौरव आप मेरे और भाग्यश्री के साथ हुई सारी चैट, बिटकॉइन, बीएचआर से जुड़ा डेटा डिलीट करें।

# छत्तीसगढ़ से मिलेगी सिंगापुर-दुबई की फ्लाइट

## रायपुर एयरपोर्ट बनेगा कार्गो हब, बिहार-झारखंड के लिए भी शुरू होगी हवाई सेवा, केंद्रीय मंत्री ने दी हरी झंडी

रायपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर एयरपोर्ट से सिंगापुर और दुबई के लिए सीधे फ्लाइट की सुविधा मिलेगी। इसके लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से हरी झंडी दे दी है। बुधवार को सीएम विष्णुदेव साय ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से छत्तीसगढ़ की हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत करने और रीजनल एयरपोर्ट को डेवलप करने के लिए संबंध में चर्चा की गई। इसी दौरान केंद्रीय मंत्री ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जल्द ही इंटरनेशनल हवाई सेवा शुरू करने को लेकर अपनी सहमति जताई है। इसके साथ ही रायपुर एयरपोर्ट पर कार्गो हब डेवलप करने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी। साथ ही रायपुर एयरपोर्ट से पटना और रांची के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने की सहमति मिली है।

बैठक के दौरान सीएम साय ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा देने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा की बड़ी संभावनाएं हैं।प्रदेश में इंटरनेशल पैंसेटर ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए रायपुर से सिंगापुर और दुबई के लिए सीधी उड़ानों की आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन रुट पर यात्री ट्रैफिक काफी अच्छा है, जिससे ये सेवाएं व्यवसायिक रूप से लाभकारी साबित होंगी। केंद्रीय उड्डयन मंत्री ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से जल्द ही अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा शुरू करने के प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में राज्य में कोई बड़ा कार्गो सुविधा केंद्र नहीं होने की जानकारी देते हुए रायपुर के एयरपोर्ट को एक केंद्रीय कार्गो हब में डेवलप करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इससे कृषि और बागवानी उत्पादों के ट्रासपोर्टेशन को बढ़ावा मिलेगा।

# कनाडा ने भारत आने वाले यात्रियों की सुरक्षा जांच बढ़ाई

## उड़ान से 4 घंटे पहले एयरपोर्ट बुलाया, पिछले महीने पन्नू ने दी थी धमकी

ओटावा, 20 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और कनाडा में बढ़ते तनावों के बीच ट्रूडो सरकार ने भारत आने वाले यात्रियों की सुरक्षा जांच को बढ़ा दिया है। इस वजह से यात्रियों को एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा जांच से होकर गुजरना पड़ रहा है। अधिकारियों ने सुरक्षा जांच बढ़ाने की वजह नहीं बताई है। कनाडा की ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर अनिता आनंद ने बयान जारी कर कहा है कि ज्यादा सावधानी बरतने के लिए उनकी सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा जांच में इजाफा किया है। इस वजह से यात्रियों को जांच में देरी का सामना करना पड़ सकता है। पिछले महीने खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने 1 से 19 नवंबर तक एयर इंडिया में सफर न करने की चेतावनी दी थी। आतंकी पन्नू ने



वीडियो जारी कर 1984 के सिख दंगों का बदला लेने की बात कही थी। आशंका है कि यह सुरक्षा उसी के बाद बढ़ाई गई है। एयरपोर्ट पर कनाडाई वायु परिवहन सुरक्षा प्राधिकरण (सीएटीएसए) को सुरक्षा जांच बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें एक्स-रे मशीन से बैगों की जांच और यात्रियों की फिजिकल जांच शामिल है। इस वजह से वेटिंग टाइम बढ़ गया है। सीएटीएसए ने भारत आने वाले यात्रियों को नोटिफिकेशन भेज कर उड़ान से कम से कम चार घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचने के लिए कहा है। कुछ दिन पहले भी पंजाब के मोहाली में एयरपोर्ट रोड कुंबड़ा पर खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू ने देश विरोधी नारे लिखवाए थे। इन नारों में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को 'हिंदू आतंकवादी' बताया गया था। पन्नू ने अपना वीडियो जारी कर सिख युवाओं से 17 नवंबर को पंजाब में अमृतसर और चंडीगढ़ एयरपोर्ट बंद करने का आह्वान किया था। इससे पहले 4 नवंबर 2023 को भी पन्नू ने वीडियो जारी कर एअर इंडिया के विमानों को उड़ाने की धमकी दी थी। पन्नू ने एक मिनट का वीडियो जारी कर कहा था कि 19 नवंबर को एअर इंडिया की फ्लाइट में यात्रा न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपकी जान को खतरा हो सकता है।

# भारत की विकसित राष्ट्रों को दो टूक

बाकू, 20 नवंबर (एजेंसियां)। अजरबैजान के बाकू में चल रहे जलवायु सम्मेलन कॉप29 में भारत ने अमीर देशों से अपील की है कि वे विकासशील देशों को जलवायु वित्तपोषण देने के अपने वादे को पूरा करें। भारत ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वजह से प्राकृतिक आपदाएं बहुत ज्यादा आ रही हैं, जिससे लोगों के जीवन को खतरा बढ़ गया है, खासकर गरीब देशों के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हैं। बाकू में एक उच्च स्तरीय मंत्रीस्तरीय बैठक के दौरान भारत ने कहा कि विकासशील देश जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। राजश्री रे ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के बढ़े चक्र की वजह से विकासशील देशों में लोगों के जीवन और आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ा है, जिससे उनका अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। रे ने कहा कि पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए वैश्विक जलवायु सम्मेलन में विकसित देशों से वित्तपोषण देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया था।

# रूसी इलाका छोड़ना पड़ रहा, अपनी जमीन भी हाथ से जा रही

## एक्सपर्ट ने यूक्रेन के सामने सैनिकों की कमी को देखते जेलेंक्री की आक्रमकता को 'रणनीतिक तबाही' कहा है

कीव, 20 नवंबर (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति रूस के खिलाफ लगातार आक्रामकता दिखा रहे हैं। इसमें पहले कुर्स्क क्षेत्र में हमला और हाल ही में लंबी दूरी की मिसाइल का इस्तेमाल भी शामिल है। हालांकि उनको इसका फायदे के बजाय नुकसान होता दिख रहा है। रूसी सेना युद्ध में यूक्रेन में अग्रिम पंक्ति में अपनी बढ़त बना रही है। ये बढ़त इस संघर्ष में निर्णायक भी हो सकती है। इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर (आईएसडब्ल्यू) के डाटा से पता चलता है कि रूस ने 2024 में बीते साल 2023 की तुलना में छह गुना ज्यादा क्षेत्र पर कब्जा किया है। रूसी बढ़त खासतौर से यूक्रेन के कुर्स्क क्षेत्र में आक्रामण के बाद से बढ़ी है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस पूर्वी डोनबास क्षेत्र में प्रमुख यूक्रेनी लॉजिस्टिक हब की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। रूस के कुर्स्क क्षेत्र में कब्जे से यूक्रेन ने जो बढ़त बनाई थी, वो भी तेजी से लड़खड़ा रही है। रूसी सैनिकों ने इस क्षेत्र में कीव के




आक्रमण को पीछे धकेल दिया है। एक्सपर्ट ने यूक्रेन के सामने सैनिकों की कमी को देखते जेलेंक्री की आक्रमकता को 'रणनीतिक तबाही' कहा है। रूस की आर्मी ने पूर्वी यूक्रेन में शुरुआती युद्ध में तेजी से बढ़त हासिल की थी लेकिन फिर यूक्रेन के जवाबी हमले में उसे पीछे धकेल दिया गया। इसके बाद 2023 में दोनों पक्षों में से किसी को कोई बड़ी बढ़त नहीं मिली और संघर्ष काफी हद तक गतिरोध में बदल गया। इसके उलट 2024 के लिए आईएसडब्ल्यू के आंकड़े बताते हैं कि इस साल रूस के लिए चीजें आसान और यूक्रेन के लिए मुश्किल हो गई हैं। आईएसडब्ल्यू के आंकड़ों से पता चलता है कि मॉस्को की सेना ने इस साल अब तक यूक्रेन के लगभग 2,700 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। वहीं 2023 में पूरे साल में उसका 465 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा हो सका था। किंग्स कॉलेज लंदन में रक्षा शोधकर्ता डॉक्टर मरीना मिरॉन का कहना है कि रूस इसी रफ्तार से आगे बढ़ता रहा तो यूक्रेनी पूर्वी मोर्चा ढह सकता है। रूस ने इस साल 1 सितंबर से 3 नवंबर के बीच 1000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर कब्जा किया। ये दिखाता है कि हाल के महीनों में हमले तेज हुए हैं। इस दौरान खासतौर से खार्किव क्षेत्र में कुपियांस्क और कुराखोव रूस के निशाने पर रहे हैं। ये डोनेट्स्क क्षेत्र में पोक्रोवस्क के प्रमुख रसद केंद्र के लिए एक कदम है। आईएसडब्ल्यू की रिपोर्ट कहती है कि मॉस्को के पास अब यूक्रेन में कुल 110,649 वर्ग किमी जमीन है। यूक्रेनी सेना ने भी रूस के कुर्स्क में अपने आक्रमण के पहले महीने में 1,171 वर्ग किमी पर कब्जा किया था लेकिन रूसी सेना ने अब उस क्षेत्र के लगभग आधे हिस्से पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है।

# ईरान की यूनिवर्सिटी में अंडरवियर में घूमने वाली स्टूडेंट पर आया अदालत का फैसला

## छात्रा के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जाएगा

तेहरान, 20 नवंबर (एजेंसियां)। ईरान की एक यूनिवर्सिटी के कैंपस में अपने कपड़े उतारकर चर्चा में आई छात्रा को अदालत ने रिहा कर दिया है। अदालत ने माना है कि उसने बीमारी की हालत में ऐसा किया, इसलिए उस पर मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए। ईरान की अदालत ने मंगलवार को कहा कि तेहरान की यूनिवर्सिटी में अंडरवियर में घूमने वाली छात्रा के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाया जाएगा।

न्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने कहा, 'लड़की को अस्पताल भेजा गया था और डॉक्टरों ने पाया कि वह बीमार थी। यह ध्यान में रखते हुए उसे उसके परिवार को सौंप दिया गया और उसके खिलाफ कोई न्यायिक मामला दर्ज नहीं किया गया है।' अदालत ने उन रिपोर्ट्स को ठीक माना, जिनमें कहा गया है कि छात्रा पारिवारिक समस्याओं के चलते दिमागी तौर पर फिट नहीं थी। उसमें असामान्य व्यवहार के लक्षण उसके करीबी लोगों ने पहले भी देखे थे। इनमें उसके साथी छात्र भी शामिल थे।

इस महीने, नवंबर की शुरुआत में छात्रा का एक वीडियो फुटेज वायरल हुआ था। इसमें उसे अंडरवियर में तेहरान की इस्लामिक आजाद विश्वविद्यालय में घूमते देखा गया था। इस वीडियो के वायरल होने पर ना सिर्फ ईरान बल्कि दुनियाभर में चर्चा हुई थी। इसकी वजह ये है कि ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद महिलाओं के लिए एक ड्रेस कोड़ लागू है, जिसमें उनके लिए सिर ढकने वाले कपड़े पहनना जरूरी है। ईरान में महिलाओं के लिए सख्त ड्रेस कोड के बवाजूद पब्लिक पैलेस से सामने आए छात्रा के वीडियो ने हलचल मचाई। माना जा रहा था कि उसको इसके लिए सख्त सजा मिल सकती है। वहीं दुनियाभर के मानवाधिकार संगठनों ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए लड़की को सजा ना देने की अपील की थी और ईरान के ड्रेस कोड की आलोचना की थी।

ईरान में विश्वविद्यालयों की देखरेख के लिए जिम्मेदार मंत्री हुसैन सिमोई ने छात्रा के कपड़े उतारने को 'अनैतिक कृत्य' कहा है।

हालांकि उन्होंने ये भी साफ किया कि उसको विश्वविद्यालय से निष्कासित नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को प्रोत्साहित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वे ना तो नैतिक और ना ही धार्मिक रूप से उचित हैं। ईरान में महिलाओं का ड्रेस कोड कानून देश की मोरल पुलिस लागू करती है और उल्लंघन के लिए उनको सजा देती है। ईरान में महिलाओं के लिए ड्रेस कोड विवादों में रही है। साल 2022 में ड्रेस कोड के खिलाफ पूरे ईरान में 22 वर्षीय महिला महसा अमिनी की मौत के बाद भारी विरोध प्रदर्शन हुए थे।

# पड़ोसी किसी भी कीमत पर हमें सुरक्षा परिषद का सदस्य नहीं बनने देना चाहते

## भारतीय राजदूत ने साधा निशाना



जिनेवा, 20 नवंबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार करने की मांग दोहराई है। उन्होंने ये भी कहा कि सुरक्षा परिषद में बदलाव की रफ्तार बेहद धीमी है और भारत इससे बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं है। भारतीय राजदूत ने कहा कि कई ऐसे देश हैं, जो चाहते हैं कि यथास्थिति बरकरार रहे और खासकर वे अपने पड़ोसी देश को सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने से रोकने के लिए कुछ भी कीमत चुकाने को तैयार हैं। भारतीय राजदूत का यह बयान पाकिस्तान और चीन पर निशाना माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स के एक कार्यक्रम के दौरान ये बातें कही। उन्होंने कहा कि 'संयुक्त राष्ट्र अच्छा काम कर रहा है, खासकर मानवीय मदद के क्षेत्र में और संयुक्त राष्ट्र ने बच्चों के स्वास्थ्य, सार्वजनिक स्वास्थ्य और श्रम क्षेत्र में शानदार काम किया है, लेकिन एक आम आदमी ऐसा मानता है कि संयुक्त राष्ट्र का काम मानवीय मदद करने से ज्यादा वैश्विक संघर्षों को रोकना है। वह इसी पैमाने पर संयुक्त राष्ट्र के काम को तोलता है।' भारतीय राजदूत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव होने चाहिए।

हरीश ने कहा कि 'सुरक्षा परिषद में बदलाव और इसमें विस्तार जरूरी है, लेकिन कई देश यथास्थिति बरकरार रखना चाहते हैं। जिनके पास पहले से स्थायी सदस्यता है, वो छोड़ने को तैयार नहीं हैं और न ही वीटो पावर छोड़ने के लिए राजी हैं। कुछ देशों को लगता है कि उनके पड़ोसी देश को सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिल सकती है तो वो किसी भी कीमत पर इसे रोकने की कोशिश करते हैं।' पाकिस्तान द्वारा भारत और जी4 देशों ब्राजील, जर्मनी और जापान की सदस्यता का विरोध किया जा रहा है। हालांकि सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका भारत को परिषद में स्थायी सीट देने के लिए तैयार हैं।

# स्ट्रीट डॉग की मौत पर बवाल

## पशु प्रेमी बोले- जहर देकर मारा, पुलिस ने कराया पोस्टमॉर्टम, सीसीटीवी वीडियो भी खंगाल रही

बिलासपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। बिलासपुर में दो स्ट्रीट डॉग की संदिग्ध मौत को लेकर बवाल मच गया। पशु प्रेमियों का आरोप है कि कालोनी के लोगों ने कुत्तों को जहर देकर मार दिया है। मामला थाना पहुंचने पर पुलिस ने कुत्तों का पोस्टमार्टम कराया है। इसके साथ ही जांच के लिए सीसीटीवी वीडियो भी खंगाल रही है। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है।

अज्ञेय नगर कॉलोनी में रहने वाले पशु प्रेमी स्ट्रीट डॉग की देखभाल करते हैं। उन्हें फीडिंग तक कराते हैं। तो वही कुछ लोग उन्हें कॉलोनी से बाहर करना चाहते हैं। इसके चलते उनका अलग-अलग गुट बन गया है। जिसके चलते आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है।

कॉलोनी के लोगों का विवाद 16 नवंबर को दो स्ट्रीट डॉग की संदिग्ध मौत के बाद फिर से शुरू हो गया है। पशु प्रेमियों का आरोप है कि कुत्तों को जहर देकर मारा गया है। आरोप है कि एक दिन पहले हुए विवाद के बाद किसी ने कुत्तों को जहर दे दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पशु प्रेमियों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों डॉग का पोस्टमार्टम कराया है। जिसकी रिपोर्ट 20 नवंबर तक देने का दावा किया जा रहा है। पुलिस ने विवाद के बाद कॉलोनी में लगे सीसीटीवी वीडियो की जांच की, जिसमें पुलिस को घटना के एक दिन पहले दोनों डॉग कॉलोनी में घूमते नजर आ रहे हैं।


टीआई प्रदीप आर्या का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही डॉग के मौत के कारणों का पता चल सकेगा। दरअसल, कॉलोनी में चार साल से स्ट्रीट डॉग का विरोध चल रहा है। कालोनी के कुछ लोगों का कहना है कि स्ट्रीट डॉग से बच्चों को खतरा बना रहता है।

इसके कारण कॉलोनी के बच्चों को खेलने में दिक्कत होती है। जिसके कारण वो लोग स्ट्रीट डॉग को कॉलोनी से बाहर कराने का प्रयास करते रहे हैं। वहीं, कालोनी के पशु प्रेमी उनकी सुरक्षा के लिए खड़े रहते हैं। यही वजह है कि उनके बीच आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है।

# रूसी हमले के डर से यूक्रेन में अमेरिकी ऐंबैसी बंद

## फिनलैंड, स्वीडन, नॉर्वे ने नागरिकों को युद्ध के लिए अलर्ट किया

कीव, 20 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बुधवार को अपनी ऐंबैसी बंद कर दी है। यूएसए के स्टेट काउंसलर डिपार्टमेंट ने मंगलवार रात इसका ऐलान किया। कीव स्थित अमेरिकी ऐंबैसी ने कहा कि उन्हें सूचना मिली थी कि रूस बुधवार को हवाई हमला कर सकता है, इसलिए ऐहतियात बरतने के लिए ये कदम उठाया गया है। ऐंबैसी ने अपने कर्मचारियों को सुरक्षित जगह पर रहने को कहा है। इसके साथ ही यूक्रेन में रहने वाले अमेरिकी यात्रियों को भी सावधानी बरतने को कहा है और किसी खतरे की स्थिति में सुरक्षित जगह पर जाने के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। बाइडेन प्रशासन ने 3 दिन पहले यूक्रेन को लंबी दूरी के मिसाइल का रूस में इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी। वहीं, दोनों पक्षों में तनाव बढ़ने के बाद नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड ने अपने नागरिकों को युद्ध के लिए तैयार रहने कहा है। रूस की धमकी से 3 नॉर्डिक देशों नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में दहशत का माहौल है। उन्होंने अपने नागरिकों से जरूरी सामनों का



स्टॉक रखने और अपने सैनिकों को जंग के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। नाटो के संस्थापक देशों में से एक नॉर्वे की 195 किमी की सीमा रूस से जुड़ी हुई है। उसने पर्चे बांटकर अपने नागरिकों को युद्ध को लेकर आगाह किया है। वहीं, स्वीडन ने भी अपने 52 लाख से ज्यादा नागरिकों को पर्चे भेजे हैं। उन्होंने परमाणु युद्ध के दौरान विकिरण से बचाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आयोडीन की गोलियां रखने के निर्देश दिए हैं। फिनलैंड की रूस के साथ 1340 किमी से ज्यादा सीमा जुड़ी हुई है। फिनलैंड सरकार ने युद्ध की स्थिति में आम लोगों की मदद के लिए नई वेबसाइट लॉन्च की है। फिनलैंड के ऑनलाइन संदेश में कहा कि यदि देश पर हमला होता है तो सरकार क्या करेगी। साथ ही, फिनलैंड ने अपने नागरिकों से युद्ध के चलते बिजली कटौती से निपटने के लिए बैक-अप पावर सप्लाई की व्यवस्था रखने को कहा है। लोगों से कम ऊर्जा में पकने वाले खाद्य पदार्थ तैयार रखने को कहा है। फिनलैंड 2023 में नाटो में शामिल हुआ था। नाटो के सबसे नए सदस्य स्वीडन की बॉर्डर रूस से जुड़ी हुई नहीं है, फिर भी उसने अपने नागरिकों के लिए युद्ध की स्थिति के लिए गाइडलाइन से जुड़ी एक बुकलेट 'इन केस ऑफ क्राइसिस ऑफ वार' जारी की है। इसमें कहा है कि युद्ध की आपात स्थिति से निपटने के लिए 72 घंटे के लिए भोजन और पीने का पानी स्टोर करके रखें। स्वीडन नागरिकों को आलू, गोभी, गाजर और अंडे आदि का पर्याप्त स्टॉक रखने का सुझाव दिया है। रूस ने मंगलवार को दावा किया था कि यूक्रेन ने पहली बार अमेरिका से मिली लंबी दूरी की मिसाइलें उनके इलाके में दागी हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन ने मंगलवार सुबह ब्रियांस्क इलाके में लंबी दूरी वाली 6 आर्मी टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम मिसाइलें दागीं। रूस ने कहा कि उन्होंने 5 मिसाइलों को मार गिराया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन और अमेरिका के अधिकारियों ने भी रूस पर एटीएसीएमएस का इस्तेमाल किए जाने की पुष्टि की है। बाइडेन ने सोमवार को यूक्रेन को 300 किमी रेंज की एटीएसीएमएस मिसाइलों से रूस पर हमले की मंजूरी दी थी।

# लड़ाकू विमान, मिसाइल, टैंक और रॉकेट

## पाकिस्तान ने दुनिया को दिखाया हथियारों का जखीरा

इस्लामाबाद, 20 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने कराची में दुनिया के सामने अपने हथियारों की नुमाइश की है। इनमें लड़ाकू विमान, मिसाइल, टैंक और रॉकेट समेत कई तरह के बड़े और छोटे हथियार शामिल हैं। चार दिनों तक चलने वाली इस अंतर्राष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी और संगोष्ठी को आईडीईएएस 2024 के नाम से जाना जा रहा है। यह रक्षा प्रदर्शनी का 12वां संस्करण है, जिसकी शुरुआत मंगलवार को कराची एक्सपो सेंटर में किया गया। रक्षा मंत्रालय और रक्षा निर्यात संवर्धन संगठन (डीईपीओ) द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 19 से 22 नवंबर तक चलेगा। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में रक्षा प्रौद्योगिकी में पाकिस्तान की प्रगति को प्रदर्शित किया गया और इसका उद्देश्य वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना है। पिछले संस्करणों की तुलना में, आईडीईएएस 2024 में ईरान, इटली और यूनाइटेड किंगडम सहित 17 नए देश भाग ले रहे हैं। नए हथियारों को बनाने वाले स्टार्ट-अप के लिए एक खास



हॉल स्थापित किया गया है। इसमें पाकिस्तान निर्मित हैदर टैंक और शाहपार-3 ड्रोन को पेश किया जाना मुख्य आकर्षण है, जो सैन्य उत्पादन में देश की बढ़ती आत्मनिर्भरता को दर्शाता है।

इस प्रदर्शनी में 224 स्थानीय और 333 अंतर्राष्ट्रीय कंपनियां अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं। 55 से ज़्यादा देश अपने रक्षा उपकरणों और तकनीकों के साथ भाग ले रहे हैं। इस आयोजन स्थल में छह हॉल और तीन अतिरिक्त शामियाने हैं, जहां विशाल शोकेस को रखा जा सकता है। कराची के एक्सपो सेंटर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी और संगोष्ठी (आईडीईएएस) 2024 के कारण ट्रैफिक डायवर्जन भी किया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल के चारों ओर कंटेनरों से 30 फीट ऊंची दीवार बनाई गई है।

# यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि बोले-

## ट्रंप उनके प्रशासन के साथ करीब से काम करने के लिए तैयार हैं

वॉशिंगटन, 20 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर पूरी दुनिया में चर्चाएं तेज हैं। खासकर ट्रंप प्रशासन की विदेश नीतियों को लेकर अधिकतर देशों में संशय की



स्थिति है। इस बीच यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतानेनी हरीश ने कहा कि भारत अगले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके प्रशासन के साथ करीबी से जुड़ने को तैयार है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, हम अमेरिकी नागरिकों के चुनाव का सम्मान करते हैं। हम हर तरह की सरकार से बात करते हैं। मुझे लगता है कि भारत के साथ रिश्तों को अमेरिका में दोनों राजनीतिक दलों का समर्थन हासिल है। हरीश ने यह बातें अमेरिकी चुनाव में ट्रंप की जीत और कमला हैरिस की हार को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहीं। उन्होंने कहा कि जब डोनाल्ड ट्रंप पहले कार्यकाल में थे, तब भारत और अमेरिका के रिश्ते और सहयोग काफी करीबी थे। ट्रंप के पद संभालने के बाद हम उनके साथ करीबी से काम करने के लिए तैयार हैं। हरीश ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स (एसआईपीए) में आयोजित एक कार्यक्रम में 'प्रमुख वैश्विक चुनौतियों का जवाबः भारत का तरीका' विषय पर मुख्य भाषण दिया। यह कार्यक्रम वैश्विक नेतृत्व में एमपीए कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय संगठन और संयुक्त राष्ट्र अध्ययन कार्यक्रम (आईओ/यूएनएस) की तरफ से सह-प्रायोजित था। इसमें छात्रों, शिक्षकों और नीति विशेषज्ञों ने भाग लिया। इससे पहले पीएम मोदी ने ट्रंप को जीत पर बधाई दी थी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा था, मेरे मित्र ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नवीनीकृत करने की आशा करता हूं।

हम सब मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए काम करें और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा दें।''

# कबीरधाम के सबसे बड़े पीजी कॉलेज में 50 लाख रुपये की गड़बड़ी

कबीरधाम, 20 नवंबर (एजेंसियां)। कबीरधाम जिले के सबसे बड़े पीजी कॉलेज में 50 लाख रुपये के गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार ने प्रभारी प्राचार्य डॉ. बीएस चौहान को सस्पेंड कर दिया है। यह मामला कॉलेज के जनभागीदारी समिति से जुड़ा है। इस मामले को लेकर बीते 11 नवंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग किया। एबीवीपी नेता तुषार कुमार ने बताया कि हाल में ही कॉलेज के जनभागीदारी शुल्क की राशि 50 लाख से अधिक का गबन का मामला सामने आया है। इससे कॉलेज को नुकसान हुआ है। जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त किया जाए। मामले में राज्य सरकार ने संज्ञान लेते हुए सस्पेंड कर दिया है।

# पाकिस्तान में फिर आत्मघाती हमला, 12 सैनिकों की मौत

## एक दिन पहले इसी इलाके में मारे गए थे आठ सैनिक

इस्लामाबाद, 20 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में लगातार आतंकी घटनाएं जारी हैं। अब ताजा आत्मघाती हमले में पाकिस्तानी सेना के 12 सैनिकों की मौत हो गई है। यह आत्मघाती हमला उस वक्त हुआ, जब एक आतंकी ने सेना की चेकपोस्ट के पास खुद के वाहन को विस्फोटक से उड़ा लिया। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही इसी क्षेत्र में एक अन्य आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के आठ सैनिक मारे गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान की उत्तर पश्चिम सीमा पर स्थित प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू में एक आतंकी ने सेना की चेकपोस्ट के पास अपने विस्फोटक लदे वाहन में धमाका कर दिया, जिसकी चपेट में आकर 12 सैनिकों की मौत हो गई। आत्मघाती हमले के बाद अन्य आतंकियों ने पाकिस्तानी चेकपोस्ट पर गोलीबारी भी की। हमले में सात अन्य घायल



भी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक आत्मघाती विस्फोट के चलते माली खेल चौकी के साथ ही कई सैन्य वाहनों को भी भारी नुकसान हुआ है। हाफिज गुल बहादुर सशस्त्र समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुए एक अन्य आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के आठ सैनिकों की मौत हुई थी। इस झड़प में आतंकियों और सैनिकों के बीच कई घंटों तक गोलीबारी हुई थी, जिसमें 9 आतंकी और सेना के आठ जवान मारे गए थे। तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान आतंकी गुट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। टीटीपी ने कहा कि उसके लड़ाकों को सेना द्वारा निशाना बनाए जाने के जवाब में यह हमला किया गया था। बता दें कि सोमवार को बन्नू चेकपॉइंट के नजदीक ही आतंकियों ने सात पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया था। हालांकि बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया था। टीटीपी और हाफ़िज़ गुल बहादुर समूह दोनों अलग-अलग आतंकी संगठन हैं, लेकिन दोनों 2001 से अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो गठबंधन के खिलाफ़ युद्ध में अफ़गान तालिबान का समर्थन करने में सक्रिय थे। अफगान तालिबान ने 2021 में काबुल में सत्ता हासिल की, उसके बाद से पाकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में आतंकी घटनाओं में तेजी आई है। टीटीपी ने अक्टूबर के अंत में भी खैबर पख्तूनख्वा में एक चेक पोस्ट पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें दस पुलिस अधिकारी मारे गए थे। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम में, शनिवार को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) समूह के अलगाववादी लड़ाकों ने एक सीमा चौकी पर सात सैनिकों की हत्या कर दी।



# मास्टर प्लान को लेकर भजनलाल सरकार सख्त

## अफसरों को दे डाली ये नसीहत

जयपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। मास्टर प्लान को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले के बीच राज्य सरकार सभी निकायों को निर्देशित कर रही है कि नए बनने वाले मास्टर प्लान में इकोलॉजिकल एरिया से किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं होगी। मौजूदा इकोलॉजिकल एरिया को नए मास्टर प्लान में तो जोड़ा जाता ही रहेगा, साथ ही नए क्षेत्र को जोड़कर उसे संरक्षित भी करना होगा।

बताया जा रहा है कि कुछ शहरों में जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मास्टर प्लान के ड्राफ्ट में इकोलॉजिकल एरिया का कुछ हिस्सा प्रभावित हुआ है। हालांकि, बाद में इसे सही कर दिया। फिर भी उच्चाधिकारी फूंक-फूंक कर कदम बढ़ा रहे हैं क्योंकि



जोधपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को मास्टर प्लान की अक्षरशः पालना करने के आदेश दे रखे हैं। इसी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की गई थी।

**अभी यह है स्थिति...**

मास्टर प्लान 2011 में इन संबंधित क्षेत्रों में जमीन का भू-उपयोग इकोलॉजिकल था, लेकिन मौजूदा मास्टर प्लान 2025 में इसमें बदलाव कर मिश्रित, आवासीय, व्यावसायिक कर दिया गया। इसी बीच जोधपुर हाईकोर्ट ने आदेश दिए कि मास्टर प्लान 2011 में जो हिस्सा इकोटॉजिकल में है, उसमें किसी तरह का परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद से ही कई बड़े प्रोजेक्ट, निर्माण पर तलवार लटकी हुई है।

**रसूखदारों के प्रोजेक्ट्स, इसलिए निकाल रहे तोड़**

जयपुर समेत कई शहरों में इकोलॉजिकल जोन में कई बिल्डर व रसूखदारों की जमीन है। यहां प्रस्तावित बड़े प्रोजेक्ट्स अटके हुए हैं। यह भी कारण है कि पूर्ववर्ती सरकारों से अब तक नगरीय विकास विभाग, स्वायत्त शासन विभाग से लेकर जेडीए तक मास्टर प्लान को लेकर हाईकोर्ट के आदेश का तोड़ निकालने में जुटे रहे।

जयपुर में सीकर रोड और दिल्ली रोड के बीच इंडस्ट्रियल योजना, दिल्ली रोड पर ग्राम नटाटा में आवासीय योजना, आगरा रोड से सटे हिस्से में एक बड़े शैक्षणिक संस्थान का मसला मुख्य रूप से है।

# कांग्रेस में बड़े फेरबदल की तैयारी

## उपचुनाव के नतीजों के बाद पदाधिकारियों पर गिर सकती है गाज

जयपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी विधानसभा उपचुनाव के नतीजों से पहले ही एक्टिव मोड पर आ गई है। कांग्रेस पार्टी में बड़ा फेरबदल होने वाला है। इसके तहत 2023 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनावों में सक्रिय रूप से भाग नहीं लेने वाले सचिवों और महासचिवों को हटाया जाएगा।

बता दें कि राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में कई सीटों पर कड़ा मुकाबला है। सभी 7 सीटों पर 13 नवंबर को मतदान हुआ। इन सभी सीटों पर चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को घोषित होंगे। बताया जा रहा है कि 23 नवंबर को नतीजे घोषित होने



के बाद पार्टी सचिवों और महासचिवों को हटाने का फैसला ले सकती है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) में 91 सचिव और 48 महासचिव हैं, जिनमें से कई की नियुक्ति तीन से पांच साल पहले हुई थी। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि पीसीसी ने आलाकमान को प्रस्ताव भेज दिया है। एआईसीसी से मुहर लगने के बाद हटने वाले पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी जाएगी।

सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अगुवाई वाली राजनीतिक रैलियों में शामिल नहीं होने के कारण कम से कम 10 जिलों के सचिव जांच के दायरे में हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने कहा- "हमने इन व्यक्तियों की जगह लेने के लिए प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं की पहचान की और दिल्ली में हाईकमान से मंजूरी प्राप्त की।

# एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर हनुमान बेनीवाल करेंगे आंदोलन

## भजनलाल सरकार पर बोला बड़ा हमला

जोधपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को लेकर भजनलाल सरकार में असमंजस की स्थिति में बनी हुई है। उधर, सांसद हनुमान बेनीवाल ने भर्ती परीक्षा को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शुरू से ही हमारा स्टैंड रहा है कि इस भर्ती परीक्षा में करीब 80 फीसदी लोग फर्जी है, यह परीक्षा रद्द होनी चाहिए।

उन्होंने आगे एसओजी पर आरोप लगाते हुए कहा कि SOG ने कई लोगों को ऑब्लाइज किया। एसओजी ने पेपर देकर ट्रेनिंग कर रहे एसआई को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन, वो पेपर उसका पिता, भाई या फिर कौन लाया, उन लोगों कि एसओजी ने मदद की, उन लोगों को बचाने का प्रयास किया।



**परीक्षा रद्द करना बीजेपी का कमिटमेंट था- बेनीवाल**

हनुमान बेनीवाल ने भजनलाल सरकार पर लगाते हुए कहा कि एसआई भर्ती परीक्षा रद्द होनी चाहिए, ये सीएम भजनलाल और बीजेपी का कमिटमेंट था। आरपीएससी को भंग करेंगे, कांग्रेस के तमाम नेताओं को जेल में डालेंगे, जिन्होंने पेपर लीक किया है।

राजस्थान का युवा सरकार पर नजर बनाए हुए है। इस मामले को लेकर धरने के बाद आंदोलन करेंगे और सड़कों पर भी उतरेंगे।

बता दें कि हाईकोर्ट ने सोमवार को एसआई भर्ती परीक्षा का के मामले पर जवाब के लिए नोटिस जारी करने और भर्ती से संबंधित आगे की प्रक्रिया पर फिलहाल यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया।

कोर्ट ने जवाब के लिए प्रमुख गृह सचिव के जरिए राज्य सरकार, पुलिस महानिदेशक, राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) सचिव, स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के अतिरिक्त महानिदेशक व दो प्रशिक्षु उपनिरीक्षकों को नोटिस जारी करने का आदेश भी दिया। कोर्ट अब इस मामले पर अगली सुनवाई शुक्रवार को करेगा।

# क्या भाजपा बना रही 'भगवा' से दूरी?

## पार्टी ने राजस्थान में पटके का रंग बदला, क्या है इसका कारण

जयपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय में 'भाजपा को जानो' कार्यक्रम के तहत सिंगापुर से आए 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश इकाई के पदाधिकारी एक अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने पार्टी के पारंपरिक भगवा पटके की बजाय सफेद रंग के विशेष रूप से तैयार कराए गए पटके पहने। जिनकी खूब चर्चा हो रही है, सवाल उठ रहा है कि क्या भाजपा भगवा से दूरी बना रही है? पटके का रंग बदलना फैशन से जुड़ा है या फिर इसका कुछ कारण है?

इन सवालों के जवाब जानने के लिए पार्टी के पदाधिकारी से सवाल किए गए तो अधिकतर ने आधिकारिक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि, कुछ




पदाधिकारियों ने अनौपचारिक रूप से कहा कि सिंगापुर से आए प्रतिनिधिमंडल के स्वागत के लिए यह नया पटका फैशनेबल है और अधिक अच्छा लग रहा है। इसलिए इसे पहना गया। उन्होंने कहा कि इस बदलाव का भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से कोई संबंध नहीं है। यह सिर्फ इस विशेष कार्यक्रम के लिए तैयार कराए गए हैं।

**खासतौर पर इन्हें डिजाइन कराया गया**

प्रदेश मीडिया सहसंयोजक और प्रवक्ता पंकज मीणा ने कहा, दुपट्टे में कोई बुनियादी बदलाव नहीं किया गया है। विदेशी प्रतिनिधिमंडल के आगमन पर होने वाले कार्यक्रम के लिए खासतौर पर इन्हें डिजाइन कराया गया है। दुपट्टे में भगवा रंग में कमल का फूल और हिंदी-अंग्रेजी में 'भाजपा' लिखा है।

**पटका सुंदर लग रहा**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा ने कहा, मुझे इस बदलाव के कारणों की सटीक जानकारी नहीं है। लेकिन, यह पटका सुंदर लग रहा है और शायद इसी वजह से हमें दिया गया है। इसमें भी पार्टी का प्रतीक कमल का फूल और भाजपा लिखा है।

**सांगानेरी प्रिंट के दुपट्टे में नजर आए**

वहीं, कार्यक्रम में भाजपा के कुछ पदाधिकारी पारंपरिक सांगानेरी प्रिंट के दुपट्टे में ही नजर आए। न वे भगवा दुपट्टे में थे आर न ही उन्होंने नए सफेद दुपट्टे का इस्तेमाल किया था।

# सचिन पायलट ने सत्ताधारी पार्टी पर लगाया बड़ा आरोप

## लोकतंत्र में पारदर्शिता को लेकर उठाए सवाल

जयपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मतदान से पूर्व पकड़ी गई बड़ी धनराशि के मामले में कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि महाराष्ट्र में इतनी बड़ी धनराशि का पकड़ा जाना यह दिखाता है कि मतदान से ठीक पहले ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? इससे यह संदेह होता है कि इस पैसे का इस्तेमाल सत्ताधारी पार्टी ने चुनावों को प्रभावित करने के लिए किया होगा। यह स्पष्ट होना चाहिए कि कौन-कौन इस प्रक्रिया में शामिल थे और इसे किस तरह अंजाम दिया गया।

उन्होंने निर्वाचन आयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं के बावजूद आयोग की निष्क्रियता चिंताजनक है। पायलट ने कहा, निर्वाचन आयोग को तुरंत प्रभाव से निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। लोकतंत्र में ऐसी घटनाएं न केवल जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़ा करती हैं।



सचिन पायलट ने आगे कहा कि महाराष्ट्र और झारखंड के किसान वर्तमान सरकार से परेशान हो चुके हैं और उन्होंने बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों राज्यों और जहां भी उपचुनाव हो रहे हैं, वहां कांग्रेस और उनके गठबंधन को सफलता मिलेगी।

समरावता हिंसा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले न्यायिक जांच की बात कही थी लेकिन अब संभागीय आयुक्त से जांच कराई जा रही है। इससे यह स्पष्ट नहीं होता कि सरकार वास्तव में चाहती क्या है। जांच यह सुनिश्चित करने के लिए होनी चाहिए कि इस घटना के पीछे कौन था और इसे जान बूझकर माहौल खराब करने के लिए अंजाम दिया गया या नहीं।

सचिन पायलट के इन बयानों ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। उन्होंने सत्ताधारी पार्टी की कार्यशैली और पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए आगामी चुनावों में जनता से न्यायपूर्ण फैसला लेने की अपील की।

# सरस डेयरी समिति के सचिव का दिनदहाड़े मर्डर

अजमेर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। अजमेर में सरस डेयरी समिति के सेक्रेटरी (सचिव) की दिनदहाड़े हत्या कर दी। युवक ने उनके ऑफिस में घुसकर पहले चेहरे पर स्प्रे किया और फिर चाकू से हमला कर दिया। हमलावर सेक्रेटरी के गांव का ही रहने वाला है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। घायल सेक्रेटरी को लोगों ने जेएलएन हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया है। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाकर सबूत जुटाए हैं। फिलहाल हत्या के कारण का खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि ये जानकारी सामने आई है कि आरोपी युवक मृतक का चचेरा भाई है।

रामगंज थाना प्रभारी रविंद्र खींची ने बताया- दौराई के रहने वाले सेक्रेटरी किशनलाल (42) पुत्र गबरुलाल अपने ऑफिस में बैठे थे। सुबह 11 बजे के करीब दिलीप नाम का युवक ऑफिस में आया और उन पर स्प्रे कर दिया। इसके बाद चाकू मारकर भाग गया।

थाना प्रभारी ने बताया- चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग पहुंचे और सेक्रेटरी के परिजनों को सूचना दी। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं। आरोपी ने करीब दो वार चाकू से किए थे। एक बार सीधा सीने पर लगा था।थाना प्रभारी ने बताया- सेक्रेटरी के चचेरे भाई हंसराज चौधरी ने मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया- उसके ताऊ का लड़का किशन लाल चौधरी की दौराई मेला ग्राउंड के पास सरस डेयरी की दुकान है। उसी समय गांव (दौराई) का ही रहने वाला दिलीप चौधरी आया। उसके हाथ में धारदार चाकू और एक स्प्रे था। उसने भाई की आंखों में स्प्रे का छिड़काव किया और चाकू से सीने पर वार कर दिया।

# थप्पड़ कांड में सरकार और ग्रामीणों के बीच बनी सहमति

## नुकसान की भरपाई करेगी राज्य सरकार



जयपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव के दौरान हुए एसडीएम थप्पड़ कांड में सरकार और ग्रामीणों के बीच हुए हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद अब सहमति बन गई है। 13 नवंबर को हुई इस घटना की जांच अब संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी। साथ ही घटना के दौरान ग्रामीणों को हुए नुकसान की भरपाई भी राज्य सरकार करेगी। गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढम, कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी और समरावता व आसपास के ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता हुई। इसमें ग्रामीणों की मांगों पर सहमति बन गई। दोनों पक्षों के बीच हुई वार्ता में लिए गए प्रमुख निर्णयों में ये बिंदु शामिल हैं।

घटना की जांच : घटना की निष्पक्ष जांच के लिए संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन होगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नुकसान की भरपाई : घटना के दौरान ग्रामीणों को हुए नुकसान की भरपाई राज्य सरकार करेगी।

ग्राम पंचायतों का स्थानांतरण : समरावता और आसपास की पांच ग्राम पंचायतों को देवली उपखंड से हटाकर उनियारा उपखंड में शामिल किया जाएगा। ग्रामीण शुरू में संभागीय आयुक्त स्तर की जांच पर सहमत नहीं थे और न्यायिक जांच की मांग कर रहे थे। वार्ता के दौरान किरोड़ीलाल मीणा ने समझाइश दी, जिसके बाद ग्रामीण जांच कमेटी के प्रस्ताव पर सहमत हुए। अब यह मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचाया जाएगा।

गौरतलब है कि बीती 13 नवंबर को देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव में मतदान के दौरान यह विवाद उत्पन्न हुआ था। घटना के विरोध में समरावता और आसपास के ग्रामीणों ने आंदोलन शुरू किया था।

# कौन हैं आईएएस अक्षय गोदारा? जिनके लिए सौम्या ने बदलवाया था कैडर; दोनों ही सुर्खियों में

जयपुर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में उपचुनाव के दौरान हुए थप्पड़कांड को लेकर सियासत गरमाई हुई है। वहीं, टोंक कलक्टर सौम्या झा के साथ-साथ बूंदी जलिा कलक्टर भी काफी सुर्खियों में है। आइए जानते है कि बूंदी कलक्टर कौन है? जिनके लिए सौम्या झा ने अपना कैडर हिमाचल प्रदेश से राजस्थान करवाया था। दरअसल, टोंक कलक्टर सौम्या झा के पत अक्षय गोदारा भी आईएएस हैं, जो इन दिनों बूंदी के जलिा कलक्टर हैं। खास बात ये है कि ये दोनों आईएएस कपल राजस्थान में तैनात हैं। सौम्या झा जहां टोंक की कमान संभाल रही है। वहीं, नजदीकी जिले की कमान अक्षय गोदारा के हाथ में है। दोनों ही पहली बार जिला कलक्टर बने है। टोंक जिले में ही देवली उनियारा सीट पर उपचुनाव के दौरान वोटिंग के समय निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने मालपुरा एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मारा था। इसके बाद समरावता गांव में जमकर बवाल हुआ था। उक्त जिले की कमान सौम्या झा के हाथ में है, ऐसे में वो सुर्खियों में है। वहीं, उनके पति के बारे में खूब चर्चा हो रही है।

बता दें कि पिछले दिनों अक्षय गोदारा का 18 दिन में तीन बार ट्रांसफर हुआ था, जसिके कारण भी वो काफी चर्चा में रहे थे। अक्षय गोदारा को पिछले साल 15 मई को अजमेर विकास प्राधिकरण से जयपुर हेरिटेज निगम आयुक्त लगाया गया था। लेकिन, तीन



दिन बाद ही वाणज्यि कर वभिाग में अतरिक्ति आयुक्त लगा दिया था। इसके बाद 2 जून को ट्रांसफर करके कार्मिक विभाग में संयुक्त सचिव बनाया गया। ऐसे में मात्र 18 दिन में उनका तीन बार ट्रांसफर हुआ था। लेकिन, ऐसे में एक बार फिर वो सुर्खियों में है।

अक्षय गोदारा राजस्थान के ही रहने वाले हैं। पाली जलिे के भाखरीवाला गांव के रहने अक्षय ने मुंबई आईआईटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया। इसके बाद पहले ही प्रयास में यूपीएससी में सफलता हासिल की। वे 603वीं रैंक हासिल कर आईपीएस बने। लेकिन, दूसरे प्रयास में 2017 में 40वीं रैंक हासिल करके आईएएस बन और उन्हें राजस्थान कैडर मिला।

अक्षय गोदारा ने भरतपुर में असिस्टेंट कलेक्टर के रूप में प्रशासनकि सेवा की शुरुआत की। फिर 2019 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली में सहायक सचवि रहे। इसके बाद अजमेर, मावली और झाड़ोल में एसडीएम रहे।

# सीबीआई अधिकारी बनकर पति-पत्नी को किया डिजिटल अरेस्ट

श्रीगंगानगर, 20 नवंबर (एजेंसियां)। जांच अधिकारी साइबर सेल के डीएसपी कुलदीप वालिया ने बताया- जिन खातों से रकम निकाली गई है, उन्हें फ्रीज करने के लिए संबंधित बैंक को पत्र लिखा गया है। डीएसपी वालिया ने बताया कि पूरे मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों ने फ्रॉड की गई राशि को कई खातों में ट्रांसफर किया है। अब इन खातों का पता लगाया जा रहा है एक खाते से दूसरे खाते में होते हुए राशि को अलग-अलग खातों में भेजा जा रहा है। मामले में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। पीड़ित महिला ने बताया कि वह और उनके पति घर में अकेले रहते हैं। बच्चे विदेश में हैं। हाल ही में परिवार ने जमीन बेचकर खाते में रुपए जमा करवाए थे। महिला के पति के फोन पर 15 नवंबर को वीडियो कॉल आई। कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। कॉल करने वाले ने बताया कि उसके पति के खाते में गलत तरीके से रुपए जमा हुए हैं। दिल्ली में केस दर्ज हुआ है। इस मामले में 7 साल की जेल होगी।

पुलिस उन खातों को खंगाल रही है जिसमें इस ट्रांजेक्शन राशि को घुमाया गया है। इस राशि को अलग-अलग कई खातों में ट्रांसफर किया गया है, ताकि पुलिस की जानकारी में मामला आए भी तो कई दिनों तक पुलिस चक्कर-घिन्नी बनी रहे। पुलिस उन खातों की जांच भी कर रही है। आरोपी ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि दोनों पति-पत्नी घर के कमरे में ही रहें। किसी को भी इस बारे में नहीं बताना है। उसने झांसा दिया कि वे उनका नाम इस केस से निकलवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

कॉल करने वाले ने बताया कि उनके खाते में जो राशि पड़ी है, उसे सीबीआई के खाते में ट्रांसफर करवाए। आरोपी ने उन्हें एक खाते में रुपए ट्रांसफर करवाने को कहा। इस पर पीड़ित ने 1 करोड़ 5 लाख 59 हजार 960 रुपए उस खाते में जमा करवा दिए। इसके बाद भी जब आरोपी ने पीड़ित को धमकाना जारी रखा तो पीड़ित को उनके साथ हुई ठगी का पता लगा।

# बेहतर सड़क संपर्क की मांग को लेकर अभियान शुरू

## अधिकारियों तक पहुंच बनाना अभियान का उद्देश्य

### लंबे समय से लंबित समानांतर फ़्लाईओवर की मांग

हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद के पूर्वोत्तर कॉलोनियों के संघ, जिसमें कैंटोनमेंट, सैनिकपुरी, वायुपुरी, डॉ. एएस राव नगर, ईसीआईएल, नगरम, दम्मईगुडा, नेडरमेट, सफिलगुडा और मलकाजगिरी के निवासी शामिल हैं, ने बुधवार को अपने क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क की मांग को लेकर एक अभियान शुरू किया। इस अभियान का उद्देश्य राज्य सरकार और नगर निगम के अधिकारियों तक पहुंच बनाना है, ताकि सिकंदराबाद के उत्तर-पूर्वी हिस्सों की घनी आबादी वाली कॉलोनियों में सड़क संपर्क की कमी को उजागर किया जा सके।



अभियान के पहले दिन फेडरेशन के सदस्यों ने आर.के.पुरम फ़्लाईओवर की प्रमुख बाधा को उजागर करने का निर्णय लिया। निवासियों ने कहा कि यह आरके पुरम रोड को चौड़ा करने या आरके पुरम फ़्लाईओवर के अलावा एक और फ़्लाईओवर का प्रावधान करने के लिए अधिकारियों और राज्य सरकार तक पहुंचने और उन्हें जागरूक करने के हमारे अभियान का पहला दिन है। उन्होंने आगे कहा कि हम एक संकीर्ण आरके पुरम रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) से जूझ रहे हैं।

मौजूदा संकीर्ण आरके पुरम फ़्लाईओवर के साथ एक नए समानांतर फ़्लाईओवर की मांग लंबे समय से लंबित है। कैंटोनमेंट के निवासी विजय एस दबाड़े ने एक्स पर कहा कि यह पता नहीं है कि राज्य सरकार और जीएचएमसी इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं, जबकि नागरिक हर दिन फ़्लाईओवर पर यातायात जाम से प्रभावित होते हैं। सदस्यों ने बताया कि आरके पुरम आरओबी बहुत संकरा है जबकि वाहनों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा आरओबी से अधिक चौड़े आरओबी की जरूरत है।


एक अन्य निवासी मीना रविन्द्रन ने एक्स पर कहा कि आरके पुरम रोड पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। यह क्षतिग्रस्त टॉपिंग और उजागर धातु से भरा हुआ है। यह बहुत असुरक्षित लगता है लेकिन जनता के पास कोई विकल्प नहीं है। एक अन्य निवासी चंद्रास ने कहा कि पीक ऑवर्स के दौरान आरओबी की हालत बहुत खराब हो जाती है, गरीब नागरिकों के पास घंटों ट्रैफिक जाम में फंसे रहने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं होता। मुझे उम्मीद है कि इसे जल्द से जल्द चौड़ा किया जाएगा।

# रामागुंडम में नए बिजलीघर की योजना

## निर्धारित मानक का नहीं हो रहा पालन

हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार टीजीजीईएनसीओ और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) के बीच एक संयुक्त उद्यम में पेड्डापल्ली जिले के रामागुंडम में 800 मेगावाट का सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन स्थापित करने की अपनी योजना पर आगे बढ़ रही है। हालांकि, यह केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा निर्धारित मानक प्रक्रियाओं का पालन किए बिना है।

हाल ही में राज्य सरकार ने 62.5 मेगावाट के रामागुंडम बी थर्मल पावर प्लांट की जगह 800 मेगावाट का थर्मल प्लांट लगाने का फैसला लिया है, जिसे पिछले जून में कम उत्पादन और प्रदूषण के मुद्दों के कारण बंद कर दिया गया था। नियमों के अनुसार, राज्य ऊर्जा विभाग को पुराने प्लांट को बंद करने की सिफारिश करते हुए एक सरकारी आदेश जारी करना होता है और टीजीजीईएनसीओ



शासी निकाय को भी बंद करने के लिए अपनी सहमति देनी होती है।

एक बार जब दोनों प्राधिकरण पुराने प्लांट को बंद करने के लिए अपनी सहमति दे देते हैं, तो इसे केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय को मंजूरी के लिए भेजा जाना चाहिए। फिर इसे फिर से सीईए को भेजा जाना चाहिए। एक बार जब सीईए प्रस्ताव को मंजूरी दे देता है, तो वह प्लांट को स्थापित थर्मल पावर स्टेशनों की सूची से हटा देगा। उसके बाद, जेनको को राज्य सरकार को एक नया प्लांट बनाने के लिए प्रस्ताव भेजना होगा। इन सबके बिना, राज्य सरकार ने एक संयुक्त उद्यम में रामागुंडम में एक नया प्लांट बनाने के लिए सिंगरेनी और जेनको के वरिष्ठ बिजली इंजीनियरों के साथ एक उच्च स्तरीय समिति नियुक्त की है।

इसके अलावा, जेनको को एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त करनी थी जो यह निर्धारित करे कि पुराने रामागुंडम संयंत्र को ध्वस्त करके और मशीनों को बेचकर कितना राजस्व प्राप्त होगा। समिति की रिपोर्ट तैयार होने के बाद, उसी के अनुसार विध्वंस के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी चाहिए। चूंकि अभी तक कोई बंद करने का आदेश नहीं मिला है, इसलिए इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। राज्य सरकार अच्छी तरह जानती है कि पुराने संयंत्र को ध्वस्त किए बिना, उसके स्थान पर नया संयंत्र स्थापित करना मुश्किल होगा, फिर भी वह पुराने संयंत्र को बंद करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कदम नहीं उठा रही है।

शुरुआत में राज्य सरकार ने एससीसीएल द्वारा प्लांट स्थापित करने के विचार पर विचार किया था, लेकिन विभिन्न कारणों से उसने अपना निर्णय बदल दिया और अब उसने एससीसीएल और जेनको के संयुक्त उद्यम के रूप में इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया है। हालांकि, एससीसीएल के साथ संयुक्त उद्यम में प्लांट स्थापित करने के सरकार के प्रस्ताव का जेनको इंजीनियरों और कर्मचारी यूनियनों द्वारा विरोध किया जा रहा है।

# नारायणपेट में भोजन विषाक्तता से 100 छात्र बीमार



नारायणपेट, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के सरकारी स्कूलों में भोजन विषाक्तता का एक और मामला सामने आया है, मगनूर मंडल के जिला परिषद हाई स्कूल के 100 से अधिक छात्र बुधवार दोपहर स्कूल में भोजन खाने के बाद बीमार पड़ गए। रिपोर्ट के अनुसार, स्कूल में खाना खाने के बाद छात्रों ने पेट दर्द और उल्टी की शिकायत की। छात्रों को तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया। पता चला है कि ज़्यादातर छात्रों को उल्टी और दस्त की शिकायत है। छात्रों के परिवार के सदस्यों को अस्पताल में भर्ती होने के बाद ही सूचित किया गया, जिससे वे घबरा गए और चिंता में पड़ गए। राज्य में सरकारी आवासीय शिक्षण संस्थानों में खाद्य विषाक्तता की घटनाओं की श्रृंखला में यह नवीनतम है।

# 'सुतली बम' के खतरे को रोकने की कोशिश कर रहे हैं अधिकारी

**दिवाली के तीन सप्ताह बाद भी करना पड़ा रहा संघर्ष**

**विश्वविद्यालय प्रशासन ने गठित किया उड़न दस्ता**

**यदि उड़न दस्ते के सदस्यों को सुतली बम, ज्वलनशील पदार्थ या कोई अन्य प्रतिबंधित सामग्री मिलती है जो कैदियों के लिए खतरा पैदा करती है, और यदि किसी के पास ऐसी वस्तुएं पाई जाती हैं, या यदि ऐसी वस्तुएं कमरों में रखी जाती हैं, तो ऐसी सामग्री/वस्तुओं को तुरंत जब्त कर लिया जाएगा।**

हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। दिवाली समारोह को समाप्त हुए करीब तीन सप्ताह हो चुके हैं, लेकिन हैदराबाद स्थित अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (ईएफएलयू) परिसर में उत्सव का उत्साह अभी भी बरकरार है। हालांकि, यह जश्न उस तरह नहीं मनाया गया जैसा छात्रों और विश्वविद्यालय प्रशासन ने उम्मीद की थी।

भारतीय छात्रों के लिए बने छात्रावासों में देर रात 'सुतली बम' फटने से छात्रावास में रहने वाले छात्रों की रातों की नींद उड़ गई है। इन बमों से छात्रों को खतरा तो है ही, छात्रावास की संपत्ति को भी नुकसान पहुंच रहा है। जूट की रस्सी और कम मात्रा में विस्फोटकों से बने ये बम कान को बहरा कर देने वाली आवाज पैदा करते हैं।

यह मुद्दा इतना गंभीर हो गया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए छात्रावास अधिकारियों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों को शामिल करते हुए एक उड़नदस्ता गठित किया है। इस दस्ते को कमरों में 'सुतली बम', ज्वलनशील पदार्थ या किसी भी प्रतिबंधित सामग्री की तलाश करने का काम सौंपा गया है। निरीक्षण बिना किसी पूर्व सूचना के किया जाएगा।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक नोटिस में कहा गया है कि यदि उड़न दस्ते के सदस्यों को सुतली बम, ज्वलनशील पदार्थ या कोई अन्य प्रतिबंधित सामग्री मिलती है जो कैदियों के लिए खतरा पैदा करती है, और यदि किसी के पास ऐसी वस्तुएं पाई जाती हैं, या यदि ऐसी वस्तुएं कमरों में रखी जाती हैं, तो ऐसी सामग्री/वस्तुओं को तुरंत जब्त कर लिया जाएगा। जिस कमरे में अवांछित सामग्री पाई जाती है, उसके कैदियों के खिलाफ विश्वविद्यालय के प्रासंगिक क़ानून/अध्यादेश के अनुसार सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसे उड़न दस्ते के सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय के संज्ञान में लाया जाएगा।

# सिद्दीपेट कमिश्नर ने लॉन्च किया अभय मोबाइल ऐप




सिद्दीपेट, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। सिद्दीपेट पुलिस कमिश्नर डॉ. बी अनुराधा ने अभय मोबाइल ऐप लॉन्च किया, जिसमें ऑटो मालिकों और ड्राइवरों का विवरण अपलोड किया जाएगा। इसके बाद ऑटो को क्यूआर कोड दिया जाएगा। क्यूआर कोड को स्कैन करके नागरिक वाहन और ड्राइवर से जुड़ी हर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आयुक्त ने कहा कि विभाग ने ऑटो से यात्रा करने वाले नागरिकों की सुरक्षा के लिए मोबाइल एप्लीकेशन लांच किया है। क्यूआर कोड के साथ-साथ हर ऑटो के अंदर चिपकाए गए स्टिकर पर मालिक का नाम और फोन नंबर भी मिलेगा। अनुराधा ने बताया कि पुलिस ने पहले दिन 1,250 ऑटो को क्यूआर कोड जारी करने का काम पूरा कर लिया है और जल्द ही वे सभी ऑटो को कवर कर लेंगे।

# एनआईपीईआर-हैदराबाद का दीक्षांत समारोह आयोजित

## 179 मास्टर्स छात्रों और 9 पीएचडी विद्वानों को मिली डिग्री

हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईपीईआर), हैदराबाद ने बुधवार को संस्थान के सभागार में अपने 12वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। समारोह में 179 मास्टर्स छात्रों और 9 पीएचडी विद्वानों ने अपनी डिग्री प्राप्त की। एनआईपीईआर-हैदराबाद के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष और लॉरस लैब्स के सीईओ डॉ. सत्यनारायण चावा ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर एनआईपीईआर-हैदराबाद के निदेशक डॉ. शैलेंद्र सराफ, एनआईपीईआर, हैदराबाद के डीन प्रोफेसर नंदूरी श्रीनिवास, संस्थान की रजिस्ट्रार डॉ. बी. लक्ष्मी, संकाय, कर्मचारी, छात्र और उनके परिवार भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि के रूप में सचिव, फार्मास्यूटिकल्स विभाग, रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार डॉ. अरुणीश चावला ने वैश्विक स्वास्थ्य सेवा में भारतीय



दवा क्षेत्र के महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया और स्नातकों को इस गतिशील उद्योग में नवाचार और विकास के लिए उत्प्रेरक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. सत्यनारायण चाव ने फार्मास्यूटिकल्स और बायोटेक्नोलॉजी के भविष्य को आकार देने में एनआईपीईआर स्नातकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और छात्रों से अपने अल्मा मेटर के मूल मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। डॉ. शैलेंद्र सराफ ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें दिखाया गया कि 17 वर्षों की छोटी अवधि के भीतर, संस्थान ने खुद को फार्मास्युटिकल विज्ञान में उन्नत अध्ययन और सीखने के लिए उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में स्थापित किया है। संस्थान के प्रयास एनआईआरएफ की दूसरी रैंक और अनुसंधान, उद्योग परियोजनाओं और छात्रों की उत्कृष्टता जैसे सभी पहलुओं में व्यापक विकास से परिलक्षित होते हैं। एनआईपीईआर, हैदराबाद लगातार एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष दो स्थान रखता है। इस वर्ष, सुश्री धुर्गम रानी और सुश्री ठाकुर वनश्री विनोद (औषधीय रसायन विज्ञान), सुश्री भोने वैशाली आनंदराव (फार्मास्युटिकल विश्लेषण), श्री लिजो मणि (फार्माकोलॉजी और टॉक्सिकोलॉजी), सुश्री राशि शुक्ला (रेगुलेटरी टॉक्सिकोलॉजी), सुश्री शेख सामिया सुल्ताना शनावास (फार्मास्यूटिक्स), सुश्री पटनम जयाश्री देवी (रेगुलेटरी), सुश्री वुल्ली दिव्या श्री (फार्माकोइनफॉर्मेटिक्स), सुश्री वुंदावल्ली प्रणथी (प्राकृतिक उत्पाद), सुश्री राणा रजाक (फार्मास्युटिकल टेक्नोलॉजी (प्रक्रिया रसायन विज्ञान), सुश्री गुंटुकु गोपी सुंदर्या लहरी (मेडिकल डिवाइसेस), सुश्री नल्लामोथु विष्णु प्रिया (फार्मास्युटिकल प्रबंधन) को उत्कृष्ट प्रदर्शन व विभिन्न विषयों में मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

# युवक ने प्यार के लिए काटा गला

इलाज से किया इनकार

खम्मम, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के सथुपल्ली मंडल के बेथुपल्ली में बुधवार को एक युवक ने कथित तौर पर ब्लेड से अपना गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। 23 वर्षीय शेख इमरान ने अपनी मौसी के घर पर ही यह प्रयास किया। खून से लथपथ युवक को परिवार के सदस्यों ने उपचार के लिए सथुपल्ली सरकारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान इमरान यह कहकर अस्पताल से भाग गया कि उसे उपचार नहीं चाहिए। अस्पताल स्टाफ और परिजनों ने उसे संभाला और इलाज जारी रखा। परिजनों ने बताया कि वह पहले भी चार बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका है। बताया जा रहा है कि प्रेम विवाह के कारण पारिवारिक कलह के चलते उसने आत्महत्या का प्रयास किया।

# रविवार को हाईकैन'24 पेट शो का आयोजन

हैदराबाद, 20 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद कैनाइन क्लब द्वारा रविवार 24 को नरसिंगी में ओएम कन्वेंशन में कुत्तों, बिल्लियों और पालतू जानवरों के प्रेमियों के लिए एक पालतू शो पेडिग्री प्रो हाईकैन'24 का आयोजन किया जा रहा है। यह शो पालतू जानवरों के प्रति उत्साही, उद्योग के नेताओं और परिवारों को उत्साह, शिक्षा और उत्सव से भरे एक दिन के लिए एक साथ लाएगा।

# अस्पताल के निर्माण में देरी से एमजीएम अस्पताल पर दबाव




